# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–279 । सागर, गुरुवार, 30 नवम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



रिफाइनरी ने बंद किए रास्ते, हड़कल खाती गांव के लोगों ने किया प्रदर्शन पृष्ठ 2

• बराबरी का हक और बराबरी का दिखावा
• तेलंगाना चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में तेजी से आगे बढ़ी कांग्रेस पृष्ठ 4

• शिशु वार्ड में डेंगू प्रभावित बच्चों की संख्या में हुआ इजाफा पृष्ठ 6

दिव्यांग छात्रा के साथ छात्रावास चौकीदार ने किया दुष्कर्म पृष्ठ 7



## घृणा फैलाने वाले भाषणों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# नफरती भाषणों पर होनी चाहिए कार्रवाई

### फरवरी में कई याचिकाओं पर सुनवाई करने पर सहमति जताई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि किसी भी और सभी प्रकार के नफरत भरे भाषणों के खिलाफ कार्रवाई जरूर की जानी चाहिए। कोर्ट की यह टिप्पणी तब आई जब वह हेट स्पीच के मुद्दे पर लोगों और समूहों की ओर से दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट फरवरी में कई याचिकाओं पर सुनवाई करने पर सहमत हो गया है, जिनमें नफरत फैलाने वाले भाषणों पर अंकुश लगाने के लिए एक तंत्र स्थापित करने की मांग की गई है।

जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा, 'हम घृणा फैलाने वाले भाषणों की समस्या को देशभर में निगरानी नहीं कर सकते। भारत जैसे बड़े



देश में समस्याएं तो होंगी ही लेकिन सवाल यह पूछा जाना चाहिए कि क्या हमारे पास इससे निपटने के लिए कोई प्रशासनिक तंत्र है।' सुनवाई कर रही बेंच में जस्टिस एसवीएन भट्टी भी शामिल

### 'समाज को पता होना चाहिए कि अगर किसी कानून का उल्लंघन किया जाता है तो उसके बाद कार्रवाई होगी'

थे। मामले को अगले साल फरवरी में सुनवाई के लिए पोस्ट करते हुए बेंच ने कहा, 'समाज को पता होना चाहिए कि अगर किसी कानून का उल्लंघन किया जाता है तो उसके बाद कार्रवाई होगी। हम ये कार्यवाही देशभर के आधार पर नहीं कर सकते, नहीं तो हर दिन अर्जियां आती रहेंगी।'

2018 में तहसीन पूनावाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए थे और उन्हें घृणा अपराधों को रोकने और यहां तक कि अपराध दर्ज करने के लिए जिम्मेदार एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश भी दिया था।

### पुलिस प्रमुखों को स्वतः संज्ञान लेने को कहा था

इससे पहले अप्रैल में देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को संरक्षित करने के महत्व पर जोर देते हुए कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस प्रमुखों को किसी भी धर्म के लोगों की ओर से दिए गए नफरत भरे भाषणों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर मामले दर्ज करने का निर्देश दिया था, साथ ही निर्देश का पालन नहीं होने पर अवमानना की कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

## सार-समाचार

### छग में चुनाव के बाद पहली बार सोनिया से मिले बघेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में दो चरणों का मतदान संपन्न होने के कुछ दिनों बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। बघेल सुबह यहां 10 जनपथ स्थित सोनिया गांधी के आवास पर पहुंचे। पार्टी सूत्रों के अनुसार दोनों नेताओं के बीच बैठक 30 मिनट से अधिक समय तक चली, जिसके दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में मतदान पर चर्चा की, जहां कांग्रेस लगातार दूसरे कार्यकाल पर नजर गड़ाए हुए है। सूत्र ने कहा कि बघेल ने सोनिया गांधी को राज्य में दो चरणों में हुए मतदान से अवगत कराया। पहला चरण 7 नवम्बर को 20 विधानसभा सीटों के लिए और दूसरा चरण 17 नवम्बर को 70 विस सीटों पर हुआ था। कांग्रेस नेताओं ने चुनाव नतीजों पर चर्चा की।

### साहित्य अकादमी का पुस्तक मेला एक दिसंबर से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल एक दिसंबर को साहित्य अकादमी के वार्षिक पुस्तक मेला 'पुस्तकायन' का उद्घाटन करेंगे जिसमें 40 से अधिक प्रकाशक और 50 साहित्यकार-कलाकार भाग ले रहे हैं। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बुधवार के यहां बताया कि पुस्तकायन पुस्तक मेले का द्वितीय संस्करण अपने परिसर में एक दिसंबर से नौ दिसंबर तक होगा। मेले का उद्घाटन संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। वह साहित्य अकादमी पुस्तकालय में बच्चों के लिए नवनिर्मित 'चिल्ड्रन्स कॉर्नर' का भी उद्घाटन करेंगे।

### अभिनव कुमार बनाए गए उत्तराखण्ड के डीजीपी

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के नये डीजीपी का ऐलान हो गया है। 1996 बैच के आईपीएस अफसर अभिनव कुमार को उत्तराखंड का कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है। उत्तराखंड डीजीपी अशोक कुमार कल रिटायर हो रहे हैं। उनके रिटायर होने से पहले आईपीएस अफसर अभिनव कुमार को बड़ी जिम्मेदारी दे दी गई है। 30 नवंबर को डीजीपी अशोक कुमार रिटायर हो रहे हैं। उसके बाद उत्तराखंड के नये डीजीपी की जम्मेदारी आईपीएस अफसर अभिनव कुमार को दी गई है।

### वायु प्रदूषण में सुधार, ग्रेप-तीन की पाबंदियां हटीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पिछले दो-तीन दिनों से मौसम में बदलाव से प्रदूषण में गिरावट दर्ज होने के मद्देनज़र ग्रेप-तीन से संबंधित पाबंदियों को हटा दिया गया है। श्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में अगर हवा की गति कम होगी तो प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है इसलिए स्थिति ज्यादा न बिगड़े, दिल्ली में ग्रेप-1 तथा ग्रेप-2 के नियम अभी लागू रहेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रेप-3 के तहत बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल एलएमवी (4 पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध हटा लिया गया है। इसके अलावा निर्माण और विध्वंस पर लगे प्रतिबंध को भी हटा लिया गया है।

## 5 साल बढ़ाई गई गरीब कल्याण अन्न योजना

# हर महीने मुफ्त मिलता रहेगा 5 किलो खाद्यान्न



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 1 जनवरी 2024 से अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। बुधवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत गरीब परिवारों को हर महीने पांच किलो खाद्यान्न मुफ्त में दिया जाता है। इसके अलावा अंत्योदय परिवारों को हर महीने 35 किलो मुफ्त खाद्यान्न भी मिलता रहेगा।

केंद्र के इस फैसले से लगाभग 81 करोड़ लोगों को फायदा होगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहाकि इस योजना के चलते अगले 5 साल में 11.80 लाख करोड़ राशि खर्च होगी। उन्होंने कहाकि मोदी सरकार के पिछले पांच साल के कार्यकाल में तकरीबन 13.50 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर आए हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है। ठाकुर ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना लाई गई थी। अब इसे अगले पांच साल तक के लिए बढ़ाने का फैसला लिया गया है। यह योजना साल 2020 में महामारी के दौरान राहत देने के लिए शुरू की गई थी। इसके तहत हर लाभार्थी के लिए पांच किलो खाद्यान्न मुफ्त में देने का प्रावधान किया गया था। ठाकुर ने बताया कि इसके अलावा मंत्रिमंडल के एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले के तहत 15000 महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने की योजना को भी मंजूरी दी गई। इसके तहत दो साल के दौरान 1261 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इस योजना का लक्ष्य साल 202425 से लेकर 2025-26 तक ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

## मुख्य सचिव पद से आज सेवानिवृत्ति होंगे इकबाल सिंह बैंस

# वीरा राणा प्रदेश की नई प्रशासनिक मुखिया होंगी





**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष वीरा राणा राज्य की नई मुख्य सचिव होंगी। वे गुरुवार को सेवानिवृत्त हो रहे इकबाल सिंह बैंस का स्थान लेंगी। वीरा राणा प्रदेश की दूसरी महिला प्रशासनिक मुखिया होंगी। पहले श्रीमती निर्मला बुच राज्य की मुख्य सचिव रह चुकी हैं।

1988 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी वीरा राणा ने आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की थी। इसके बाद यह तय माना जा रहा था कि वे राज्य की नई प्रशासनिक मुखिया होंगी। देर शाम उनकी नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए गए। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार वीरा राणा को माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल तथा कृषि उत्पादन आयुक्त के वर्तमान कर्तव्यों के साथ मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राणा बैंस के बाद मध्य प्रदेश में पदस्थ सबसे वरिष्ठ अधिकारी हैं। वह मार्च 2024 में सेवानिवृत्त होंगी। इससे पहले प्रदेश के आईएएस अधिकारी अजय तिर्की, संजय बंदोपाध्याय और अनुराग जैन का नाम भी मुख्य सचिव की रेस में था, लेकिन यह अधिकारी केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर हैं। इसमें अजय तिर्की दिसंबर 2023, संजय बंदोपाध्याय अगस्त 2024 और अनुराग जैन अगस्त 2025 में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वहीं, सीएस के दावेदारों में मो.सुलेमान, आशीष उपाध्याय, विनोद कुमार, राजीव रजन, राजेश राजौरा, एसएन मिश्रा और मलय श्रीवास्तव का नाम भी चल रहा था। वर्तमान मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस को दो बार सरकार ने सेवावृद्धि दी। वह 30 नवंबर 2022 को सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन सरकार ने उनको 1 दिसंबर 2022 को 6 माह की सेवावृद्धि दे दी। इसके बाद 1 जून 2023 को दूसरी बार 30 नवंबर तक के लिए सेवावृद्धि दी गई थी।

### आज संभालेंगी कार्यभार

गुरुवार को शिवराज मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में इकबाल सिंह बैंस को औपचारिक विदाई दी जाएगी और इसके बाद वीरा राणा नए मुख्य सचिव के रूप में दायित्व संभाल लेंगी। बताया जाता है कि इससे पहले मंत्रिपरिषद में उनका परिचय कराया जाएगा।

## सुरंग से निकाले गए श्रमिकों से मोदी ने की बात

**देहरादून, देशबन्धु।** सिल्क्यारा सुरंग से 17 दिन बाद निकाले गए श्रमिकों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार सुबह फोन पर बात की। एक बचाए गए शख्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताया कि 41 मजदूरों ने सुबह की सैर और योग का अभ्यास करके अपना उत्साह बनाए रखा। एक अन्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और बचाव टीमों की सराहना की। उनमें से एक ने कहा कि उन्हें चिंता करने की कोई बात नहीं है, क्योंकि जब सरकार विदेशों में भारतीयों को बचा सकती है, तो हम देश के भीतर ही थे।

मंगलवार देर रात बचाए गए मजदूरों के साथ अपनी फोन पर बातचीत में पीएम मोदी ने कहा कि इतने दिनों तक खतरे में रहने के बाद सुरक्षित बाहर आने पर मैं आपको बधाई देता हूं। यह मेरे लिए खुशी की बात है। मैं इसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता। ईश्वर की कृपा है कि आप सभी सुरक्षित हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बातचीत के एक वीडियो के अनुसार, मोदी ने बचाए गए लोगों से कहा कि 17 दिन का कम समय नहीं है। आप सभी ने बहुत साहस दिखाया और एक-दूसरे को प्रोत्साहित किया। पीएम मोदी ने कहा कि वह ऑपरेशन के बारे में जानकारी लेते रहते थे और लगातार मुख्यमंत्री के संपर्क में थे। पीएम ने कहा कि मेरे पीएमओ के अधिकारी भी वहां बैठे थे।

### कांग्रेस ने कंपनी की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तरकाशी टनल हादसे में फंसे 41 श्रमिकों के सफर रेस्क्यू पर जहां एक ओर पूरा देश खुशियां मना रहा है तो वहीं उत्तराखंड में विपक्षी कांग्रेस रेस्क्यू ऑपरेशन पर सवाल उठा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि स्थानीय प्रशासन, केंद्रीय एजेंसियों और नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी के बीच समन्वय की कमी के कारण बचाव अभियान में लंबा समय लगा। करन माहरा ने कहा कि सरकार ने बहुत विलंब से सही रणनीति पर काम किया और सफलता मिली।

## हमास-इजरायल संघर्ष मामला

# संयुक्त राष्ट्र में भारत ने की नागरिकों की मौत की निंदा

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** फिलिस्तीन पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में भारत ने हमास आतंकवाद और इजरायल की जवाबी कार्रवाई में बड़े पैमाने पर हुई नागरिकों की मौत की निंदा की, लेकिन सीधे तौर पर दोनों का नाम नहीं लिया। फिलिस्तीन के लिए दो- देश समाधान और मानवीय सहायता के लिए समर्थन व्यक्त करते हुए, भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा, 7 अक्टूबर को इजरायल में हुए आतंकवादी हमला चौंकाने वाला था। इसकी हम स्पष्ट रूप से निंदा करते है। आतंकवाद और बंधक बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति रखता है। इजरायल की जवाबी कार्रवाई से पैदा हुए संकट पर कंबोज ने कहा, 'हम आज ऐसे समय में एकत्र हुए हैं जब मध्य पूर्व में चल रहे इजरायल-हमास संघर्ष के कारण सुरक्षा स्थिति बिगड़ रही है, बड़े पैमाने पर नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान जा रही है। यह एक चिंताजनक मानवीय संकट है।' यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है और हमने नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की है। हमास के हमले में इजरायल में 1,200 से ज्यादा लोग मारे गए और करीब 240 लोगों को बंधक बना लिया गया। हमास के नियंत्रण वाले गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मुख्य रूप से हवाई बमबारी से इजरायल की जवाबी कार्रवाई में 14,800 से ज्यादा लोगों की जान गई है।

## तेलंगाना में मतदान आज

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए मतदान गुरुवार को होगा, जिसमें 3.26 करोड़ से अधिक मतदाता 2,290 उम्मीदवारों की राजनीतिक किस्मत का फैसला करेंगे। चुनाव आयोग ने सभी 119 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के लिए विस्तृत व्यवस्था की है। 35,655 मतदान केंद्रों पर 1.85 लाख से अधिक मतदान कर्मी तैनात किये जायेंगे, जबकि 22,000 माइक्रो पर्यवेक्षक पूरी मतदान प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के तहत राज्य से कुल 45,000 कर्मी, अन्य विभागों से 3,000 कर्मी, तेलंगाना राज्य विशेष पुलिस की 50 कंपनियां और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 375 कंपनियां तैनात की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज ने कहा कि पड़ोसी राज्यों से 23,500 होमगार्ड भी ड्यूटी पर रहेंगे। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा।

## ट्रेन में विषाक्त भोजन से 80 यात्रियों की बिगड़ी सेहत

**पुणे, एजेंसी।** ट्रेन में विषाक्त भोजन खाने से 80 यात्रियों की तबियत अचानक बिगड़ गई। जिसके बाद डॉक्टरों के एक दल ने इन यात्रियों को सलामत स्टेशन पर पर उतारकर उनका परीक्षण किया और उपचार के बाद वापस यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना कर दिया।

दरअसल भारत गौरव विशेष ट्रेन चेन्नई से गुजरात के पालीताणा के लिए रवाना हुई, इस ट्रेन में खाने के बाद पुणे स्टेशन के करीब 80 यात्रियों ने पेट में संक्रमण और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत सामने आई। जिससे पुणे स्टेशन के रेल अधिकारियों को अवगत कराया गया। ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

## दमोह में चने की भाजी खाने से एक ही परिवार के 7 बीमार

इधर दमोह जिले के तेजगढ़ थाना के पासई गांव में एक ही परिवार के 7 लोग अचानक बीमार हो गए, उन्होंने चने की भाजी खाई थी। बीमार होने पर उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। यहां इलाजरत कोमल अहिरवार (60) के भतीजे के मुताबिक वह मंगलवार रात खेत से चने की भाजी तोड़कर लाया था, जिसे बतौर सब्जी इस्तेमाल करने के लगभग 1 घंटे के बाद परिजनों को सिरदर्द और उल्टियां होने लगी, जिसके बाद उन्हें 108 की मदद से जिला अस्पताल लाए और यहां भर्ती कराया गया। चने की भाजी खाने के बाद हुए बीमारों में कोमल अहिरवार के अलावा अंगूरी बाई (50), रानी (25), सरोज बाई (25), राजेंद्र (3), गीताबाई (3) और 3 वर्षीय प्रमोद शामिल हैं।

## अमेरीकी खुफिया रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की तैयारी!

# अपराधियों-आतंकियों पर गिरेगी गाज


**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संगठित अपराधियों, हथियारबंद हमलावरों और आतंकियों को लेकर अमेरिका से मिली खुफिया जानकारी के बाद भारत कार्रवाई करने की तैयारी में है। इसके लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसकी रिपोर्ट के बाद कार्रवाई शुरू हो जाएगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने अपने साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहाकि भारत-अमेरिका पिछले कई सालों से सुरक्षा के मुद्दे पर एक साथ हैं। भारत-अमेरिका सुरक्षा सहयोग पर हालिया चर्चा के दौरान अमेरिकी अधिकारियों ने संगठित अपराधियों ,हथियारबंद हमलावरों,आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से जुड़ी हुए कुछ खुफिया जानकारियों को साझा किया है। यह जानकारी गंभीर और भारत व अमेरिका के लिए चिंता की वजह है। इसीलिए दोनों देशों ने तुरंत इस पर कार्रवाई करने का फैसला लिया है। पिछले सप्ताह एक अमेरिकी अखबार की आई रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी-कनाडाई नागरिक गुरुपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश रची गई। वह सिख फॉर जस्टिस का जनरल कांउसिल है और भारत में उसे आतंकवादी नामित किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब सितम्बर माह में नईदिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था तो उसमें हिस्सा लेने अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडन भी पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने इस मुद्दे को उठाया था। पन्नू के हत्या की साजिश की खबर तब सामने आई है,जब खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्या को लेकर भारत-कनाडा में विवाद हो चुका है। कनाडा के प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया था कि उनके देश में घुसकर कनाडाई नागरिक निज्जर की हत्या की गई और इसमें भारतीय एजेंट का हाथ था।

### एक उच्च स्तरीय समिति का किया गया गठन

## राजस्थान की अंजू 6 महीने बाद पाकिस्तान से लौटी

### सुरक्षा एजेंसियों ने की पूछताछ



**अमृतसर, एजेंसी।** राजस्थान से पाकिस्तान गई अंजू बुधवार को अमृतसर के अटारी-वाघा बॉर्डर के जरिए भारत लौट आई। वह 6 महीने पहले पाकिस्तान गई थी और अपने फेसबुक दोस्त नसरुल्लाह से निकाह कर लिया था। अमृतसर पहुंचने पर सुरक्षा एजेंसियों ने उससे पूछताछ की। जिसमें उसके पाकिस्तान जाने के मकसद और 6 महीने वहां रहने के समय के बारे में पूछताछ की गई है। इसके बाद 34 साल की अंजू अमृतसर एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गई। यहां से वह फ्लाइट के जरिए दिल्ली रवाना हुई। अंजू ने सिर दर्द का बहाना बना अमृतसर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करने से मना कर दिया। अंजू का कहना है कि वह खुश है। इससे ज्यादा वह कुछ भी कमेंट नहीं करना चाहती। वहीं, पाकिस्तान में नसरुल्लाह का कहना है कि अंजू अपने बच्चों के कारण मानसिक तौर पर परेशान हो रही थी और उसके पास वापस लौटने के सिवा कोई चारा नहीं था। अंजू ने पाकिस्तान में अपने फेसबुक दोस्त खैबर पख्तूनवा के ऊपरी दीर के रहने वाले नसरुल्लाह से निकाह किया था। जिसके बाद पाकिस्तान ने उसका वीजा 1 साल के लिए बढ़ाया था। अंजू अब पाकिस्तान सरकार से एनओसी लेकर भारत आई है, ताकि पाकिस्तान वापस लौट सके। सूचना है कि, वे अपने साथ बच्चों को भी लेकर जाना चाहती है।

## राजस्थान-हरियाणा सहित 6 राज्यों में जारी किए दिशा निर्देश

# चीन में फैली फेफड़े की बीमारी पर देश में अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन में फेफड़े की रहस्यमयी बीमारी को लेकर केंद्र सरकार ने राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, उत्तराखंड, हरियाणा और तमिलनाडु को अलर्ट जारी किया है। इसके बाद राज्य सरकारों ने स्वास्थ्य विभाग को सांस से जुड़ी बीमारी के मरीजों के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है।

राज्य सरकारों ने लोगों के लिए भी एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। पीडियाट्रिक यूनिट्स में बच्चों के इलाज के लिए पूरी व्यवस्था करने को कहा गया है। चीन में रहस्यमयी बीमारी का असर सबसे ज्यादा बच्चों पर हो रहा है। तेज बुखार के साथ फेफड़े फुला देने वाली इस बीमारी की वजह से हर रोज करीब 7 हजार बच्चे अस्पताल पहुंच रहे हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि कोरोना की तरह ये बीमारी भी संक्रामक है।

केंद्र सरकार ने 24 नवंबर को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि भारत में चीन की रहस्यमयी बीमारी का एक भी मामला अभी सामने नहीं आया है। सरकार इस पर बारीकी से निगरानी कर रही है। प्रो-मेड नाम के एक सर्विलांस प्लेटफॉर्म ने 15 नवंबर को चीन में रहस्यमयी बीमारी को लेकर दुनियाभर में अलर्ट जारी किया था। प्रो-मेड ने कोरोना को लेकर भी दिसंबर 2019 में एक अलर्ट जारी किया था। ये प्लेटफॉर्म इंसानों और जानवरों में फैलने वाली बीमारियों की जानकारी रखता है। हालांकि, प्लेटफॉर्म ने ये नहीं बताया कि ये बीमारी सिर्फ बच्चों तक सीमित है या युवाओं और बुजुर्गों को भी अपनी चपेट में ले रही है। इस बीमारी ने कब फैलना शुरू किया, ये भी पता नहीं चल पाया है।

- बच्चों पर इसका असर सबसे ज्यादा
- केंद्र पहले ही कर चुका है सतर्क

### नई बीमारी की बात से चीन का इनकार

23 नवंबर को चीनी मीडिया ने स्कूलों में रहस्यमय बीमारी फैलने की जानकारी दी थी। चीन ने बताया कि पीड़ित बच्चों में फेफड़ों में जलन, तेज बुखार, खांसी और जुकाम जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। बीमारी को फैलने से रोकने के लिए स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। चीन के नेशनल हेल्थ कमीशन ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में कोरोना के कारण लगाई गई पाबंदियां हटा ली गई थीं। इसके कारण फिर से बीमारी फैल रही है। हालांकि, चीन सरकार ने इन दावों को खारिज किया।

# रिफाइनरी ने बंद किए रास्ते, हड़कल खाती गांव के लोगों ने किया प्रदर्शन



**बीना, देशबन्धु।** हड़कल खाती गांव के लोगों ने रिफाइनरी की ओर से बंद किये जा रहे रास्ते को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान रिफाइनरी के अधिकारी व ग्रामीणों के बीच जमकर कहा सुनी भी हुई। हड़कल खाती गांव के लोगों ने रिफाइनरी ने बंद किये जा रहे रास्ते को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच जमकर कहा सुनी हुई। यहां एक और रिफाइनरी प्रबंधन रास्ते को बंद करने के लिए पूरे स्टाफ के साथ पहुंचकर काम कर रहे थे, जब इसकी जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने पहुंचकर काम रुकवाया और साल 1997 में हुए इकरार के अनुसार रास्ता देने की बात को लेकर प्रदर्शन करते रहे। इसके बाद कोई भी हल नहीं निकला तो रिफाइनरी ने अपने स्टाफ को वापस बुला लिया वहीं ग्रामीण भी वापस चले गए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि आगे रिफाइनरी रास्ता बंद करती है तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीण अवधेश तिवारी ने बताया कि अभी कुछ निर्णय नहीं निकल सका है। 3 दिसंबर के बाद चर्चा करने की बात कही गई है। यदि रिफाइनरी धोखे से रात को रास्ता बंद कर गेट लगाती है तो गेट को तोड़ दिया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस का अमला भी मौजूद रहा। बीना के हड़कल खाती गांव में भारत ओमान रिफाइनरी लिमिटेड के नाम से शासकीय पट्टा है। जहां पर भारत ओमान रिफाइनरी के अधिकारियों ने रास्ता बंद कर गेट लगा दिया था। इसके अलावा अन्य जगहों पर तार फैसिंग भी कर दी थी। इसी रास्ते से कई किसान अपने खेत जाते हैं जिनका रास्ता बंद कर दिया गया था। जिसको लेकर किसानों ने 22 नवंबर को मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन किया था और रास्ते में लगा गेट भी तोड़ दिया था। ग्रामीणों ने प्रशासन से रास्ता खोलने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में जाने के लिए एकमात्र रास्ता है। इस रास्ते से वह कई वर्षों से आते जाते हैं। यदि रिफाइनरी रास्ता बंद करती है तो हम लोग प्रदर्शन करेंगे। रास्ता खोलने की मांग करने वालों में प्रमुख रूप से जयदेश रावत, वीरेंद्र पस्तोर, मोनू लोधी, राम तिवारी, बलराम अहिरवार, मनोज, मनोहर लोधी, अरविंद धानक, बबलू लोधी, जितेंद्र तिवारी, कृष्णा तिवारी, बालकिशन रजक, रम्मू सेन मौजूद रहे।

# रेलवे व्यापारी संघ में शैलेंद्र जैन और शैलेश केशरवानी को बनाया संरक्षक



**सागर, देशबन्धु।** बुधवार को रेलवे व्यापारी संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें व्यापारी संघ के अध्यक्ष अमित टिंकू केसरवानी एवं सभी सदस्यों ने एक मत होकर कहा कि हमने जब भी विधायक शैलेंद्र जैन एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेष केशरवानी से जो भी मांग की है वह पूरी हुई है। कभी हमें समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ा। हमेशा से पूरा सहयोग उनका मिला है, ऐसे में हम सभी शैलेंद्र जैन एवं शैलेश केशरवानी को अपने व्यापारी संघ का संरक्षक बनाते हैं तो वह हमारी मदद और अच्छे से कर पाएंगे। इस बात पर सभी संघ के सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी। इस अवसर पर शैलेंद्र जैन ने कहा कि रेलवे व्यापारी संघ की समस्या हमारी समस्या है। क्योंकि अगर आपको तकलीफ होगी तो स्टेशन पर आने वाले राहगीरों को सुविधा मुहैया कराने में भी परेशानियां आयेंगी जिससे सागर शहर की धूमिल होगी। आप सभी निश्चिंत रहें आपने मुझे अपना संरक्षक बनाकर सम्मान जो सम्मान दिया है उसका में सदैव ऋणी रहूंगा और आने वाली किसी भी समस्या के बीच में मैं आपके साथ खड़ा रहूंगा। शैलेश केसरवानी ने कहा कि रेल्वे व्यापारी संघ ने जो संरक्षक बनाकर सम्मान दिया है। मैं उनका धन्यवाद करता हूं और वचन देता हूं। व्यापारी संघ की जो भी समस्या होगी चाहे वह किसी भी स्तर की हो उसके लिए मैं और विधायक आपके साथ जीवन भर खड़े रहेंगे। इस अवसर पर पप्पू राठौर, पवन केशरवानी, सुदीप केशरवानी, वीर सेन, मोना केशरवानी, सतपाल केशरवानी, तिलक तिवारी आदि सहित बड़ी संख्या में रेलवे यूनियन के व्यापारी उपस्थित रहे।

## बीना जंक्शन पर चला सघन टिकट चेकिंग अभियान

### 188 लोगों से 96 हजार 980 रुपए जुर्माना वसूला



**बीना, देशबन्धु।** रेलवे जंक्शन पर बुधवार को किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। पर्यवेक्षक की निगरानी में 15 टिकट चेकिंग स्टाफ के सहयोग से अभियान चलाया गया। टीम ने 25 ट्रेनों के यात्रियों के टिकट की जांच की जिसमें कुल 188 मामलों में कार्रवाई करते हुए 96 हजार 980 रुपए जुर्माना वसूल किया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया के निर्देशन में बीना स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जांच के स्टेशन के बाहर न जा सकें। इस दौरान 25 ट्रेनों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले 106 यात्री पकड़े गए, जिनसे 60 हजार 310 रुपए जुर्माना वसुला गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 78 यात्री पाये गए, जिनसे 36 हजार 70 रुपए जुर्माना वसूल किया। बिना बुक करा, समान लेकर यात्रा करने वाले दो यात्रियों से चार सौ रुपए जुर्माना वसूला गया। रेलवे स्टेशन पर गंदगी करते पाये जाने वाले दो यात्रियों से दो सौ रुपए जुर्माना वसूल किया। इस तरह कुल 188 यात्रियों से कुल 96 हजार 980 रुपए बतौर जुर्माना और किराया वसूल किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि यात्री उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। प्रतीक्षा सूची ई.टिकट पर यात्रा करने की अनुमति नहीं है। इसी प्रकार प्लेटफॉर्म टिकट भी यात्रा के लिए अनुमत नहीं है। अत: प्रतीक्षा सूची ई.टिकट अथवा प्लेटफॉर्म टिकट लेकर यात्रा न करें। स्टेशन प्लेटफॉर्म पर प्रवेश के लिए यात्रा टिकट या प्लेटफॉर्म टिकट होना आवश्यक है। यात्रा से पूर्व अपने सामान को बुक कराएं, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** नाबालिग के साथ छेडछाड़ करने वाले आरोपी कपिल लोधी को विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट एवं नवम अपर सत्र न्यायाधीश ज्योति मिश्रा जिला सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये भादवि की धारा. 354 के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड तथा पॉक्सों एक्ट की धारा.7 सहपठित धारा.8 के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी मनोज पटैल ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता ने 24 फरवरी 2023 को इस आशय की रिपोर्ट थाना जैसीनगर में लेख कराई कि 24 फरवरी 2023 को शाम करीब 5 बजे पीड़िता हेंडपंप पर पानी भरने गई थी, पानी भरकर वापस आ रही थी तभी रास्ते में अभियुक्त कपिल लोधी मिला और उससे बोला कि उसे बात करनी है तो उसने कहा कि क्या बात करनी है जो बात करनी है उसके घर चलो मम्मी पापा के सामने कहना। वह अपने घर जाने लगी तो अभियुक्त कपिल लोधी पीछे से आया और बुरी नियत से उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। वह चिल्लाई तो उसके साथ झूमाझटकी करने लगा। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर उसकी मां, दादी, दीदी आ गईं फिर वह अपने पिताजी व दीदी के साथ थाना रिपोर्ट करने गई। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना जैसीनगर मे प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

## आयोग की वेबसाइट और वोटर हेल्पलाइन एप पर देखे जा सकेंगे विधानसभा निर्वाचन के परिणाम

**सागर, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा निर्वाचन के लिए 17 नवम्बर को हुए मतदान की 3 दिसंबर को मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया 3 दिसम्बर को प्रात: 8 बजे से प्रदेश के 52 जिला मुख्यालयों में स्थापित मतगणना केन्द्रों में मतों की गिनती प्रारंभ होगी। मतगणना के राउन्ड वाइज परिणाम प्रदर्शित किये जाएंगे। सर्वप्रथम प्रात: 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गणना प्रारंभ होगी। इसके आधे घंटे बाद 8.30 बजे ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। पोस्टल बैलेट की गणना समाप्त होने के तत्काल बाद प्रत्येक उम्मीदवार को मिले डाक मत पत्रों की घोषणा की जाएगी। मतगणना के परिणाम भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट और वोटर हेल्पलाइन एप पर देखे जा सकेंगे।

## वॉटरफॉल के तीन दिवसीय मेले का समापन



**राहतगढ़, देशबन्धु।** कार्तिक पूर्णिमा से प्रारंभ हुए वॉटरफॅाल के मेले का बुधवार को समापन हो गया। तीन दिनों तक चले मेले में दूरदराज एवं क्षेत्र के लोगों आकर जहां बीना नदी की धार के बीच विराजे भीमसेन बब्बा के दर्शन करके प्रसाद चढ़ाकर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। वाटरफॉल के पास ही भगवान गणेश जी का प्राचीन मंदिर है। जहां लोगो ने दर्शन किए। उसके बाद परिवार सहित लोगो ने प्राकृतिक वाटरफॉल मेले का आनंद पिकनिक मनाकर उठाया। उसके बाद मेला घूमा और खरीदारी की। वन विभाग की जमीन पर मेले की तैयारी नगर परिषद ने की थी। वन विभाग, पुलिस और नगर प्रशासन की व्यवस्थाएं चाक चौबंद रही।

## नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 10 साल की सजा

**बीना, देशबन्धु।** 16 साल की नाबालिग को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को बीना कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के मामले में दस साल की सजा के साथ 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक श्यामसुंदर गुप्ता ने बताया कि 31 दिसंबर 2021 को एक 16 वर्षीय नाबालिग के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी को अज्ञात लोग बहला फुसलाकर ले गए हैं। मामले की जांच कर रही तत्कालीन जांच अधिकारी प्रतिमा मिश्रा ने पीड़िता को तलाश कर बयान दर्ज कराए थे, जिसमें बताया था कि आकाश पिता रघुवीर अहिरवार 24 निवासी गढ़ौली खुर्द थाना मोतीनगर उसे शादी का झांसा देकर ले गया था। इसके बाद पुलिस ने डीएनए टेस्ट कराया, जिसकी रिपोर्ट न्यायालय में पेश की गई। विशेष लोक अभियोजन अधिकारी ने साक्ष्य व तर्क न्यायालय में पेश किए और पीड़िता व उसके माता-पिता ने न्यायालय में आरोपी के विरोध में कुछ नहीं कहा। इसके बाद भी विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट निर्मल मंडोरिया की न्यायालय ने डीएएन रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को दस साल का सश्रम कारावास एवं पांच हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। साथ ही पीड़िता को एक लाख रुपए प्रतिकर राशि देने के आदेश भी दिए हैं।

# बालिका से छेडछाड़ एवं मारपीट करने वाले आरोपी को 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड

**सागर, देशबन्धु।** बालिका के साथ छेडछाड़ एवं मारपीट करने वाले अभियुक्त राजुल सिंह भदौरिया को भादवि की धारा 354 के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड 354 क के तहत 1 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड, धारा 452 के तहत तीन माह का सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड धारा 323 के तहत तीन माह का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा.3 (1)(डब्ल्यू)(आई) व धारा 3(2)(व्ही-ए) के तहत 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच-पांच सौ रूपये अर्थदण्ड की सजा से तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट 2012 नीलम शुक्ला जिला सागर की अदालत ने दंडित किया है। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहा. जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता ने 13 अगस्त 2021 को थाना छानबीला में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि 11 अगस्त 2021 को शाम करीब 6 बजे उसकी भाभी को बुखार चढ़ा था तो उसकी मां के कहने पर वह उसके भाई को बुलाने उसके चाचा के घर गयी थी लेकिन वहां उसके भाई के न मिलने पर वह घर वापस आ रही थी तो रास्ते में अभियुक्त राजुल मिला तथा उसने बालिका का बांया हाथ बुरी नियत से पकड़ लिया और छेड़छाड करने लगा तो बालिका ने उसका हाथ झटककर छुड़ाया तो अभियुक्त ने बालिका के गाल में थप्पड मार दिये फिर वह छूटकर वहां से भागी तो अभियुक्त भी पीछे से आ गया तब वह पड़ोस के घर में घुस गई तो अभियुक्त ने वहां भी बालिका को डंडा मारा जो उसकी बायें हाथ की कलाई में लगा जिससे सूजन आ गयी। पीड़िता की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोगों ने आकर उसे बचाया फिर अभियुक्त उल्टी सीधी गाली देते हुये भाग गया। उसके बाद बालिका ने उसकी मां व उसके चाचा के साथ थाना जाकर रिपोर्ट की। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना छानबीला मे प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

# 52 वां आचार्य पदारोहण दिवस मनाया



**सागर, देशबन्धु।** संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर का 52 वां आचार्य पदारोहण दिवस पंचबाल्यती जैन मंदिर में चल रहे पंचकल्याणक कार्यक्रम के जन्म कल्याणक महोत्सव के दौरान मनाया गया। इस अवसर पर विद्या गुरु विधान का आयोजन किया गया। मुनि सेवा समिति के सदस्य मुकेश जैन ढाना ने बताया कि गुरु नाम गुरु समाधिस्थ आचार्य ज्ञानसागर ने मुनि श्री विद्यासागर को मुनि दीक्षा के 4 साल बाद अपना आचार्य पद सौंपा था और गुरुकुल परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए आशीर्वाद दिया था आज आचार्य श्री के संघ में 120 मुनि महाराज, 20 ऐलक, 35 छुल्लक, 170 आर्यिका दीक्षित है जबकि ब्रह्मचारी भैया और ब्रह्मचारिणी दीदी भी धर्म ध्यान कर मोक्ष मार्ग की ओर आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर मुनि श्री अजित सागर ने कहा आचार्य विद्यासागर जिन धर्म की पताका लेकर के चल रहे हैं और उनके कारण ही इतना बड़ा गुरुकुल चल रहा है उन्होंने मानव पर्याय को धन्य किया है और गुरुदेव के निमित्त के चलते ही हम लोगों का निमित्त भी बन गया और जीवन धन हो गया आज खुशी का दिन है मनुष्य जन्म को सार्थक बनाना गुरुदेव के कारण संभव हुआ है और श्रावको से कहा की गुरु जी कि भक्ति कर अपने को धन्य बना लो हम लोग सौभाग्यशाली हैं कि हमारा जन्म गुरुदेव के काल में हुआ है और सागर वालों पर तो आचार्य भगवान की विशेष कृपा और दया है। मुनिश्री निर्लोभसागर ने कहा कि जब डॉक्टर ऑपरेशन करता है तो सारे औजार साफ रहते हैं ताकि कोई इंफेक्शन ना हो जाए लेकिन आज आप लोग क्या खा रहे हैं कैसे बना है और कहां बना है सडे गले अन्न से बना है लेकिन फास्ट फूड के आप इतने आदी हो गए हो और लगातार बीमारियों की ओर बढ़ रहे हो बीमार होने पर डॉक्टर के पास जाते हैं लाखों खर्च करते हैं फिर स्वस्थ हो पाते हैं और फिर खाना शुरू कर देते हैं। इस प्रकार के फास्ट फूड खाने से अहंकार होता है और मद भी चढ़ता है, संगति अच्छी हो उसके साथ चलो, कुसंगति वाले के साथ नहीं आपकी संगति श्रेष्ठतम लोगों के साथ होनी चाहिए और यदि श्रेष्ठ लोगों के साथ चलेंगे तो आपका मन बदलने में देर नहीं लगेगी मानव जीवन मिला है जितना बन सके अच्छा बना लो पता नहीं दोबारा मानव जीवन कब मिलेगा। पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव ब्रह्मचारी संजय भैया के निर्देशन और ब्रह्मचारी संजीव भैया, अरुण भैया, रविंद्र भैया, अंकित भैया के द्वारा संपन्न हो रहा है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु नगरी समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**बीना, देशबन्धु।** बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना में कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के भैया बहिनों एवं माताओं का राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार खेल-खेल में शिक्षा देना एवं माता एवं बहिनों के अंदर छुपी प्रतिभा के प्रदर्शन के अंतर्गत शिशु नगरी समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि कविता द्विवेदी सब इंस्पेक्टर एवं सालवी हजारी आरक्षक द्वारा मां सरस्वती के पूजन अर्चन से आरंभ किया गया। इस कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने भैया बहनों द्वारा विभिन्न वेश धारण कर अपने अपने रंगमंचीय कार्यक्रम जैसे गीता पाठ, रामचरितमानस प्रसंग, पर्यावरण संरक्षण हेतु नाटिका के प्रदर्शन ने सभी का मनमोह लिया। इसी प्रकार मातायें बहिनों की रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता, ईट पर संतुलन से चलना, भजन एवं भैया बहिनों की शब्द दौड़, जलेबी दौड़, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम के सभी प्रतिभागी भैया बहिनों एवं माताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये। कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं उद्देश्य शिशु विभाग प्रमुख सीमा ताम्रकार द्वारा प्रस्तुत किया। अंत में कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का आभार विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार मुड़ोतिया ने व्यक्त किया।

## बीकेपी कॉलेज में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**देवरीकलां, देशबन्धु।** तहसील विधिक सेवा समिति देवरी, न्यायालय परिसर देवरी के तत्वाधान में चल रहे विधिक साक्षरता शिविर के तहत महाविद्यालय का चयन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश अनुज कुमार न्यायाधीश मनोरम तिवारी एवं न्यायाधीश प्राची कौरव रहे। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, मोटर व्हीकल एक्ट एवं नि:शुल्क विधिक सहायता और सलाह के विषय पर मुख्य अतिथियों द्वारा विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेचना मिश्रा द्वारा की गई, कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र भटेले एवं आभार प्रदीप विश्वकर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. विजय द्विवेदी, संतोष तिवारी, आशुतोष उपाध्याय, माधव नेमा, योगेश पाठक सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाए: श्री आर्य

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने मतगणना स्थल शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में तीन दिसम्बर को मतगणना संबंधी समस्त कार्यो के संपादन तक निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना कक्षो में ट्यूबलाइट लगाई गई है। इसी प्रकार परिसर मे भी लाइट लगाई गई है। बिजली आपूर्ति में कहीं कोई दिक्कत न हो इसके लिए वैकल्पिक रूप से हेवी जनरेटर भी स्थापित कराये गए है।

## 16 पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार शहर के मुख्य मार्गो पर विचरण कर रहे 16 पशुओं को पकड़कर सीहोरा गौशाला भेजा गया। बुधवार को की गई कार्यवाही के दौरान संजय ड्राईव रोड़ से 3 भैंसे एवं 6 गाय मेडीकल कालेज, तिली तिगड्डा, आईजी बंगला एवं सिविल लाईन क्षेत्र से 4 गाय एवं 3 सॉड इस प्रकार कुल 16 पशुओं को पकड़कर सीहोरा गौशाला भेजा गया। निगमायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि डेयरी विस्थापन की कार्यवाही के तहत प्रतिदिन अधिक से अधिक पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट कराये। अभी तक जिन-जिन वार्डो की डेयरियां शहर से बाहर शिफ्ट की जा चुकी है, और जितनी डेयरियां शिफ्ट होने के लिये शेष रह गयी है उनकी वार्ड वार जानकारी प्रस्तुत करें।

# किशोर न्याय बोर्ड में लगाया स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर



**सागर, देशबन्धु।** किशोर न्याय बोर्ड में विधि विरूद्ध बालकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिये नेत्र व शिविर का आयोजन प्रधान मजिस्ट्रेट रोहिणी तिवारी के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास विभाग के तत्वावधान में किया गया। शिविर में बीएमसी के चिकित्सकों व जिला अस्पताल के द्वारा बालकों का नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण किया गया इस दौरान बालकों को कैरियर काउंसलिंग दी गई साथ ही मनोचिकित्सक के द्वारा भी बालकों का परीक्षण किया गया। शिविर में आने वाले बालकों व उनके परिजनों को अपराधों से दूर रहने के साथ शिक्षा से जुडने के लिये समझाईश दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान मजिस्ट्रेट रोहिणी तिवारी ने मां सरस्वती की पूजन व दीप प्रज्जवलन करके किया। इस दौरान बोर्ड सदस्य मंजूमाला सिंह, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शुक्ला, संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक विजय जैन, आईटीआई से प्रदीप उपाध्याय, मनोचिकित्सक डॉ राहुल देव, संगीता भदौरिया खेल प्रशिक्षक, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी आशीष उपाध्याय, आईसीपीएस से अनुराग मौर्य, पुष्पेन्द्र मिश्रा और बोर्ड का स्टॉफ सहित बालक व उनके परिजन मौजूद रहे। प्रधान मजिस्ट्रेट रोहिणी तिवारी ने बच्चों को अपराधों से दूर रहने के लिये प्रेरित किया। कहा कि बालकों से अपराध हो जाते हैं बालक अपनी बुद्धि और विवेक से निर्णय नहीं ले पाते और वह संगति या जोश में अपराध कर बैठते हैं। किशोर न्याय बोर्ड में आने वाले बालकों को अपराधी न समझकर उनके साथ इस तरह का व्यवहार करने की आवश्यकता है जिससे बालक अपराध से दूर होकर समाज की मुख्यधारा से जुड़े तथा उसका भविष्य अंधकारमय होने से बच जाये। शिविर के दौरान कैरियर काउंसलिंग सदस्य मंजूमाला सिंह व आईटीआई के प्रदीप उपाध्याय द्वारा दी गई।

कैरियर काउंसलिंग के दौरान बालकों को शिक्षा से जुड़ने के अलावा आईटीआई में प्रशिक्षण लेने और विभिन्न कौशल विकास योजनाओं से जुड़ने व रोजगार मूलक विभिन्न कोर्सेस के माध्यम से समाज की मुख्य धारा से जुड़ने के लिये प्रेरित किया। इसके बाद डॉ. राहुल देव ने बच्चों को मनोवैज्ञानिक तरीके से अपराध और अपराधियों से दूर रहने के लिये प्रेरित किया। शिविर में आने वाले बच्चों का नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण बीएमसी व जिला अस्पताल से आये चिकित्सक डॉ. नितिन कुशवाहा, डॉ. अंजली मोदी ने किया। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद बालकों को उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिये कहा गया। आभार प्रदर्शन विधि सह परिवीक्षा अधिकारी ने किया।

## सार समाचार

### जिला जेल में बदियों को दिया सीपीआर का प्रशिक्षण

**छतरपुर, देशबन्धु।** इंडियन मेडीकल ऐसोसियेशन के पदाधिकारियों ने बुधवार को जिला जेल में जाकर बंदियों को जरूरत पडने पर किसी की जान बचाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सीपीआर के बारे में प्रशिक्षण दिया गया है। आईएमए के डा ऋष्री द्विवेदी ने बंदियों को बताया कि अचानक हार्टअटैक वाले पीडित को यदि समय से सही तरीके से कार्डियक पल्मोनरी रिस्टिक्षन यानि सीपीआर दिया जाये तो कु छह ही देर में उसकी जान बचाई जा सकती है। इसके सही तरीके के बारे में प्रायोगिक तरीके से बताया गया। बेसिक लाइफ सपोर्ट के तरीकों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर डा रवि सोनी, आईएमए के अन्य सदस्यों सहित जिला जेल के जेलर और स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

### आज से सुबह की पाली में 9 बजे से खुलेंगे स्कूल

**छतरपुर, देशबन्धु।** इन दिनों मौसम में अचानक आये परिवर्तन से सर्दी बढ गई है। सुबह की पाली में ठिठुरते हुये स्कूल जाने वाले बच्चों की परेशानी को देखते हुये स्कूलों का समय बदला गया है। कलेक्टर संदीप जीआर ने सुबह की पाली की सभी कक्षाओं को 9 बजे से लगाने का आदेश जारी किया है। ये आदेश जिले के सभी सरकारी, निजी, अनुदान प्राप्त, आईसीएसई, सीबीएसई, नवोदय, सेंट्रल स्कूल जिनमे नर्सरी से लेकर प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं की सुबह की पाली में स्कूल जाने वाले बच्चों पर लागू होगा। कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से सुबह की पाली 9 बजे से करने के सख्त निर्देश दिये है।

#### नहीं हट सके झांसी खजुराहो फोरलेन के 133 चिन्हित अतिक्रमण

# अतिक्रमण करने वालों को नोटिस देकर 2 करोड़ का जुर्माना लगाने तक कार्रवाई सीमित

**छतरपुर, देशबन्धु।** झांसी खजुराहो फोरलेन के किनारे 133 अतिक्रमण चिन्हित करके राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण नोटिस देने और जुर्माना लगाने के अलावा उन्हें नहीं हटा सका है। कार्यवाही न होने से फोरलेन पर बडी तेजी से नये अतिक्रमण भी आकार लेते जा रहे हैं।

पूरे जिले में छतरपुर, नौगांव और राजनगर क्षेत्र मे जहां जहां से झांसी खजुराहो फोरलेन हाइवे गुजरा है। वहां आवासीय और व्यवसायिक फायदे को देखते हुये लोगों ने बडी तेजी से कई निर्माण अवैध रूप से कर लिये हैं। जब ये मामला सामने आया तो जांच के बाद 133 अतिक्रमण चिंहित किये गये। चिन्हित अतिक्रमण करने वालों को पहले एनएचएआई ने नोटिस दिये। इसके बाद प्रति वर्ग मीटर 500 रुपए की दर से जुर्माना लगाया गया। यहां बता दें कि झांसी खजुराहो फोरलेन के किनारे सबसे ज्यादा अतिक्रमण छतरपुर तहसील क्षेत्र में हुए हैं। यहां 52 जगह अतिक्रमण चिंहित करके एनएचएआई ने 80 लाख 14 हजार 150 रुपए का जुर्माना लगाया। छतरपुर क्षेत्र में सबसे ज्यादा जुर्माना स्टार ऑटोमोबाइल पर 20 लाख रुपए लगाया गया है। सतीश दलाल पर 12 लाख रुपए, कुलदीप सिंह पर 9 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ऐसे प्रावधान हैं कि जुर्माना भरने के बावजूद यदि कब्जाधारी खुद अतिक्रमण नहीं हटाते हैं, तो एनएचएआई जिला प्रशासन की मदद से अतिक्रमण हटाकर उसका खर्च भी संबंधित अतिक्रमणकारी से ही वसूलेगा। मगर केवल कागजी कार्यवाही से आगे कुछ नहीं हो सका है।

एनएचएआइ के अधिकारियों की मानें तो कई बार जिला प्रशासन व पुलिस को अतिक्रमण हटाने के लिए कार्रवाई में सहयोग करने के बारे में पत्र लिखे, पर प्रशासन ने ध्यान ही नहीं दिया। इससे फोरलेन पर अतिक्रमण बढ़ते जा रहे हैं। लगातार अतिक्रमण से परेशान होकर एनएचएआइ ने झांसी खजुराहो फोरलेन पर बोर्ड लगाकर अपनी ओर से कार्यवाही पूरी कर ली है। अब अतिक्रमण हटाने का दारोमदार पुलिस व प्रषासन का है।

### आखिर क्या हैं एनएचएआई के प्रावधान

राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात अधिनियम के तहत हाइवे की सडक़ के मध्य बिंदु से दौनों ओर 40 मीटर की तक किसी भी तरह के निर्माण कार्य अवैध माने जाते हैं। जबकि 40 मीटर से 75 मीटर तक की दूरी के बाद किसी भी तरह के निर्माण के लिए एनएचएआई से अनुमति लेना होती है। कोई भी भूस्वामी 75 मीटर के बाद ही निर्माण कार्य कर सकता है। इस नियम के मुताबिक लगभग 75 मीटर दूरी तक एनएचएआई का नियंत्रण माना जाता है। मगर फोरलेन हाइवे पर न तो लोग इन प्रावधानों को मान रहे हैं, न एनएचएआई प्रावधानों का उल्लंघन करके किए गए अवैध निर्माणों के खिलाफ कोई कार्रवाई कर सका है।

### 3 विभागों के झमेले में अटकी कार्यवाही

झांसी.खजुराहो फोरलेन नेशनल हाइवे के प्रावधानों का उल्लंघन करके किए गए अवैध निर्माणों को हटाने या रोकने का यह मामला एनएचएआई, जिला प्रशासन और पुलिस के बीच अटका है। एनएचएआई इस मामले में अपनी ओर से अतिक्रमण चिन्हित कर नोटिस देने और जुर्माना लगाने की कार्यवाही कर चुका है। इसके बाद जिला प्रषासन को जो पत्र लिखा है। एनएचएआई ने उसमें उल्लेख किया है कि छतरपुर जिले में छातीपहाड़ी से बमीठा तक लगभग 85 किमी लंबे फोरलेन को दुर्घटनामुक्त और परिवहन के लिए सुगम बनाने के लिए जरूरी है कि इसके किनारे अवैध निर्माण न हों। कई स्थानों पर फोरलेन किनारे लोगों ने व्यवसायिक लाभ लेने के लिए बगैर अनुमति निर्माण कर लिये हैं। कई संरचनायें और हैं जो तेजी से आकार ले रही हैं। जिसे रोका जाना और निर्मित हो चुके निर्माणों को हटाना जरूरी है। पत्र में ये भी कहा गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के कानून का पालन कराने और राजमार्ग पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन से एक.चार की गार्ड की मांग भी की है। जिसका खर्च ठेकेदार कंपनी के द्वारा उठाने को तैयार हैं। मगर प्रशासन मौन रहा और पुलिस ने भी ध्यान नहीं दिया। जिससे सारी कार्यवाही अधूरी है।

### इनका कहना है

फोरलेन की पटरियों पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों पर जुर्माना लगाया है। मगर अतिक्रमण करने वाले जुर्माना की राशि जमा नहीं कर रहे हैं। हाइवे से अतिक्रमण हटाने के लिए कई पत्र प्रषासन को भेजे हैं। मगर प्रशासन और पुलिस से सहयोग न मिलने से चिन्हित अतिक्रमण नहीं हटाये जा सके और लोग तेजी से नये अतिक्रमण करने में लगे हैं।

**पीएल चौधरी, जीएम, एनएचएआई**

# सरस्वती शिशु मंदिर में उल्लास से मनाया गया शिशु नगरी उत्सव

#### सशक्त मां के बच्चे संस्कारी और प्रतिभाशाली होते हैं : राजीव राय



सरस्वती शिशु मंदिर में उल्लास से मनाया गया शिशु नगरी उत्सव

**छतरपुर, देशबन्धु।** बड़ामलहरा कस्बे में विद्या भारती के तत्वाधान में स्थानीय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिशु नगरी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत करके अतिथियों का मन मोह लिया।

यह कार्यक्रम खासतौर से बच्चों की माताओं के लिए ही आयोजित किया गया था। इसके माध्यम से ये संदेश देने का प्रयास किया गया कि मातायें किस प्रकार से अपने बच्चों को संस्कार दें, उनका सांस्कृतिक विकास करके अच्छी तरह से उनका पालन पोषण करके उन्हें आदर्श बालक बनाएं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक बड़ामलहरा शाखा के प्रबंधक राजीव राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि माताएं जो सशक्त एवं प्रतिभाशाली होती हैं, उनके बच्चे भी संस्कारी, प्रतिभाशाली होते हैं और सशक्त बनते हैं। मां जैसे संस्कार देती हैं बच्चे वैसे ही बन जाते हैं। यदि बच्चे संस्कारवान हों तो वे अपने जीवन को अच्छा बना पाते हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये नगर परिषद बड़ामलहरा की अध्यक्ष निशा सिंह बुंदेला ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में संस्कार युक्त शिक्षा देकर आदर्श विद्यार्थी का निर्माण किया जाता है। मेरे लिये ये गर्व की बात है कि मैं भी सरस्वती शिशु मंदिर की पूर्व छात्र रही हूं।

विशिष्ट अतिथि सरस्वती शिक्षा परिषद छतरपुर विभाग के विभाग समन्वयक हरीराम तिवारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्या भारती शिशुओं से पूर्व उनकी माताओ को प्रशिक्षित करता है। कार्यक्रम में बुंदेलखण्ड बाल शिक्षा समिति के अध्यक्ष महेश डेवड़िया, कोषाध्यक्ष मनीराम शुक्ला, स्वर्णालता सोनी, संदीप फौजदार, प्रमोद कुमार जैन, नंदकिशोर शुक्ला, एसबीआई फील्ड आफीसर योगेंद्र मिश्रा, आचार्य मनोज कुमार तिवारी, राजेंद्र गर्ग, रविन्द्र तिवारी, सत्यपाल यादव सहित अभिभावक माताएं बहिनें, आचार्य परिवार और बडी संख्या में भैया बहिन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागी भैया शिशुओं व प्रतिभागी शिशु माताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन संस्था के प्राचार्य कन्हैया लाल कौशिक ने किया।

# खाली पड़े प्लाटों में फैली गंदगी से बढ़ी लोगों की परेशानी

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में अनदेखी के चलते खाली पड़े भूखंडों को लोगों ने कचरा फेंकने के लिए मुफीद स्थान बना लिया है। इनमें पानी भरने से मच्छर पनप रहे हैं और गंदगी बढ़ने से लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है।

नगर के सभी वार्डों में खाली पड़े प्लाट्स में आसपास के लोगों द्वारा कचरा, बेकार सामग्री फेंके जाने से इन प्लाटों में जहां गंदगी बढ़ रही है, वहीं लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। प्लाट में बड़ी-बड़ी झाड़ी, गाजर घास उग आई हैं। गाजर घास से निकलने वाले परागकण उड़कर लोगों के शरीर में खुजली का कारण बन रहे हैं। वार्ड 33 में गंगोत्री पुरम कालोनी में खाली पड़े प्लाट में एकत्र गंदगी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। इसे देखकर सरकार का स्वच्छ भारत का सपना हवा हवाई सा नजर आता है। नगर पालिका की अनदेखी के कारण समस्या बढ़ गई है। यह समस्या कई महीनों से बनी है। अगर कोई कर्मचारी यहा आता है तो वह भी सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति करके चला जाता है। खाली पड़े प्लॉट में गंदगी इकठ्ठा होने से यहा? कई बार सांप व अन्य जहरीले जीव निकल कर घरों में घुस भी चुके हैं। कालोनी के निवासियों ने बताया कि यहां सफाई व्यवस्था चौपट है। खुले स्थान, खाली पड़े रिक्त प्लाट में पड़े कचरे को उठाने का कोई बंदोबस्त नहीं कि या गया है। इसके चलते सभी स्थानों पर गंदगी का अंबार लगा है। लोगों का कहना है सड़क कि नारे अगर कचरा मिलता है तो पालिका के ट्रैक्टर ट्रॉली वाले उसे उठा लेते हैं, पर खाली प्लाट्स पर किसी की नजरें नहीं जाती हैं। नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका के अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी समस्या जस की तस बनी है।

### कलेक्टर ने मतगणना स्थल का जायजा लेकर दिये निर्देश

**छतरपुर, देशबन्धु।** बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर संदीप जीआर ने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों के साथ मतगणना स्थल एक्सीलेंस स्कूल सहित वाहनों के पार्किंग स्थल स्टेडियम में व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। अधिकारियों ने पहले एक्सीलेंस स्कूल में बनाये गये मतगणना स्थल को देखा इसके बाद बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था का भी मुआयना किया। कलेक्टर ने मतगणना स्थल की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा, कानून व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को चाकचैबंद रखने और वाहनों की सही तरीके से पार्किंग कराने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि निर्वाचन के कार्य में जरा भी लापरवाही न की जाये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित सांधी, एडीएम नम:षिवाय अरजरिया, एएसपी विक्रम सिंह, सीएसपी अमन मिश्रा, रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा, सिटी कोतवाली टीआई अरविंद कुजूर, सिविल लाइन टीआई कमलेश साहू, यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### रोजगार उन्मुखीकरण कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**नौगाँव, देशबन्धु।** शासकीय बापू महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा महाविद्यालय के समस्त छात्र एवं छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना उन्मुखीकरण कार्यक्रम की एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना संबंधित नियमित गतिविधियां, एनएसएस के अंतर्गत लगने वाले समस्त कैंप तथा आगाज इत्यादि इंटर्नशिप के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी गई । तथा महाविद्यालय के प्राचार्य भारतेन्द्र पटेरिया,डॉ.प्रीति विश्वकर्मा, कैलाश रजक आदि के द्वारा छात्र-छात्राओं को एनएसएस की गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया,कार्यशाला का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी सिंह तथा हीरालाल जाटव के द्वारा किया गया ।इस अवसर पर महाविद्यालय का अन्य स्टाफ तथा वरिष्ठ स्वयंसेवक आयुष, माधुरी, उपासना तथा अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे है ।



#### हत्या की वारदात से गांव में सन्नाटा, कई बिंदुओं की जांच में जुटी पुलिस

# साड़ी से महिला का गला घोंटा, शव कुए में डालकर आरोपी फरार

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय से 45 किमी दूर अलीपुरा थाने के अंतर्गत गांव में एक 45 साल की महिला की हत्या कर दी गई है। खेत में बने बेडा में साडी से उसका गला घोंटकर हत्या करने के बाद शव को कुये में फेंककर आरोपी फरार हो गये हैं।

जानकारी के अनुसार अलीपुरा के आदिवासी मोहल्ला में रहने वाली 45 साल की महिला सवित्री बुनकर अपने खेत में बने बेडा में अकेली थी। उसका पति दशरथ बुनकर दूसरे खेत में पानी देने के लिये गया हुआ था।

रात में जब पति देर तक वापस बेड़ा में नहीं लौटा, तो महिला खेत पर बंधे जानवरों की सुरक्षा के लिये वहीं बने एक कमरे में सोने के लिये चली गई। इसी दौरान रात के सन्नाटे में आरोपियों ने बेडा में घुसकर महिला की निर्ममता से हत्या की और उसके शव को बेड़ा से घसीटकर करीब 50 मीटर दूर बने कुये में डालकर भाग गये। सुबह जब दशरथ पास वाले खेत से बेडा में लौटा तो उसने देखा कि बेडा में पडी खटिया के नीचे खून पडा है और कुछ टूटी चूडियां भी आसपास बिखरी पडी हैं। इधर उधर तलाश करने पर जब पत्नी सावित्री कहीं नजर नहीं आई तो घबराये दशरथ ने परिवार वालों को अनहोनी की आशंका जताकर पूरी बात बताई। सभी ने खेत पर जाकर सावित्री की खोजबीन की। इसी दौरान पास में बने कुये में उसका शव उतराता नजर आया। ये देखकर तुरंत घटना की सूचना अलीपुरा पुलिस को दी गई। इस घटना के बाद से गांव में दहशत भरा सन्नाटा छाया है।



### सूचना मिलते ही पुलिस जांच में जुटी

महिला की हत्या की सूचना मिलते ही नौगांव एसडीओपी चंचलेश मरकार, अलीपुरा थाना प्रभारी डीडी शाक्य पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गये। कुये से मृतका का शव बाहर निकालकर पूछताछ की गई। मृतका के पति दषरथ और ससुर किशोरी बुनकर ने पुलिस को बताया कि गांव में उनकी किसी से बुराई नहीं है, न किसी से कोई जमीन संबंधी विवाद है। ऐसे में उसकी हत्या किसने और क्यों की ये बात किसी के समझमें नहीं आ रही है। जांच पडताल के लिये पुलिस के डाग स्कवाड ने मौके पर खोजबीन की। फारेंसिक एक्सपर्ट ने भी साक्ष्य जुटाये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित सांधी भी अलीपुरा पहुंचे और पडताल की प्रगति की जानकारी लेकर एसडीओपी और थाना प्रभारी को कई खास बिंदुओं पर मामले की जांच करने के निर्देश दिये हैं।

### इनका कहना है

प्रथम दृष्ट्या यह मामला हत्या का लग रहा है। पुलिस गहराई से कई बिंदुओं की पडताल में लगी है। जल्दी ही मामले का खुलासा करके आरोपी को पकड लिया जायेगा।

**अमित सांधी**
**पुलिस अधीक्षक, छतरपुर**

# कुंए में फेंककर महिला को उतारा मौत के घाट, पुलिस जांच में जुटी



**अलीपुरा-छतरपुर, देशबन्धु ।** अलीपुरा के आदिवासी मोहल्ले की रहने वाली 45 वर्षीय सावित्री बुनकर बीती रात अपने मवेशियों को रखवाली करने के लिए बाड़े में सोने गई थी। उसका पति दशरथ बुनकर सिंचाई करने के लिए अपने खेतों पर गया था। सुबह के वक्त जब दशरथ वापिस लौटा तो उसे सावित्री नहीं मिली और जिस चारपाई पर वह सोई थी उसके पास खून पड़ा मिला। साथ ही सावित्री की टूटी हुई चूडियां भी पड़ी थीं। अनहोनी का अंदेशा होते ही दशरथ ने पुलिस को सूचना दी और सावित्री की तलाश शुरू कर दी। तलाश के दौरान बाड़े से करीब 50 मीटर दूर स्थित कुंए में सावित्री की लाश पड़ी मिली। तब तक पुलिस भी मौके पर पहुंच चुकी थी। मामले की गंभीरता को समझकर थाना प्रभारी डीडी शाक्य ने पुलिस अधीक्षक अमित सांघी तथा नौगांव एसडीओपी चंचलेश मरकाम को अवगत कराया। जिसके बाद उक्त अधिकारी एफएसएल टीम एवं डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में शव को कुंए से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और एफएसएल टीम एवं डॉग स्क्वॉड ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए।

### किसी से नहीं थी बुराई परिजन बोले

कयास लगाए जा रहे हैं रात को किसी अज्ञात व्यक्ति ने बाड़े में जाकर पहले मृतिका के साथ मारपीट की और इसके बाद उसकी साड़ी का फंदा बनाकर गले में फंसाया तथा घसीटते हुए महिला को 50 दूर सडक़ के उस पार तक ले गया। इसके बाद महिला को कुंए में फेक दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका के पति दशरथ और ससुर किशोरी बुनकर का कहना है कि गांव के किसी भी व्यक्ति के साथ उनकी कोई बुराई नहीं है और न ही किसी तरह का विवाद चल रहा है। थाना प्रभारी डीडी शाक्य अपनी टीम के साथ घटना की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। महिला की मौत कैसे हुई इसकी सही वजह पीएम रिपोर्ट आने के बाद सामने आएगी।

### इनका कहना

घटना की जानकारी मिलने के बाद मैंने स्वयं घटना स्थल का निरीक्षण किया है, प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। मौके पर मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**अमित सांघी, एसपी, छतरपुर**

### शीतलहर और घने कोहरे की चपेट में अंचल, ठिठुर रहे लोग

**छतरपुर, देशबन्धु।** इन दिनों लोग कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का सामना कर रहे हैं। बीते तीन दिनों से अंचल में तेज ठंड पड़ रही है। बुधवार को भी शीतलहर और घने कोहरे के चलते जन जीवन प्रभावित रहा। ठंड की स्थिति को देखते हुए छतरपुर में सुबह की पाली के बच्चों का स्कूल का समय 9 बजे से कर दिया गया है। बुधवार की सुबह भी के साथ हुई। लोग गर्म कपड़ों व अलाव के सहारे सुबह शाम काट रहे हैं। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार बीते 24 घंटों के कहीं-कहीं बूंदाबांदी हुई है। बुधवार को खजुराहो में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री और नौगांव में 13 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने गुरुवार को भी छतरपुर में शीतलहर चलने का अनुमान जताया है।

### बागेश्वर धाम में सामूहिक विवाह के लिये पंजीयन शुरू

**छतरपुर, देशबन्धु।** बागेश्वर धाम में हर साल की तरह इस बार भी निर्धन, अनाथ, दिव्यांग कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए विवाह महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। बताया गया है कि इसके लिये पंजीयन प्रक्रिया आरंभ हो गई है। 151 सामूहिक विवाहों के लिये 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक पंजीयन के लिये आवेदन पत्र बागेश्वर धाम स्थित पंजीयन कार्यालय से नि:शुल्क वितरित किये जा रहे हैं। यहां बता दें कि बागेश्वर धाम में हर साल सामूहिक विवाहों का विशाल आयोजन किया जाता है। इसके लिये तैयारियों को अभी से जिम्मेदारियां देकर अंतिम रूप दिया जाने लगा है।

# वृंदावन धाम से घर वापस लौटीं 51 महिलाओं का किया सम्मान

**छतरपुर, देशबन्धु।** भारत की सनातन संस्कृति में संस्कारों का अद्भुत महत्व रहा है संत तुलसीदास जी ने श्री रामचरितमानस ग्रंथ में समस्त जीवन जीने की कला लिखी है उसी का अद्वितीय उदाहरण मेरी पुत्रवधू श्रीमती आकांक्षा पत्नी राजदीप गंगेले रजिस्ट्री लेकर नौगांव ने प्रस्तुत किया है जिसकी वृंदावन धाम से कार्तिक स्नान पूजन तीर्थ धाम करके वापस घर आई महिलाओं ने भरपूर सुख शांति संयुक्त परिवार और सौभाग्यवती का आशीर्वाद दिया है वह पूंजी हमारे लिए अमूल्य और समाज के लिए एक संदेश है वार्ड नंबर 10 नौगांव की रहने वाली श्रीमती रंजना देवी गंगेले ने कहा कि दिवाली के बाद देवउठनी ग्यारस के पहले वार्ड नंबर 10 कुलदीप मैरिज हाउस से एक यात्री बस जिसमें लगभग 51 कार्तिक स्नान करने वाली महिलाएं और बेटियां नगर से वृंदावन धाम के रवाना हुई थी एक सप्ताह तक वृंदावन धाम में राधा रानी की लीला और उनके चरित्र पर सनातन संस्कृति बचाने का अनुभव प्राप्त हुआ योगेश्वर भगवान श्री कृष्णा एवं राधा रानी की कृपा से सभी महिलाएं तीर्थ स्थान करके जब 29 नवंबर को नौगांव में प्रवेश किया जैसे ही बस इतना स्थान कुलदीप मैरिज हाउस नौगांव पहुंची।

आकांक्षा गंगेले द्वारा सभी तीर्थ यात्रियों के स्वागत के लिए बैंड बाजे एवं कलश आरती पुष्पमाला मिष्ठान और तिलक की व्यवस्था की गई थी । आकांक्षा ने अपनी सासू मां के चरण कमल धोए तिलक किया पुष्प माला पहनाई और मिष्ठान खिलाया साथ ही मौसी सासू गायत्री देवी पाठक का इसी प्रकार से स्वागत अभिनंदन तिलक पुष्पाल पहनकर तथा गुलाब की पुष्प वर्षा करके की गई इस अवसर पर सुषमा शर्मा एवं मेवा शर्मा द्वारा भी बस यात्रा करके लौटी सभी माता बहनों महिलाओं को गुलाब की पुष्प वर्षा की गई स्वागत अभिनंदन किया गया ।



सागर, गुरूवार 30 नवम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# इन चुनावों से खुलेंगी नयी राहें

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की श्रृंखला की अंतिम कड़ी के रूप में दक्षिणी राज्य तेलंगाना में गुरुवार को मतदान हो जाने के बाद अब सीधे अगले वर्ष के मध्य में लोकसभा के चुनाव होंगे। जैसा सियासी माहौल प्रचार अभियानों के दौरान नज़र आया और विश्लेषकों को महसूस हुआ है उससे यह राय सहज ही बन रही है कि इन राज्यों के मतदान के जो परिणाम 3 दिसम्बर को आएंगे उनसे जनता के समक्ष नयी राहें खुलने जा रही हैं जो मौजूदा परिस्थितियों से देश को निकालने में सक्षम होंगी।

वैसे तो एक संघीय ढांचे के अंतर्गत हर स्तर के चुनावों का अपना महत्व होता है; चाहे वह स्थानीय निकायों का ही क्यों न हो, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद से जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश में अराजकता का माहौल पैदा किया है उससे यह बात तो साफ हो गयी है कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते देश में लोकतंत्र सुरक्षित नहीं रह सकता। वैसे तो 2014 में पहली बार पीएम बनने के बाद से ही मोदी ने सारी ताकत अपने हाथों में लेकर जनता पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था, लेकिन उनका और भी अलोकतांत्रिक व्यवहार दूसरी बार अधिक विशाल बहुमत प्राप्त करने के बाद और भी बड़े स्वरूप में देखने को मिला। जितना खुलकर उन्होंने विपक्षी सरकारों को अस्थिर या परेशान किया, वैसा कभी भी भारत में देखने को नहीं मिला था। उनका 'कांग्रेस मुक्त भारत' का नारा कब 'विपक्ष मुक्त भारत' में बदल गया, पता भी नहीं चला। इस अलोकतांत्रिक नारे को उन्होंने ऐसा लोकप्रिय बना दिया कि लोग विधायकों की खरीद-फरोख्त कर या डरा-धमकाकर निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराने की काली करतूतों को 'चाणक्यगिरी' या 'ऑपरेशन लोटस' का नाम देकर महिमामंडित करने लगे।

यह ऐसा भी समय है जब मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर केन्द्रीय जांच एजेंसियों का खुला उपयोग विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करने के लिये किया जा रहा है। इन एजेंसियों के लिये सम्भवत: स्पष्ट निर्देश हैं कि उनकी कार्रवाइयां केवल विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ ही होनी हैं। भाजपा व उनके समर्थक दलों व लोगों की ओर से आंखें मूंद ली जाती हैं। जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं उनमें से एक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ महादेव एप की ओर से 508 करोड़ रुपये देने का आरोप लगाया गया तो वहीं मध्यप्रदेश के कद्दावर नेता व केन्द्रीय मंत्री के पुत्र, जो दिल्ली से आकर विधायकी का चुनाव लड़ रहे हैं, वीडियो पर 100 और 500 करोड़ रुपयों की डील करते दिखते हैं। उनके घर पर प्रवर्तन निदेशालय, आयकर या सीबीआई के अधिकारी नहीं पहुंचते। केन्द्रीय जांच एजेंसियों की भूमिका एक तरह से भाजपा को मदद देने मात्र की रह गई है।

इन पांच राज्यों के चुनावों में, खासकर हिन्दी पट्टी के राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में भाजपा द्वारा साम्प्रदायिकता का कार्ड खेलने की भी कोशिश हुई जो नाकाम रही। उसके मुकाबले जनहित के मुद्दे हावी रहे। यहां तक कि विकास की चर्चा से दूर भागने वाली भाजपा को इन तीनों प्रदेशों में चुनाव जीतने के लिये वादों और गारंटियों की बात करनी पड़ी। उसे शिक्षा, रोजगार, खेती-किसानी, स्वास्थ्य आदि को भी अपने घोषणापत्रों में शामिल करना पड़ा जो उसकी परम्परा के अनुकूल नहीं है- खासकर हाल के वर्षों में। उम्मीद है कि अगर इन राज्यों में भाजपा की हार होती है, जिसके अनुमान कई विश्लेषक, सर्वेक्षण आदि कर रहे हैं, तो भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनावों में नये सिरे से मुद्दों की तलाश करनी होगी। हालांकि अयोध्या के नवनिर्मित राममंदिर को बेशक मुद्दा बनाया जायेगा जिसका उद्घाटन मोदी के हाथों 22 जनवरी को होने जा रहा है। फिर भी वर्तमान राजनैतिक माहौल में लगता है कि जनता इसे विशेष तवज्जो नहीं देगी तथा इन्हीं चुनावों के नतीजे राममंदिर मुद्दे को पहले से ही बेअसर कर देंगे।

इसी सम्भावित पराजय के कारण इन राज्यों के पूरे प्रचार अभियान के दौरान बौखलाई भाजपा एवं मोदी कांग्रेस, विशेषकर उसके प्रमुख नेता राहुल गांधी को अपने खास निशाने पर लेते रहे। उनके लिये अपशब्दों के जरिये अपमान होता रहा, लेकिन पिछले साल की 7 सितम्बर से इस वर्ष 30 जनवरी तक राहुल की 'भारत जोड़ो यात्रा' ने जो परिदृश्य बदला है, उसके कारण लोगों का उनसे बड़े पैमाने पर जुड़ाव हुआ। उनका लोगों से नये सिरे से परिचय हुआ और इसी दौरान मोदी का असली रूप भी सामने आने लगा। उनकी हर मोर्चे पर नाकामी, कारोबारी गौतम अदानी व मुकेश अंबानी की उनके साथ मित्रता आदि ऐसे अनेक मुद्दे सामने आये जिसने मोदी की मेहनत व करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई छवि को ध्वस्त कर रख दिया।

इन चुनावों ने राहुल व कांग्रेस को बहुत सशक्त एवं एकजुट किया है। कुछ राज्यों में उनके नेताओं के बीच जो मतभेद थे वे भी जीत की प्रत्याशा में समाप्त हो गये। इसके विपरीत यह भी आशंका है कि जिस तरह से भाजपा की बड़ी पराजय के अनुमान लगाये जा रहे हैं, उससे खुद मोदी को अगले प्रधानमंत्री पद की दावेदारी प्रस्तुत करने में दिक्कत आ सकती है क्योंकि उनके साथ या उनके चेहरे पर चुनाव लड़ने में उनकी पार्टी के ही नेता व सांसद परहेज कर सकते हैं। कांग्रेस और उसके नेतृत्व में बना संयुक्त प्रतिपक्षी इंडिया गठबंधन दोनों उत्साहित हैं। इंडिया व भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के बीच आमने-सामने का पहला मुकाबला भी अगले लोकसभा चुनावों में होगा। सम्भवत: इन चुनावों के परिणामों से भारतीय जनतंत्र की नयी राहें खुल सकती हैं।

# बराबरी का हक और बराबरी का दिखावा

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

अपने उपन्यास एनिमल फॉर्म में जॉर्ज ऑरवेल ने लिखा है- ऑल एनिमल्स आर इक्वल, बट सम एनिमल्स आर मोर इक्वल दैन अदर्स। यानी सभी जानवर समान हैं, लेकिन कुछ जानवर दूसरों की तुलना में अधिक समान हैं। बराबरी के दिखावे पर यह अनुपम उदाहरण सोशल मीडिया साइट एक्स की एक पोस्ट को देखकर याद आया। इसमें एक नोटिस की तस्वीर शेयर की गई थी। नोटिस में अंग्रेजी में लिखा था- हाउस मेड्स, डिलीवरी ब्वॉयज़, एंड वर्कर्स शुड नॉट यूज़ पैसेंजर्स लिफ्ट. इन केस दे आर कॉट, दे विल बी फाइन्ड रू. 1000. ये किस शहर और किस सोसाइटी में लगा हुआ नोटिस है, ये तो पता नहीं, और ये भी कहना कठिन है कि जिन लोगों के लिए यह गैरकानूनी नोटिस चिपकाया गया है, उनमें से कितनों को इसकी भाषा समझ आई होगी। यह नोटिस अंग्रेजी में है, और देश के कामगार तबके के अधिकतर लोग प्रांतीय भाषाओं और बोलियों को ही जानते हैं। इस नोटिस को जिस किसी ने भी तैयार किया है, उसने किस आधार पर पकड़े जाने पर एक हजार रूपए के जुर्माने की बात लिखी है, यह भी समझ से परे है। क्योंकि लिफ्ट में जाना कोई कानूनन अपराध नहीं है। पकड़े जाने जैसी शब्दावली ऐसे लग रही है, मानो चोरी या कत्ल करते हुए कोई पकड़ा गया है। वैसे इस चेतावनीनुमा नोटिस में जो कुछ भी लिखा है, वो नए भारत का कड़वा सच है। करीब 12-15 पहले खबर पढ़ी थी कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों का गढ़ बन चुके गुड़गांव की एक बहुमंजिला इमारत में घरेलू सहायकों और कुत्तों के लिए अलग लिफ्ट की व्यवस्था की गई है और वहां रहने वाले बाशिंदों के लिए अलग लिफ्ट है। तब देश में यूपीए सरकार थी और मीडिया उद्योगपतियों का पूरी तरह से गुलाम नहीं बना था, इसलिए ऐसी खबरें अखबारों में छप जाया करती थीं। हालांकि समाज में भेदभाव तब भी मौजूद था, अब भी उतनी ही सघनता से विद्यमान है। फर्क इतना ही है कि अब जैसे ही मौका मिलता है, भेदभाव तरल होकर समाज में खुल कर बहने भी लगता है। एक दशक पहले तक समाज में इंसानियत के लिहाज की मात्रा थोड़ी अधिक थी, आंखों में शर्म थोड़ी बहुत दिख जाती थी। अब वह सब बड़ी तेजी से विलुप्त होता जा रहा है। बिल्कुल आयातित चीतों की तरह।

बहरहाल, इस नोटिस को देखकर ज्यादा आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि नगरीय जीवन में अब यह आम चलन हो गया है। लगभग हर बहुमंजिला इमारत में कामगारों के लिए अलग लिफ्ट की व्यवस्था है, जिसे सर्विस लिफ्ट कहा जाता है। कोरोना काल में अलग लिफ्ट के नियम का और कड़ाई से पालन होने लगा, क्योंकि संपन्न तबके के लोग यही मानकर चलते हैं कि सारी गंदगी और बीमारियां झुग्गियों में रहने वाले लोग ही उन तक पहुंचाते हैं। यह तथ्य पता नहीं कितने लोगों को याद है कि देश में कोरोना का प्रवेश हवाई यात्रा करने वालों की बदौलत हुआ है। यह भी सोचने की बात है कि आखिर किन कारणों से झुग्गी-झोपड़ियों या निचली बस्तियों में गंदगी और बीमारी फैलती है। क्यों वहां के लोग अच्छी हवा और पानी से वंचित रहते हैं। कौन उनके हक को मारकर अपनी जेबें और कोठियां भर रहा है। चंद लोगों के विलासितापूर्ण जीवन का भुगतान लाखों लोगों को क्यों करना पड़ रहा है। ऐसे सवाल समाज में अक्सर असुविधा पैदा कर देते हैं, इनके जवाब ढूंढने में खुद का सामना आईने से हो जाता है। इसलिए बेहतर यही होता है कि ऐसे मामलों की तह में जाएं ही नहीं और जैसा चल रहा है, वैसा ही चलने दें। जब देश गुलाम था, तब लोगों को खरीदने-बेचने का चलन था, दास प्रथा चलती थी, निचली जाति या हैसियत के लोगों को धन और सत्ता की शक्ति से संपन्न लोगों की चाकरी करनी पड़ती थी। देश आजाद हो गया, तो संविधान निर्माताओं ने भारत की इस सामाजिक सच्चाई को समझते हुए नियम-कानून बनाए। सबके लिए बराबरी का अधिकार निश्चित किया। हालांकि वे भी जानते थे कि भारत अपनी भेदभाव वाली मानसिकता से इतनी जल्दी नहीं उबर पाएगा, फिर भी उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी और अपनी ओर से नए भारत को जो बेहतरीन तोहफा दे सकते थे, वो संविधान के रूप में दिया। अफसोस ये है कि इस संविधान का पूरा लाभ उन नागरिकों को ही नहीं मिल रहा है, जिन्हें खास तौर पर ध्यान में रखते हुए बराबरी के अधिकार को शामिल किया गया है। चाकरी, गुलामी, दासता, जो कह लें, शक्तिशाली और प्रभावशाली लोगों की बदौलत अब भी समाज में विद्यमान हैं।

बहरहाल, इस नोटिस को देखकर ज्यादा आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि नगरीय जीवन में अब यह आम चलन हो गया है। लगभग हर बहुमंजिला इमारत में कामगारों के लिए अलग लिफ्ट की व्यवस्था है, जिसे सर्विस लिफ्ट कहा जाता है। कोरोना काल में अलग लिफ्ट के नियम का और कड़ाई से पालन होने लगा, क्योंकि संपन्न तबके के लोग यही मानकर चलते हैं कि सारी गंदगी और बीमारियां झुग्गियों में रहने वाले लोग ही उन तक पहुंचाते हैं।

तीन दिन पहले ही देश की सरकार ने संविधान दिवस मनाया है। मोदी सरकार के आने के बाद से 26 जनवरी के साथ-साथ 26 नवंबर का महत्व भी बढ़ा दिया गया है। इस बार तो प्रधानमंत्री मोदी ने इस दिन मन की बात भी की, क्योंकि महीने का आखिरी रविवार था। खैर, 26 नवंबर के ही दिन हमारे रिहायशी इलाके के व्हाट्सऐप ग्रुप पर एक चर्चा छिड़ी, जिसमें इस बात पर कुछ लोगों ने आपत्ति जतलाई कि सोसाइटी परिसर के भीतर मौजूद ब्यूटी पार्लर में घर में काम करने वाली मेड्स यानी सहायिकाओं को क्यों प्रवेश दिया जा रहा है। बाकायदा सवाल उठाया गया कि फेशियल, मेनिक्योर, पेडिक्योर या बाल कटवाने के लिए ये सहायिकाएं उस पार्लर में कैसे जा सकती हैं, और इनके पास इतने पैसे कहां से आते हैं कि ये पार्लर का खर्च उठा सकें। कुछ लोगों ने यह मांग भी उठाई कि पार्लर के मालिक के खिलाफ शिकायत कर इसे बंद करवाना चाहिए। इस सवाल को देखकर मन भीतर तक वितृष्णा से भर उठा कि आखिर सभ्य समाज में रहने वाला इंसान इतनी गिरी हुई सोच कैसे ला सकता है और इतना दुस्साहस कैसे जुटा सकता है कि ऐसे सवाल उठाए। हालांकि ये देखकर संतोष हुआ कि कुछ लोगों ने फौरन ऐसे सवाल का प्रतिवाद किया और पूछा कि हम इन मेड्स से अपना घर साफ करवा सकते हैं, इनका बनाया भोजन ग्रहण कर सकते हैं, अपने बच्चों को इनके भरोसे छोड़ सकते हैं, लेकिन अगर ये अपने सौंदर्य पर अपने पैसे खर्च करना चाहें और संपन्न घरों की महिलाओं की तरह पार्लर में जाएं, तो किसी को तकलीफ क्यों होनी चाहिए।

कामगारों के लिए अलग लिफ्ट से होते हुए बात पार्लर जाने पर आपत्ति तक पहुंच गई, लेकिन मूल सवाल वही बना हुआ है कि आखिर धर्म, जाति, नस्ल और आर्थिक स्थिति का यह भेदभाव किस तरह खत्म होगा। संविधान ने केवल रास्ता दिखाया है, उस पर चलने की इच्छाशक्ति समाज को ही दिखानी होगी। फिल्म दीवार में अमिताभ बच्चन का एक डायलॉग काफी चर्चित हुआ था, जिसमें वे एक बिल्डिंग को खरीदते हैं और कहते हैं कि आपने इसके 10 लाख रूपए और मांगे होते तो भी मैं दे देता। आज से बीस बरस पहले जब ये बिल्डिंग बन रही थी, तो मेरी मां ने इसमें ईंटें उठाई थीं। आज मैं ये बिल्डिंग अपनी मां को तोहफे में देने जा रहा हूं। अब जिंदगी तो कोई फिल्म नहीं है, जिसमें इस तरह के संवाद कहने-सुनने मिलें। ऊंची इमारतों से लेकर, चौड़ी सड़कों और उत्तरकाशी के सिलक्यारा में बन रही सुरंग तक, सबमें मजदूरों का खून-पसीना लगा होता है। एक बार निर्माण हो जाने के बाद इन पर पूंजीपतियों का कब्जा हो जाता है। मजदूर न लाखों-करोड़ों के घरों में कभी रह पाते हैं, न इन सड़कों पर रफ्तार भरने वाली गाड़ियों पर सवार हो पाते हैं। उन्हें उनकी मजदूरी के अतिरिक्त कोई तोहफा भी नहीं मिलने वाला। लेकिन संविधान में उनको जिस बराबरी का हक मिला हुआ है, उसे किसी भी तरह न मारा जाए, इतना ही ध्यान समाज रख ले तो गैरबराबरी दूर करने में यह बड़ा कदम होगा। फिर किसी बेटे को अपनी मां को तोहफा देने के लिए बेईमानी की राह पर नहीं चलना पड़ेगा।

# तेलंगाना चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में तेजी से आगे बढ़ी कांग्रेस

■ कल्याणी शंकर

जैसे-जैसे तेलंगाना चुनाव अपने अंतिम चरण में पहुंचा, भारत का सबसे युवा राज्य त्रिकोणीय चुनावी मुकाबले के लिए तैयार है। सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बी.आर.एस.), कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जीत के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

2014 में अपनी स्थापना के बाद से बी.आर.एस. प्रमुख के. चंद्रशेखर राव शीर्ष पर रहे हैं। वह हैट्रिक लगाने को बेताब हैं। हालांकि, सत्ता विरोधी लहर उनके लिए एक बड़ी चुनौती है। अलग तेलंगाना आंदोलन का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने के बावजूद, उन्हें विभिन्न कारणों से लोकप्रियता में गिरावट का सामना करना पड़ा है।

2018 में, आश्चर्यजनक रूप से, चुनावों को समय से पहले रखते हुए, टी.आर.एस. 119 सदस्यीय विधानसभा में 88 सीटें जीतीं। कांग्रेस ने 19 और ए.आई.एम.आई.एम. ने 7 सीटें जीती थीं। वर्तमान में बी.आर.एस. अन्य दलों को तोड़कर कुल 99 सीटें बना चुकी हैं, जबकि कांग्रेस के पास 8 विधायक हैं। ए.आई.एम.आई.एम. और भाजपा के पास क्रमशः 7 और 6 विधायक हैं।

केसीआर ने अपने बेटे और बेटी सहित अपने परिवार के सदस्यों को प्रमुख पदों पर स्थापित किया है। उनके बेटे, केटी रामा राव, उपमुख्यमंत्री हैं, उनकी बेटी, कविता, एक सांसद हैं, और उनका भतीजा एक मंत्री है।

भाजपा, कांग्रेस के अलावा तेलंगाना पर शासन करने वाली किसी अन्य पार्टी के साथ सामंजस्य स्थापित करेगी। खबरों के मुताबिक भाजपा एक गुप्त सौदे में केसीआर की मदद कर रही है। बदले में भाजपा केसीआर की बेटी पर नरम रुख अपनायेगी, जिसे एजेंसियां परेशान करती थीं। रेवंत रेड्डी के नेतृत्व की बदौलत कांग्रेस तेजी से बढ़त हासिल कर रही है।

राव के पास अपने और अपने परिवार के लिए बड़ी योजनाएं हैं। जीतने के बाद, वह अपने बेटे को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। राज्य स्तर के राजनेता होने से संतुष्ट नहीं, उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति पर अपनी नजरें जमा ली हैं।

पहले कदम के रूप में, केसीआर ने पार्टी का नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति से बदलकर भारत राष्ट्र समिति कर दिया, जो अधिक राष्ट्रीय दृष्टिकोण की ओर बदलाव का संकेत है।

राव ने पिछले दशक में तीसरा मोर्चा, संघीय मोर्चा और जिंजर ग्रुप बनाने का प्रयास किया था, लेकिन कोई उन्हें गंभीरता से लेने वाला नहीं था। नवगठित विपक्षी इंडिया गठबंधन ने भाजपा को चुनौती देने के अपने उद्देश्य के बावजूद, अभी तक केसीआर को अपने साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं किया है। उनका आरोप है कि केसीआर भाजपा की बी टीम है।

यह चुनाव तीन प्राथमिक खिलाड़ियों के लिए एक सफल क्षण है, क्योंकि भाजपा तेलंगाना को दक्षिणी राजनीति में लाभ पाने के एक अवसर के रूप में देखता है। नतीजे निस्संदेह अगले साल के लोकसभा चुनाव की दिशा तय करेंगे।

तेलुगु देशम पार्टी (टी.डी.पी.) एक समय एक महत्वपूर्ण राजनीतिक खिलाड़ी थी, लेकिन पिछले दशक में कमजोर हो गई है। इसके नेता चंद्रबाबू नायडू भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं और उन्होंने घोषणा की है कि पार्टी आगामी चुनावों में भाग नहीं लेगी। इस बीच, कांग्रेस पार्टी ने अपनी स्थिति फिर से हासिल कर ली है और बी.आर.एस. के लिए एक गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है।

राज्य में मुख्य विपक्षी दल बनने का भाजपा का लक्ष्य दूर की कौड़ी है। नगर निगम चुनाव में सुधार के बावजूद अब वह तीसरे स्थान पर खिसक गई है। कर्नाटक में दो बार जीतने के अलावा, भाजपा का एन.आर. कांग्रेस के साथ गठबंधन को छोड़कर, दक्षिण भारत में कोई महत्वपूर्ण उपस्थिति नहीं है। भाजपा उत्तर में किसी भी संभावित नुकसान को संतुलित करने के लिए दक्षिण में अधिक सीटें हासिल करने का इरादा रखती है, जहां उनका विस्तार पहले से ही अपने चरम पर है।

कांग्रेस को 2014 में दबाव में आकर आंध्र प्रदेश को बांटने का अफसोस है। हैरानी की बात यह है कि यह कदम उल्टा पड़ गया क्योंकि लोगों ने कांग्रेस को खारिज कर दिया और तेलंगाना में टी.आर.एस. तथा आंध्र प्रदेश में वाई.एस.आर.सी.पी. को अपना लिया।

केसीआर ने दो निर्वाचन क्षेत्रों, गजवेल और कामारेड्डी से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। गजवेल में उनका मुकाबला बी.आर.एस. के एक बागी से है, जबकि कामारेड्डी में उनका मुकाबला कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी से होगा। उन्होंने जोखिम लेने के बावजूद पार्टी में किसी भी विद्रोह से बचने के लिए सभी मंत्रियों और वरिष्ठ विधायकों को बरकरार रखा है।

हालिया जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार, कांग्रेस पार्टी प्रतियोगिता में सबसे आगे है, उसके बाद बी.आर.एस. और भाजपा। बी.आर.एस. की पिछली बार की तुलना में कम सीटें जीतने की उम्मीद है, जबकि कांग्रेस को ज्यादा सीटें मिलने का अनुमान है। ए.आई.एम.आई.एम., जिसकी सीमित उपस्थिति है, वही सीटें बरकरार रख सकती है। कुछ स्वतंत्र उम्मीदवार एक या दो सीटें जीत सकते हैं। भाजपा के चौथे स्थान पर रहने की उम्मीद है।

केसीआर का मानना है कि उनके काम से उन्हें वोट मिलेंगे। उन्होंने सिंचाई और कृषि के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी पर भी ध्यान केंद्रित किया है। गूगल जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने 2014 से पहले भी हैदराबाद में निवेश किया है। तेलंगाना की जी.डी.पी. दोगुने से भी ज्यादा हो गया है। लेकिन नकदी से समृद्ध राज्य पर भारी कर्ज का बोझ है।

भाजपा, कांग्रेस के अलावा तेलंगाना पर शासन करने वाली किसी अन्य पार्टी के साथ सामंजस्य स्थापित करेगी। खबरों के मुताबिक भाजपा एक गुप्त सौदे में केसीआर की मदद कर रही है। बदले में भाजपा केसीआर की बेटी पर नरम रुख अपनायेगी, जिसे एजेंसियां परेशान करती थीं।

रेवंत रेड्डी के नेतृत्व की बदौलत कांग्रेस तेजी से बढ़त हासिल कर रही है। सोनिया गांधी ने मतदाताओं का दिल जीतने के लिए छह लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा की, जिसमें महिलाओं के लिए 2500 रुपये और किसानों के लिए 15000 रुपये की पेशकश की गई। उन्होंने भीड़ को यह भी याद दिलाया कि कांग्रेस ने 2014 में तेलंगाना बनाया था।

केसीआर की सफलता उनकी राजनीतिक रणनीति पर निर्भर है। इसके विपरीत, उनके विरोधी उनके परिवार की आलोचना करते हैं और उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं। केसीआर 2014 में तेलंगाना मुद्दे पर विजयी हुए और 2018 के चुनाव में किसानों का समर्थन किया। हालांकि, वर्तमान में, उन्हें सत्ता विरोधी लहर, पुनर्जीवित कांग्रेस और केंद्र का सामना करना पड़ रहा है वह अपनी बेटी की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास कर रहा है।

कांग्रेस को गेम ऑफ थोर्न्स में सत्ता हासिल करने के लिए इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। बदलाव का मूड है। जब लोग परिवर्तन लाने के लिए दृढ़ संकल्पित होते हैं, तो वे किसी भी चुनौती या बाधा के बावजूद ऐसा करेंगे।

## पावन प्रसंग

# अहिंसा मानवता का उज्जवल प्रतीक है

अहिंसा की दृष्टि विराट है। उसमे संकीर्णता की जरा भी गुंजाइश नहीं है। यह तो गंगा की उस विमल-विशाल धारा के सदृश्य मुक्त व स्वतंत्र है। उसे बंधन प्रिय नहीं है। यदि अहिंसा को किसी प्रांत, भाषा, पंथ या सम्प्रदाय को परिधि में बंद कर दिया गया तो उसकी स्थिति वही होगी जो समुद के जल को किसी गड्ढे में बंद कर देने पर होती है। यह तो विश्व का सर्वमान्य सिद्धांत है। अहिंसा का सिद्धांत अनोखा सिद्धांत है। इतने बड़े पैमाने पर विशेष कर इतनी बड़ी शक्ति के हाथों अंग्रेजों से स्वराज प्राप्त करने में उसका उपयोग और भी अनोखा था।

अहिंसा का क्षेत्र काफी विस्तृत है वह विश्वव्यापी है। यह मानवता का उज्जवल प्रतीक है। इसके द्वारा ही जन समाज की सारी व्यवस्थायें व प्रवृत्तियाँ युग युग से सुचारू रूप से चली आ रही है। अहिंसा कायरता नहीं सिखलाती वह तो वीरता सीखलाती है। अहिंसा वीरों का धर्म है। अहिंसा का स्वर है । हे मानव । तुं अपनी स्वार्थ लिप्सा में डूबकर दूसरों के अधिकार को मत छीनों। किसी देश या समाज के आंतरिक मामलो में हस्तक्षेप मत करो। किसी भी समस्या को शांतिपूर्वक समजाने का प्रयास करो। और शांति के लिए तुम अपना बलिदान अवश्य दो। किंतु अपनी स्वार्थ एवं वासनापूर्ति के लिए किसी के प्राणों को मत लूंटो। इस पर ही यदि समस्या का उचित समाधान नहीं हो पा रहा है और देश जाति और धर्म की रक्षा करना अनिवार्य हो तो उस स्थिति में वीरता परक कदम उठा सकते हो। अहिंसा के नाम पर कायर बनकर मुँह छिपाकर मत बैठो।

अहिंसा यह कभी नहीं कहती कि मानव अन्यायों को सहन करें क्योंकि जैसे अन्याय करना स्वयं में पाप है। वैसे ही अन्याय को कायर होकर सहन करना भी एक महापाप है। वह अहिंसा ही क्या है? जिसमें अन्याय के प्रतिकार की शक्ति नहीं है। देश की आजादी को सुरक्षित रखने की क्षमता नहीं है। वह अहिंसा, अहिंसा नहीं है। वह तो नाम मात्र की अहिंसा है।

श्रमण संस्कृति के भगवान महावीर ने अलख जगाई, गांव-गांव घूमकर मानव समाज को अहिंसा और प्रेम का दिव्य संदेश सुनाया। महावीर के समसामयिक महात्मा बुद्ध भी एक युग पुरूष थे। बुद्ध समाज की बुराईयों के साथ लड़े थे। संघर्ष किया था। करूणामूर्ति ईसा मसीह भी एक बहुत बड़ी शक्ति थे। विश्व को प्रेम और क्षमा का अमर संदेश प्रदान करते हुए कहा यदि कोई दुश्मन तुम्हारे एक गाल पर तमाचा मारे तो तुम दूसरा गाल भी उधर कर दो। गांधीजी ने अंग्रेजों का सामना किया एक बहुत बड़ी शक्ति अहिंसक बनकर लड़े। मानवीय जीवन के जितने भी क्षेत्र व विषय हैं उन सब में अहिंसा का अप्रतिहत प्रवेश है। सभी क्षेत्र अहिंसा की क्रीड़ा भूमि है।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# मजदूरों के लिए मजदूर बन गए विश्वकर्मा

12 नवंबर को जब पूरा देश दिवाली का उत्सव मना रहा था तब उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिलक्यारा डंडालगांव टनल में 41 कार्यरत मजदूर जिंदगी और मौत की जंग में उलझ गए थे। टनल का एक हिस्सा धसक जाने से मजदूरों का बाहर आने का रास्ता बंद हो चुका था। मजदूरों को बचाने के लिए शुरू किए गए ऑपरेशंस उम्मीद जगाने के बाद असफल भी हो रहे थे! ऐसे चुनौती पूर्ण ऑपरेशन में 25 टन की आगर मशीन ने भी दम तोड़ दिया! इस कठिन समय में टनल में फंसे मजदूरों को निकलने का संकल्प सोमवार 27 नवंबर को रेट होल माइनर्स ने अपने कंधों पर लेकर उम्मीद की नई किरण जगाई। रेट होल माइनर्स के जंगी- जवानों ने मात्र 800 एमएम के पाइप में घुसकर खुदाई का काम शुरू किया। यह रेट होल माइनर्स का जुनून ही था, जिसने हर कठिनाई को पीछे धकेलते हुए आखिरकार 17 दिनों तक अंधकार की दुनिया में खो चुके मजदूर साथियों को सूरज की किरण तक का सफर कराया। रेट होल माइनर्स ने लगभग 60 मीटर की खुदाई ठीक उसी तरह की जिस तरह चूहे अपना बिल अथवा सुरंग जमीन के भीतर बनाने किया करते हैं। यही कारण है कि इस दल को रेट होल माइनर्स नाम दिया गया है। इस दल से जुड़े लोगों को करोड़ों-अरबों रुपए का व्यापार करने वाली फिल्मों के हीरो से कहीं बड़ा हीरो माना जाना चाहिए। सफलतापूर्वक मजदूर साथियों को बाहर निकालने के बाद रेट होल माइनर्स हीरोज के चेहरों की मुस्कान मानव सेवा की बड़ी जीत की कहानी कहती नजर आ रही है। कतरा- कतरा मलबा चूहों की तरह बाहर निकालने के बाद भी उनके शरीर में थकान का नामो निशान दिखाई नहीं पड़ रहा है। मुझे टी वी पर वह विजय दृश्य देख यही लग रहा था- मानो आज मजदूरों के लिए मजदूर विश्वकर्मा बनकर सामने आए हैं। टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के बाद रेट होल माइनर्स के जांबाजों ने जो कहानी बयां की वह वास्तव में मानव के प्रति मानव के संघर्ष का बड़ा उदाहरण मानी जा सकती है। जवानों का कहना था कि हम जैसे ही संघर्षरत मजदूर साथियों के पास पहुंचे, उन्होंने भावह्विल होकर हमें गले लगाया। वह ऐसा क्षण था जैसे 'डूबते को तिनके का सहारा मिल गया हो' इतना ही नहीं, मजदूरों को पहुंचाए जाने वाले भोजन तथा स्वास्थ्यवर्धक सामग्री में से अपने पास बचा कर रखे बादाम के दानों को उन्होंने रेट होल माइनर्स साथियों को देकर उनका अभिनंदन और धन्यवाद भी किया। अपने साथियों से गले लग कर उन्होंने अपने 17 दिन की व्यथा को क्षण भर में भुला दिया। रेट होल माइनर्स टीम के दल प्रभारी का यह कहना कि - हमें विश्वास था हम अपने साथियों को बाहर निकाल लेंगे। कहीं न कहीं चुनौतियों को अंगूठा दिखाने से कम नहीं था! उन्होंने यह कहकर कि टनल में फसे लोग मजदूर हैं और हम भी मजदूर हैं। आज वे मुसीबत में है , कल हम भी हो सकते हैं। आज हम उन्हें बचाएंगे तो कल वह भी हमारे लिए सहारा बनकर खड़े होंगे। यह भाईचारे की मिसाल बनकर सदैव 'वसुधैव कुटुंबकम्' को सार्थक करने वाली भावना बनकर सामने आती रहेगी।

मजदूरों के सुरक्षित बाहर निकलने के बाद उन्हें सीधे उनके घर न भेज कर स्वास्थ्यगत कारणों से मेडिकल सुविधा में रखना भी एक स्वस्थ सोच का परिणाम है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री सहित देश के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री ने पूर्ण स्वस्थ होने तक उन्हें सुविधा प्रदान करने की जो बात कही है वह उनकी जवाबदारियों के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। 41 मजदूरों का 17 दिन बाद अपने परिजनों के संपर्क में आना उनके लिए सबसे बड़ी दिवाली है। मजदूर का परिवार वैसे भी खतरों का खिलाड़ी ही हुआ करता है। गगनचुंबी ऐतिहासिक इमारतों के निर्माण की बात हो या फिर आम जनों के लिए बनाई जाने वाली अनेक मंजिलों वाले मकानो की श्रृंखला, मजदूर वर्ग खतरों से बेखबर हमारे सपनों की दुनिया को साकार करने हर समय प्रयास करता देखा जा सकता है। मजदूरों के सफलतापूर्वक बाहर आ जाने के बाद हम हर उस शख्स की बहादुरी को नमन करना चाहते हैं जिसने मिशन में थोड़ा सा भी सहयोग प्रदान किया हो।

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा, राजनांदगांव**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ग्वालियर व भिण्ड मतगणना केन्द्र का निरीक्षण

# मतगणना की व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा

**भोपाल, देशबन्धु।** मतगणना के 4 दिन पहले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन आज ग्वालियर और भिंड जिले में बनाए गए मतगणना केन्द्र का निरीक्षण हरने पहुंचे। उन्होंने यहां 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना को लेकर दोनों जिलों में की जा रही व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा। इसे साथ ही उन्होंने संबंधित कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना के संबंध में जरूरी हिदायत दी।




श्री राजन ने महारानी लक्ष्मीबाई (एमएलबी) कॉलेज पहुंचकर ग्वालियर जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना की तैयारियों के बारे में जाना। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों से चर्चा की, वहीं उनके साथ ईवीएम स्ट्राँग रूम का निरीक्षण किया। श्री राजन ने ईवीएम एवं डाक मतपत्र गिनने के लिए लगाई गईं टेबल, स्ट्राँग रूम से मतगणना कक्ष तक ईवीएम पहुंचाने के लिए बनाए अलग-अलग गलियारे, प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं की बैठक व्यवस्था, मतगणना परिसर में प्रवेश और मीडिया सेंटर सहित मतगणना से संबंधित सभी संबंधी अन्य व्यवस्थाओं का बारिकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए मतगणना सम्पन्न कराएं। श्री राजन ने कहा कि डाक मतपत्रों की गिनती तेजी से करने के लिए टेबल बढ़ाने की अनुमति दे दी है। एमएलबी कॉलेज में हर विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती के लिए दो-दो गणना कक्ष बनाए गए हैं। संभागायुक्त ग्वालियर दीपक सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ग्वालियर रेन्ज डी श्रीनिवास वर्मा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल सहित अधिकारी मौजूद थे।

### ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली

भिण्ड के आईटीआई परिसर में बनाए मतगणना स्थल का श्री राजन ने निरीक्षण किया और ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था, स्ट्रॉन्ग रूम के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विधानसभा क्षेत्रवार बनाए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का निरीक्षण किया। डाक मतपत्रों की गणना के लिए लगे अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था आदि के बारे में श्री राजन ने जानकारी ली। मतगणना स्थल पर स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी के लिए बनाई गई व्यवस्था भी उन्होंने देखी। इसके बाद जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का अवलोकन कर डाक मतपत्र की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान संभागायुक्त चम्बल संभाग दीपक सिंह, आईजी चम्बल सुशांत कुमार सक्सेना, डीआईजी कुमार सौरभ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक असित यादव, सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम सहित अधिकारी उपस्थित थे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा-

# प्रधानमंत्री ने हर पल लोगों की चिंता की



**भोपाल, देशबन्धु।** उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाले जाने पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार माना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हर पल उनकी चिंता करते रहे, उनका हाल जानते रहे। श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री को विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय नेता बताते हुए कहा कि श्रमिकों को सुरंग से निकालने के लिए जो प्रयास किए गए, उनके लिए मैं सबसे पहले प्रधानमंत्री का हृदय से अभिनंदन करता हूं। उन्होंने राहत और बचाव कार्य के दौरान उत्तराखंड सरकार द्वारा किए गए प्रबंधन के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और उनकी सरकार को धन्यवाद तथा बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों के बल पर ही मजदूर भाईयों को सुरक्षित निकाल पाना संभव हो सका है। श्री शर्मा ने इसके साथ ही राहत और बचाव कार्यों में योगदान देने वाले सभी सहयोगियों को भी धन्यवाद देता हूं। साथ ही इस घटनाक्रम के दौरान सभी श्रमिक भाईयों और उनके परिजनों ने जिस धैर्य और साहस का प्रदर्शन किया है, उसके लिए उन्हें भी बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं व्यक्त की हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त को दिग्विजय ने लिखा पत्र

# लहार में डाक मतपत्र में गड़बड़ी का आरोप, भिंड कलेक्टर को हटाने की मांग

**भोपाल, देशबन्धु।** लहार में डाक मतपत्र में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखा है। उन्होंने इस गड़बड़ी के लिए तत्काल भिंड कलेक्टर के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए उन्हें हटाने की मांग की है।

भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त को लिखे पत्र में दिग्विजय ने बताया कि 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंधित मतदान अभिकर्ताओं को मतदान केन्द्रों के भीतर जाने की अनुमति नहीं दी गई और कुछ केन्द्रों पर मतदान अभिकर्ता जहां अंदर थे, उन्हें मतदान केन्द्र छोड़ने के लिए मजबूर किया गया। यह कार्रवाई मतदान केन्द्रों पर तैनात पीठासीन पदाधिकारियों व सुरक्षा बलों के सदस्यों ने की। मतदान केन्द्रों पर लगे कैमरों की वीडियो फुटेज में भी यही देखा जा सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिंह ने लिखा कि वहीं जिन सरकारी कर्मचारियों को चुनाव प्रक्रियाओं में तैनात किया गया था, उन्हें डाक मतपत्र जारी किए जाने थे। लेकिन 5 सौ से ज्यादा सरकारी सेवकों द्वारा फॉर्म 12 के तहत आवेदन के बाद भी उन्हें डाक मतपत्र जारी नहीं किए गए हैं।

पत्र में यह भी बताया गया कि इस संबंध में 11 नवम्बर को शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई, परिणामस्वरूप 5 सौ से ज्यादा सरकारी कर्मचारी मतदान करने से वंचित रह गए। दिग्विजय ने पत्र में गंभीर अनियमितता के आरोप लगाते हुए कहा कि उसी निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवार और उसके चुनाव अभिकर्ता को प्राप्त डाक मतपत्र के ठिकाने और उनके भंडारण के स्थान के बारे में खबर नहीं दी गई।

उन्होंने आरोप लगाया कि बाद में डाक मतपत्र के भंडारण स्थान की जानकारी दी गई, जब उम्मीदवार के चुनाव अभिकर्ता ने जाकर देखा तो डाक मतपत्र के कई बक्सों की सील टूटी थी। चुनाव एजेंट की आपत्ति पर एआरओ ने उन्हें बताया कि ऐसा डीईओ, जो कलेक्टर भिंड हैं, के निर्देश पर ऐसा किया गया है। कलेक्टर को हटाने के साथ ही लहार निर्वाचन क्षेत्र के स्ट्रांग रूम में और यहां होने वाली मतगणना के लिए भी अतिरिक्त व्यवस्था करने की मांग की है।

डाक मत पत्रों में कथित अनियमितताओं के मामले में हुई कार्रवाई

# बालाघाट में अब एसडीएम निलंबित

**भोपाल, देशबन्धु।** बालाघाट में डाक मत पत्रों की समय से पहले शॉर्टिंग के मामले में एसडीएम गोपाल सोनी को निलंबित कर दिया गया है। उनके स्थान पर डिप्टी कलेक्टर राहुल नायक को प्रभार सौंपा गया है। इससे पहले नोडल अधिकारी हिम्मत सिंह (तहसीलदार) को भी इसी मामले में निलंबित किया जा चुका है। अब एसडीएम सोनी पर निलंबन की गाज गिरी है। जबलपुर संभाग कमिश्नर के आदेश पर बालाघाट कलेक्टर डॉक्टर गिरीश कुमार मिश्रा ने यह कार्रवाई की है। इससे पहले इस पूरे मामले की रिपोर्ट केंद्रीय चुनाव आयोग को भेजी गई थी। इसके बाद ही ये एक्शन लिया गया है।

बता दें, बालाघाट के ट्रेजरी ऑफिस में बने स्ट्रॉन्ग रूम में पोस्टल बैलेट से छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आते ही प्रदेश की सियासत गरमा गई थी। इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस हमलावर हो रही थी। आयोग भी कांग्रेस के निशाने पर आ गया था। इस निलंबन को लेकर कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने एक्स पर की अपनी पोस्ट में कहा कि इस मामले में पूर्व में नोडल अधिकारी भी निलंबित हो चुके हैं। अगर कांग्रेस इस मामले को लेकर कंफ्यूज्ड थी तो इतने लोगों का निलंबन क्यों हो रहा है। बालाघाट जिले से जुड़ा एक वीडियो पिछले दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें कुछ कर्मचारी मतपत्रों को रखते हुए नजर आ रहे थे। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि बालाघाट जिले के इस वीडियो में कर्मचारी पोस्टल बैलेट पत्रों की गिनती कर रहे हैं। वहीं प्रशासन का तर्क था कि बैलेट पत्रों को व्यवस्थित तरीके से रखा जा रहा है। इस मामले में एक नोडल अधिकारी का निलंबन भी हो चुका है। कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस मामले में निर्वाचन आयोग में शिकायती पत्र भी सौंपा था।

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह और उपाध्यक्ष एवं चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे पी धनोपिया ने कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल के साथ राजधानी भोपाल स्थित निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर इस संबंध में एक शिकायती पत्र सौंपा था।

कांग्रेस का आरोप था कि बालाघाट कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा पोस्टल वोट में कथित तौर पर गड़बड़ी की है। उन्होंने कलेक्टर सहित उक्त कार्य में शामिल सभी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने की मांग की थी। पत्र में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि बालाघाट से कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा एक वीडियो भेजकर शिकायत प्रेषित की गई है, जिसमें कलेक्टर बालाघाट एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा पोस्टल वोट में कथित गड़बड़ी किया जाना सामने आया है। उक्त घटना का वीडियो चित्रण भी पत्र के साथ निर्वाचन आयोग को सौंपा गया है।

### बालाघाट कलेक्टर पर कार्रवाई किए जाने पर अड़ी कांग्रेस

कांग्रेस अभी बालाघाट कलेक्टर मिश्रा पर कार्रवाई किए जाने पर अड़ी है। मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री सैयद जाफर का कहना है कि बालाघाट जिले में डाक मत पत्र के मामले में कलेक्टर और रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. गिरीश मिश्रा की भूमिका भी संदिग्ध है, वे भी जल्दी ही फंसने वाले हैं। उन्होंने कई तथ्य छिपाए हैं। कांग्रेस पार्टी एमपी के जिम्मेदार अफसरों से अपील करती है कि अपने कर्तव्य का पालन करते हुए संविधान की मर्यादा का ध्यान रखें। जनता ने मैंडेट दे दिया है। उसे बदलने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस ने इस मामले की राष्ट्रीय चुनाव आयोग से भी शिकायत की है। पार्टी के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी और सलमान खुर्शीद समेत पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल कल दिल्ली स्थित चुनाव आयोग के कार्यालय पहुंचा और इस मामले की शिकायत की।

कांग्रेस का आरोप है कि बालाघाट में पोस्टल बैलेट के साथ छेड़छाड़ की गई है। कांग्रेस ने आयोग से इस संबंध में कार्रवाई करने की मांग की है।

दिग्विजय ने लिखा आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के महानिदेशक को लिखा पत्र

# वित्त विभाग के अधिकारियों पर लगाए ढाई सौ करोड़ के भ्रष्टाचार के आरोप



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने वित्त विभाग के अधिकारियों पर ढ़ाई सौ करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने मय सबूत आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) के महानिदेशक को पत्र लिखा है।

श्री सिंह ने पत्र के साथ दस्तावेज और ऑडियो फाइल संलग्न की है, जिसमें कुछ व्हाट्सएप चैटिंग भी बतौर साक्ष्य शामिल हैं। इसी के साथ उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने और कार्रवाई करने की मांग की है। दिग्विजय ने बताया कि उन्हें जो शिकायत मिली है उसके अनुसार राज्य मंत्रालय में लागू आई.एफ.एम.एस. सिस्टम का काम एक चहेती फर्म को देने के लिए वित्त विभाग के अधिकारियों ने वित्त मंत्री को विश्वास में लेकर यह ढाई सौ करोड़ रुपये के घोटाले को विधानसभा चुनाव घोषित होने के कुछ दिन पूर्व अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि आई.एफ.एम.एस. सिस्टम के काम के लिए पहले तो मनमानी शर्तें डालते हुए टी.सी.एस. जैसी टाटा की विश्व प्रसिद्ध कंपनी को प्रक्रिया से बाहर किया। फिर टेरा सी.आई.एस. टेक्नालॉजीस लिमिटेड, गुडगांव को टेंडर देने के लिए कार्यवाई शुरु कर दी। इस मामले में वित्त मंत्री के साथ-साथ अतिरिक्त मुख्य सचिव अजीत केशरी की भूमिका संदिग्ध रही है। दिग्विजय ने उन्हें मिली शिकायत के हवाले से आरोप लगाया कि एक अन्य आई.ए.एस. अधिकारी ज्ञानेश्वर पाटिल भी आरोपी कंपनी के प्रतिनिधियों से मिलीभगत कर घोटाले में शामिल रहे। पहले यह टेंडर 2 सौ करोड़ रुपये का था, जिसे एजेंसी तय होने के दौरान बढ़ाकर 247 करोड़ रुपये कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस टेंडर घोटाले में करीब 50 करोड़ का लेन-देन हुआ है। रिश्वत की रकम विभिन्न माध्यमों से संबंधित अधिकारियों और मंत्री को दी गई है। ए.सी.एस. वित्त अजीत केशरी, ज्ञानेश्वर पाटिल, आयुक्त कोष एवं लेखा और टेरा टेक्नॉलाजी लिमिटेड गुडगांव से काम लेने वाले आंध्र प्रदेश की कंपनी पिक्सल वाईड सॉल्यूशन के डायरेक्टर प्रित्युश जी. रेड्डी के लिए काम करने वाले ग्वालियर निवासी देवेश अग्रवाल के बीच विभिन्न अवसरों पर वाट्सऐप पर हुई चेटिंग पत्र के साथ संलग्न है। इस पत्र के साथ सी.डी. में संलग्न ऑडियो में वित्त विभाग के शीर्ष अधिकारी हैदराबाद स्थित कंपनी के डायरेक्टर से डील पूरी करने की चर्चा करते सुने जा सकते है। चर्चा के दौरान किसी पवन नामक व्यक्ति का नाम लेनदेन में बार-बार आ रहा था।

# अटेर के 2 मतदान केन्द्रों पर दोबारा मतदान की मांग

**भोपाल, देशबन्धु। भाजपा ने** भिण्ड जिले के अटेर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 11 और 12 की मतगणना पर रोक लगाए और दोबारा मतदान की मांग की।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन देकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि 17 नवंबर को हुए मतदान के दिन अटेर विधानसभा के बूथ क्रमांक 11 और 12 (खडित 01 व खडित 02) पर असामाजिक तत्वों द्वारा कब्जा कर फर्जी मतदान कराए गया है। अटेर से पार्टी प्रत्याशी डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया ने मतदान के एक दिन बाद ही भारत निर्वाचन आयोग को 16 मतदान केन्द्रों पर असामाजिक तत्वों द्वारा फर्जी मतदान बूथ कैप्चरिंग की शिकायत की गई थी, जिसमें ये दोनों मतदान केन्द्र भी शामिल थे। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में भाजपा निर्वाचन आयोग, समन्वय विभाग के प्रदेश संयोजक एस.एस. उप्पल एवं भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी उपस्थित थे।

# गुजरात हाईकोर्ट ने लाउडस्पीकर पर अजान के खिलाफ जनहित याचिका खारिज की

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात उच्च न्यायालय ने मंगलवार को उस जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया, जिसमें मस्जिदों से अजान या इस्लामी प्रार्थना के प्रसारण के लिए लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी। मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध पी. मायी की पीठ ने याचिका को पूरी तरह गलत करार दिया। बजरंग दल के नेता शक्तिसिंह जाला की जनहित याचिका में कहा गया कि लाउडस्पीकर के जरिए अजान देने से ध्वनि प्रदूषण होता है, जिससे आम जनता, विशेषकर बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और अन्य तरह की असुविधाएं होती हैं। अदालत ने पाया कि याचिकाकर्ता के दावों में अनुभवजन्य साक्ष्य और वैज्ञानिक आधार का अभाव है। पीठ ने अपने फैसले में इस बात पर जोर दिया कि अजान, जो आमतौर पर अधिकतम 10 मिनट तक चलती है, डेसिबल स्तर तक पहुंचने की संभावना नहीं रहती है, जो ध्वनि प्रदूषण का खतरा बन सके। इसने याचिकाकर्ता की यह स्थापित करने की क्षमता के बारे में संदेह जताया कि अजान के दौरान लाउडस्पीकर के जरिए बढ़ाई गई मानवीय आवाज, सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करने के लिए पर्याप्त डेसिबल उत्पन्न कर सकती है। अदालत ने याचिकाकर्ता के वकील से मंदिर के अनुष्ठानों के दौरान घंटियों और घंटियों की आवाज़ के बारे में भी सवाल किया। पीठ ने पूछा, आपके मंदिर में सुबह की आरती भी ढोल-नगाड़ों और संगीत के साथ तड़के 3 बजे ही शुरू हो जाती है। उस समय बहुत से लोग सो रहे होते हैं। क्या इससे शोर नहीं होता? क्या आप दावा कर सकते हैं कि घंटे और घड़ियाल की ध्वनि केवल मंदिर परिसर तक ही सीमित है? कीर्तन-भजन, आठ घंटे चलने वाले अष्टयाम या 24 घंटे चलने वाले नवाह के लाउडस्पीकर के जरिए प्रसारण को ध्वनि प्रदूषण का कारण मान लिया जाए, तब आप क्या कहेंगे? ध्वनि प्रदूषण को मापने के लिए वैज्ञानिक तरीकों के अस्तित्व पर प्रकाश डालते हुए यह नोट किया गया कि जनहित याचिका में इस दावे को साबित करने के लिए ठोस डेटा या अध्ययन-निष्कर्ष प्रस्तुत करने की जरूरत है, ताकि प्रमाण रहे कि 10 मिनट की अजान से ध्वनि प्रदूषण हो सकता है।

# पति-पत्नी ने खाया जहर, महिला ने तोड़ा दम

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में एक पति-पत्नी ने एक साथ जहरीला पदार्थ खा लिया। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई, युवक की स्थिति गंभीर है। परिजनों के मुताबिक निसंतान होने की वजह से दोनों तनाव में रहते थे। संभवतः इसी वजह से उन्होंने यह कदम उठाया होगा। दोनों की शादी 3 साल पहले हुई थी। पिपलानी थाना पुलिस ने बताया कि चांदवाड़ी में रहने वाले राहुल अहिरवार उम्र 28 वर्ष और उसकी पत्नी सीमा उम्र 25 वर्ष सोमवार को घर में अकेले थे। दोपहर करीब एक बजे राहुल के पिता रामचरण घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि सीमा और राहुल उल्टियां कर रहे हैं। उन्होंने उनसे वजह पूछी तो उन्होंने जहरीला पदार्थ खाने की बात बताई। इस पर रामचरण उन्हें तुरंत जेपी अस्पताल ले गए। लेकिन वहां से उन्हें हमीदिया भेज दिया गया। यहां देर रात सीमा की मौत हो गई, जबकि राहुल की हालत गंभीर बनी हुई है। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और मंगलवार को पोस्टमॉर्टम कर महिला के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया पुलिस का कहना है कि घटना स्थल से कोई पत्र नहीं मिला है। वहीं परिजनों के विस्तृत बयान भी नहीं हो सके है। इसके चलते खुदकुशी के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। लेकिन प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पति-पत्नी संतान नहीं होने से दुखी थे। राहुल के पिता रामचरण अहिरवार ने बताया कि बेटे -बहू की शादी को 3 साल हो गए। उनकी कोई संतान नहीं थी। इस वजह से वे परेशान रहते थे। राहुल तो कुछ ज्यादा ही तनाव में दिखता था। मैंने कई बार उससे पूछा तो उसका कहना था कि संतान नहीं होने की वजह से परेशान रहता हूं। बेटे की बात सुनकर मैं उसे दिलासा देता रहता था। मुझे जरा भी अंदाजा नहीं था कि वे ऐसा भी कदम उठा लेंगे।

# खेत में मिला लापता बजुर्ग का शव

**भोपाल, देशबन्धु।** दिन भर से लापता एक बुजुर्ग का शव आधी रात खेत में मिला। बताया जा रहा है उनकी नाक पर किसी प्रकार की चोट है। इस पर परिजनों ने इसे हत्या बताई जा रही है। हालांकि पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक ग्राम बंदोरी कजलीखेड़ा निवासी कन्हैयालाल नरवरिया 75 खेती किसानी करते थे। घर से करीब पांच किलोमीटर दूर उनकी जमीन है। उम्र दराज होने के कारण कन्हैयालाल कोई काम नहीं करते थे, लेकिन खेत पर आना-जाना करते थे और पानी चला दिया करते थे। सोमवार सुबह भी वह खेत पर जाने का कहकर निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। इस पर परिजनों ने पूरे इलाके में घूमकर उनकी तलाश की, मगर वह नहीं मिले। लेकिन रात करीब साढ़े 11 बजे उनका शव एक खेत में मिला, जिसके बाद परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और मंगलवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी । इधर कन्हैयालाल के परिजनों का कहना है कि उनकी नाक पर किसी प्रकार की चोट है। ऐसे में हमें यह किसी प्रकार से हत्या का ही प्रयास लगता है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**हर महीने मुफ्त मिलता रहेगा....** 15000 महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराना है,ताकि वह कृषि उद्देश्यों को लेकर किसानों को करिए पर ड्रोन सेवाऐ दे सकें। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सोलहवें वित्त आयोग के लिए संदर्भ की शर्तों को मंजूरी दे दी है जिसकी अधिसूचना 'उचित समय पर' जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की मंगलवार शाम को हुयी बैठक में वित्त मंत्रालय की ओर से रखे गए संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमंडल के निर्णयों के अनुसार आयोग अपनी रिपोर्ट 31 अक्टूबर, 2025 तक उपलब्ध करायेगा। बैठक के बाद बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, सोलहवें वित्त आयोग के लिए संदर्भ की शर्तें उचित समय पर अधिसूचित की जाएंगी। सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशें, सरकार द्वारा स्वीकार किए जाने पर एक अप्रैल, 2026 से पांच वर्षों की अवधि के लिए लागू होंगी। सरकार ने केन्द्र सरकार की योजना के तहत शुरू किए गए फास्ट ट्रैक विशेष कोर्ट के कार्य करने की अवधि तीन वर्ष तक बढ़ा दी है।

**ट्रेन में विषाक्त भोजन से....** जिसके बाद पुणे रेल मंडल के वाणिज्यक प्रबंधन और जनसम्पर्क अधिकारी के मुताबिक इस मामले के सामने आने के बाद तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए रेलवे अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम पुणे स्टेशन भेजी गई। उन्होंने पुणे स्टेशन पर उतार लिया गया और उनका परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं। परीक्षण के दौरान किसी यात्री की ऐसी स्थिति नहीं थी कि उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़े, इसलिए उन्हें वापस ट्रेन से रवाना कर दिया। जांच में यह बात सामने आई कि यात्रियों को सोलापुर से लगभग 180 किमी दूर वाडी रेलवे स्टेशन पर भोजन मिला। साथ ही यह बात भी साफ हो गई कि यह भोजन रेलवे द्वारा उपलब्ध नहीं कराया था। फिलहाल यह जांच की जा रही है कि उन्होंने भोजन कहां से प्राप्त किया।


**न्यायालय नायब तहसीलदार जैसीनगर, वृत बिलहरा तह. जैसीनगर जिला सागर**

क्रमांक....../री.ना.तह./2023
जैसीनगर दिनांक 27/09/2023
रा.प्र.क्र.....बी-121 वर्ष 23-24
ग्रामः- हिन्नौद, प.ह.नं. 42 वृत बिलहरा

**आम सूचना**

(1) फर्म संस्थापक का नाम AKHIL BIRTHERE संस्था का नाम MPWRD संस्था का प्रकार Public Limited संस्था का पता BEHIND OF CIVIL COURT SAGAR द्वारा नगरेतर जिला सागर......आवेदक

बनाम

(1) म.प्र. शासन.....अनावेदक

जरिये आम सूचना पत्र के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक फर्म संस्थापक का नाम AKHIL BIRTHERE संस्था का नाम MPWRD संस्था का प्रकार Public Limited संस्था का पता BEHIND OF CIVIL COURT SAGAR द्वारा नगरेतर जिला सागर तहसील जैसीनगर के ग्राम हिन्नौद पटवारी हल्का नंबर 42 राजस्व निरीक्षण मण्डल बिलहरा तहसील जैसीनगर में स्थित भूमि सर्वे नंबर 1, 61, 85 रकवा क्रमशः 26.760, 29.730, 55.000 हे. भूमि राज्य शासन के किसी विभाग को हस्तांतरण भूमि/नजूल भूमि का पट्टा स्वयं/संस्था के नाम चाहा गया है। संस्था/विभाग द्वारा तहसील जैसीनगर में वृत बिलहरा के द्वारा हिन्नौद में भूमि आवंटित किये जाने हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण श्रीमान कलेक्टर महोदय सागर के राजस्व प्रकरण क्र./0112/अ-20(3)/2023-2024 की आदेश अनुवृति दिनाँक 21/09/2023 के माध्यम से श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय सागर को प्राप्त हुआ। श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय सागर के राजस्व प्रकरण क्र./0039/अ-20(3)/2003-2024 की आदेश अनुवृति दिनाँक 13/10/2023 के द्वारा जाँच कर प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को भेजा गया। प्रकरण में म.प्र. शासन राजस्व विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-6-75/2019/साम-शा.3 भोपाल दिनाँक 24/09/2020 जो कि मध्यप्रदेश शासन में दिनाँक 24/09/2020 को प्रकाशित द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-चार क्रमांक 1 मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वतन 2020 लागू होने से शासन के निर्देशानुसार नियमानुसार जाँच कर जमीन उपलब्ध कराने का लेख किया गया है। श्रीमान के द्वारा प्राप्त हिन्नौद में उक्त भूमि आरक्षित करने का प्रस्ताव तैयार कर उचित माध्य से शीघ्र भेजने हेतु प्राप्त हुआ है। श्रीमान के द्वारा ग्राम हिन्नौद में भूमि उक्त आरक्षित करने हेतु प्रकरण तैयार कर उचित माध्य से शीघ्र भेजने हेतु प्राप्त हुआ है। इसलिए समाचार पत्र के माध्यम से आप अनावेदकगण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि आपको उक्त प्रस्ताव में कोई आपत्ति है तो आप पेशी दिनाँक 30/11/2023 को स्वयं अथव अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत करें। आज दिनाँक 01/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर की पद मुद्रा से जारी।

जारी दिनाँकः- 01/11/2023
पेशी दिनाँकः- 30/11/2023
नायब तहसीलदार, वृत बिलहरा तह. जैसीनगर


# खुशी मन से काम करने पर अधिक संतोष मिलता है: मिश्रा

भोपाल, देशबन्धु। भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन (बीएमए)द्वारा विद्यापीठ ग्रुप ऑफ़ इंस्टीयूशन के स्टूडेंट चैप्टर के अंतर्गत मार्केटिंग गुरू राजीव मिश्रा ने खुशियां ही जीवन का रास्ता शीर्षक पर व्याख्यान दिया तथा सफल जीवन के लिए विनोदपूर्ण तरीके से सात महत्वपूर्ण मंत्र बताएं। श्री मिश्रा ने कहा कि खुशियां तभी हासिल होंगी जब आप स्वस्थ रहेंगे, मुश्किलों के सहने की क्षमता रखेंगे, दुसरो का सम्मान करेंगे, आपस में सोहद्रपूर्ण वातावरण रखेंगे, आपकी व्यवहार में दिन प्रतिदिन शुभ कामनाएं देगे। उन्होंने कहा कि खुशियों में काम करने से ही अधिक संतुष्ठि मिलती हैं। उन्होंने अनेक वीडियो से खुश रहने के गुर बताए । कार्यशाला में बीएमए कि ओर से जीके छिब्बर ने कहा की स्टूडेंट चैप्टर में एक्सपर्ट फैकल्टी द्वारा अनुभव आधारित व्याख्यान दिए जाते है, ताकि छात्रों को वास्तविक ज्ञान मिले, जिनका लाभ अपनी भावी नौकरी अथवा व्यवसाय में ले सके। उन्होंने कहा कि समय समय पर नियमित कार्यशाला आयोजित की जाती रहेंगी। श्री छिब्बर ने छात्रों को बीएमए स्टूडेंट चैप्टर के सदस्यता प्रमाणपत्र भी वितरित किए। कार्यशाला में विद्यापीठ समूह के संचालक डॉ राजीव आर्य, सचिव आशीष सुहाने ने भी छात्रों को संबोधित किया। अंत में आभार प्रदर्शन फैकल्टी इन्चार्च अशोक तिवारी ने किया।

दीपावली मिलन समारोह संपन्न

# जन परिषद का विस्तार संतोष का विषय, जिम्मेदारी का बोध : त्रिपाठी

**भोपाल, देशबन्धु।** अग्रणी संस्था जन-परिषद का दीपावली मिलन समारोह संपन्न हुआ।



अध्यक्षता संस्था के चेयरमैन पूर्व डीजीपी एन.के. त्रिपाठी ने की। उपाध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस एस.के. मिश्रा, उपाध्यक्ष अजात शत्रु, वरिष्ठ रंगकर्मी कमल जैन, महासचिव ओ.पी. गुप्ता और संयोजक रामजी श्रीवास्तव कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। चैयरमैन एन.के. त्रिपाठी ने दीपावली की बधाईयाँ देते हुए कहा कि जिस गति से जन-परिषद ने अपना विस्तार किया है, वह एक तरफ आत्म-संतोष का विषय है, तो दूसरी तरफ अतिरिक्त जिम्मेदारी का बोध भी है। उपाध्यक्ष अजात शत्रु ने कहा कि जन-परिषद ने वैसे तो कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं, श्री त्रिपाठी के नेतृत्व में जिस गति से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 208 चैप्टर्स का विस्तार किया है, वह अकल्पनीय है। उन्होंने संगठन के कई मूलभूत सिद्धांतों को रेखांकित करते हुए कहा कि जन-परिषद की अभूतपूर्व और गरिमामय ऐतिहासिक उपलब्धियाँ भरी मंजिल अब बहुत निकट है। उपाध्यक्ष एस.के. मिश्रा ने कहा जन-परिषद के सदस्यों के थोड़े से और गंभीर प्रयास सामाजिक इतिहास रच सकते हैं। महासचिव ओ.पी. गुप्ता ने जन-परिषद की ध्येय निष्ठा को अब और केंद्रित एवं सर्व-स्वीकार्य बनाने के लिए मंथन करने की आवश्यकता पर बल दिया। वरिष्ठ रंगकर्मी एवं अभिनेता कमल जैन ने सभी के आग्रह पर पहले तो एक दो फिल्मों में उनके डायलॉग बोलकर खूब प्रशंसा पायी और फिर उन्होंने सभी के प्रति आभार प्रगट किया।

### मिश्रा और रायकवार का हुआ सम्मान

चेयरमैन एन.के. त्रिपाठी ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए एस.के. मिश्रा एवं विभागीय उन्नति प्राप्त करने के लिए उप संचालक जनसंपर्क दुर्गेश रायकवार का शॉल और श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक रामजी श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में नितिन श्रीवास्तव, अरुण खरे, संदीप गोलू भैया, मनोहर पंजाबी, रामेश्वर खावदे आदि की गरिमामय उपस्थिती रही।

### डेंगू पर काबू पाने मलेरिया विभाग ने कसी कमर, लार्वा जांच करने पहुंची इलाकों में टीम

# शिशु वार्ड में डेंगू प्रभावित बच्चों की संख्या में हुआ इजाफा





◆ 68 हजार टैंकों की जांच में 171 स्थानों पर पाया गया लार्वा

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** गंदगी और कीचढ़ की शहर में चली आ रही भरमार का असर लगातार दिखाई देने लगा है। डेंगू रोगियों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। जिला अस्पताल का शिशु वार्ड छोटे-छोटे बच्चों से भरा पड़ा है। अधिकारियों की मानें तो यह आंकड़ा सौ के पार जा चुका है। बैठकों में अब तक अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देश और किए गए सर्वे की पोल बढ़ती बीमारियों ने खोल कर रख दी है। बढ़ते रोगियों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अब इस मामले को गंभीरता से लेना शुरू कर दिया है। इस दिशा में पहल करते हुए मलेरिया अधिकारी श्री रावत ने शहर के अधिकांश इलाकों में जांच शुरू कर दी है। उन्होंने रोगियों के उपचार एवं रोग से बचाव के लिए कदम उठाना शुरू कर दिया है। इस संबन्ध में डाक्टर श्री रावत ने बताया कि अब तक 18136 घरों की जांच की गई है। इनमें 171 स्थानों पर लार्वा पाया गया है। बताया गया है कि निरीक्षण दल द्वारा अब तक 68920 टैंको की जांच की जा चुकी है। डेंगू से बचाव के लिए लोगों को समझाईश दी जा रही है। इसके साथ ही रोगियों को दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बताया गया है कि अब तक 236 पॉजिटिव कंटेनर के साथ ही 112 जांचें डेंगू की निगेटिव आई है। बताया गया है कि जब मलेरिया अधिकारिया से पूंछा गया कि अब तक कितनो की मलेरिया के निगेटिव जांच आई है, तो अधिकारि ने बताया कि अब इसकी संख्या 0 है। डां रावत ने बताया कि जनवरी से अब तक लगातार सर्वे का कार्य किया जा रहा है। जिसके परिणाम भी बेहतर आए हैं। उन्होंने कहा कि डेंगू से बचाव और रोकथाम के प्रयासों में किसी प्रकार की कमी नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले तीन-चार माह तक यहां दवाओं की कोई नहीं आने वाली। डां हरिमोहन रावत मलेरिया अधिकारी सारे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि डेंगू की चपेट में अब तक आए बच्चों को बेहतर से बेहतर इलाज दिया जा रहा है। डां अमित शुक्ला सिविल सर्जन ने बच्चा वार्ड की साफ सफाई कराने के साथ ही यहां भर्ती बच्चों के हालचाल भी जाने। उन्होंने कहा कि बच्चों की स्थिति में काफी सुधार है और उन्हें जल्दी ही यहां से घर भेज दिया जाएगा। मलेरिया विभाग बीमारी पर काबू पाने के लिए नगर में लार्वा का सर्वे कराने में जुटा है। अब तक 18 हजार से अधिक घरों में लार्वा की जांच कराई जा चुकी है, जिनमें 171 घरों के कंटेनरों में लार्वा निकला है, जहां दवा डाली गई और फागिंग कराई गई है। बताया गया है कि शहर के सभी 27 वार्डों में टीम भेजकर जांच कराई जा रही है। अधिकांश इलाकों में सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। डां रावत ने बताया कि डेंगू, मलेरिया एवं फाइलेरिया के संदिग्धों की जांच कराने के साथ ही उन्हें उचित सलाह दी गई है। बताया गया है कि डेंगू का आंकड़ा सौ के पार जाने के बाद जांच दल और मलेरिया विभाग की सक्रियता से इस तरह की बीमारियों पर काबू पाने में कामयाबी हासिल की गई है। अब रोगियों की संख्या में कमी आई है। अभी कुछ तीन दिन पहले ही डेंगू के आंकड़ों की संख्या 109 दर्ज गई थी। पिछले एक सप्ताह से लार्वा का सर्वे कार्य तेजी से शुरू किया गया है, जिसके परिणाम भी बेहतर आए हैं। लार्वा सर्वे कार्य से डेंगू के आंकड़ों का बढना बंद हो गया है। सर्वे टीम ने 18 हजार घर, 171 हजार कंटेनर और 1 लाख 33 हजार फाइलेरिया के संदिग्ध लोगों की जांच की है। जिसमें घर और कंटेनर लार्वा पॉजीटिव निकले है।

### नपा की उदासीनता पर चिंता

शहर में डेंगू के दौरान नगर पालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उदासीनता और मनमानी पर सवाल उठाए जा रहे हैं। शहर के गलियारों में चारों ओर गंदगी बनी हुई है। सड़कों और नालियों की साफ-सफाई ठीक से न होने के कारण मुख्य चौराहों पर ही लोगों का खड़ा हो पाना मुश्किल हो रहा है। नगरपालिका के 27 वार्डों में सफाई व्यवस्था नाम मात्र के लिए चल रही है। नालियां कचरे से पटी पड़ी और मोहल्लों में कचरे के ढेर महीनों से लगे हुए है। जिसके कारण नगरपालिका क्षेत्र से सबसे अधिक डेंगू पॉजीटिव निकले है। डेंगू के आंकड़ों की संख्या सैकड़ों में होने से स्थानीय लोगों में चिंता होने लगी है। जबकि मलेरिया विभाग द्वारा करीब दो महीनों से नगरपालिका अधिकारी को मौखिक और पत्र के माध्यम से सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने की जानकारी भी दे चुके है। विभाग द्वारा डेंगू की रोकथाम के लिए आशा और ऊषा कार्यकर्ताओं की मदद ली जा रही है। लार्वा सर्व सहित अन्य कार्यों का उनके द्वारा बखूबी अंजाम दिया जा रहा है। नगरपालिका क्षेत्र में 23 नवंबर से सर्वे कार्य शुरू हो गया था। ऊषा कार्यकर्ताओं की देखरेख के लिए नोडल भी बनाए गए है। जिसमें एक से 7 वार्ड तक के नोडल प्रभारी जिला कम्यूनिटी मॉबीलाइजर प्रबल त्रिपाठी, वार्ड 8 से 14 तक जिला मलेरिया अधिकारी एचएम रावत, वार्ड 15 से वार्ड 21 तक शहरी नोडल अधिकारी डॉ सिद्धार्थ रावत और वार्ड 22 से 27 तक एपीएम अंकित रावत को प्रभारी बनाया गया है। जिसका पत्र सीएचएमओ ने जारी किया है।

### बल्देवगढ़ जनपद के अफसरों की मनमानी को लेकर जताई नाराजगी

# सरकारी धन का बंदरबांट, जिम्मेदार अधिकारियों ने लगा डाले 28 लाख 71 ठिकाने

**अवधेश वर्मा**

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में अफसरशाही का बोलबाला बढ़ता जा रहा है। सांठगांठ और धांधली के कारण जिले में सरकारी धन का दुरूपयोग किया जा रहा है। चौकाने वाली बात तो यह है कि निजी जमीनों पर सरकारी धन से सार्वजनिक कूपों और सामूदायिक भवनों तक का निर्माण कराया जा रहा है। इन तमाम खामियों के बाद भी अब तक जनपद अधिकारियों की मौन स्वीकृति जारी है। सूत्रों की मानें तो गड़बड़ी करने वाले तत्कालीन सरपंच, सचिव, उपयंत्री, रोजगार सहायकों पर बल्देवगढ़ जनपद के सीईओ पूरी तरह से मेहरबान बने हुए हैं। बताया गया है कि टीकमगढ़ जिले की बल्देवगढ़ जनपद क्षेत्र में अनियमितताओं के मामले सामने आने लगे हैं। यहां की ग्राम पंचायतों में धांधली और भ्रष्टाचार को लेकर आए दिन शिकायतें की जाती रही है। चौकाने वाली बात यह हैं कि तत्कालीन सरपंच-सचिव व रोजगार सहायक, सब इंजीनियर की मिलीभगत से सार्वजनिक कूप, सामुदायिक भवन, सुदूर सड़क, सामुदायिक भवन निर्माण कार्यों पर लाखों की राशि खुर्दबुर्द की जा रही है। कहा जा रहा है कि स्वीकृत 28 लाख 71 हजार की राशि से सरकारी भवनों को स्वामित्व की भूमि पर बनवाकर सरकारी खजाने को ठिकाने लगाया जा रहा है। इस मामले में जो कहानी सामने आई है, उस पर स्थानीय लोगों ने रोशनी डालते हुए कार्रवाई की मांग की है।



स्वामित्व की भूमि पर किया गया सरकारी भवनों का निर्माण

**केस.1:** छिदारी. ग्राम पंचायत में सार्वजनिक पेयजल कूप निर्माण आदिवासी मुहल्ला में वर्ष 2016-17 में 4 लाख की लागत से कराया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक दीनदयाल यादव द्वारा सार्वजनिक पेयजल कूप का निर्माण आदिवासी मुहल्ला में ना कराकर अन्यत्र करा डाला है। बताया गया है कि पंचायत के ग्राम रोजगार सहायक द्वारा निजी स्वामित्व की भूमि पर निर्माण कार्य करवा दिया है। उसी सार्वजनिक कूप से सिंचाई की जा रही है। जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत छिदारी में ना तो आदिवासी हैं और ना ही आदिवासी मुहल्ला है, उसके बावजूद भी फर्जी तरीके ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों ने अपने निजी स्वार्थ के लिए 4 लाख की राशि से सावर्जनिक कूप निर्माण कर राशि को ठिकाने लगा दिया है।

**केस.2:** सरकर ग्राम पंचायत में सुदूर सड़क निर्माण कार्य सरकर-मलगुवा मार्ग तक वित्तीय वर्ष 2017-18 में 18 लाख 71 हजार की लागत से कराया गया। तत्कालीन सरपंच श्रीमति पुष्पेंद्र सिंह, सचिव ईशाक खान, उपयंत्री सुरेंद्र सिंह परमार की कमीशनखोरी के चलते पूर्व से बनी हुई गिट्टी की सड़क के किनारे से जेसीबी मशीन से मुरम की खुदाई कर ली गई। चंद दिनों में गिट्टी की सड़क पर नाम मात्र के लिए मुरम बिछाकर सुदूर सड़क बनाकर तैयार कर दी गई। इस सुदूर सड़क की यदि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर जांच की जाए, तो स्थिति साफ नजर आयेगी। ग्राम पंचायत निर्माण एजेंसी और जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलिभगत से सरकारी खजाने को खोखला किया जा रहा है।

**केस.3:** दुवदेई ग्राम पंचायत में तत्कालीन विधायिका श्रीमति चंद्रारानी गौर ने विधायक निधि से 3 लाख की राशि से सामुदायिक भवन का निर्माण तत्कालीन सरपंच श्रीमती द्रोपती यादव, सचिव गोविंद सिंह बुंदेला, उपयंत्री की मिली भगत से दुवदेई माता मंदिर के पास बुनकर समाज की धर्मशाला का दर्शाकर सामुदायिक भवन के नाम से 3 लाख रूपये की राशि निकालकर पंचायत एजेंसी से लेकर जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत से फर्जी आहरण कर राशि का बंदरबांट किया गया। ग्रामीण मोहन लाल, घनसु, प्यारे लाल, धरमुआ हीरापुर निवासी ने बताया कि दुवदेई माता मंदिर के पास धर्मशाला का निर्माण बुनकर समाज के लोगों ने कराया। उन्होंने आसपास के 14 गांव से चंदा इकट्ठा करके डेढ़ लाख की लागत से धर्मशाला का निर्माण कराया। बताया गया है कि बुनकर समाज के लोगों ने आपसी सहयोग से धर्मशाला निर्माण कराया। इस निर्माण कार्य में ईट, लाल मुरम के मसाले से दीवारों की चुनाई कर धर्मशाला निर्माण किया गया। धर्मशाला की छत तक हो चुकी है। इसमें तत्कालीन सरपंच, सचिव और उपयंत्री की मिलीभगत से फर्जी मूल्यांकन कर विधायक निधि की राशि डकार ली गई।

**केस.4:** गौरा ग्राम पंचायत के यादव खिरक में सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया। वित्तीय वर्ष 2016-17 में सांसद निधि से स्वीकृत 3 लाख की राशि से कार्य कराया गया। तत्कालीन सरपंच श्रीमति आराधना तिवारी, सचिव भरतलाल मिश्रा और सब इंजीनियर विजय कुमार कोरी की मिलीभगत से सामुदायिक भवन का निर्माण स्वामित्व की भूमि पर करा दिया गया। बताया गया है कि तत्कालीन सरपंच, सचिव और उपयंत्री की सांठगांठ के चलते ग्रामीण निवासी कल्लू यादव की निजी भूमि पर सामुदायिक भवन का निर्माण करा दिया गया। कहा जा रहा है कि भौतिक सत्यापन और मूल्यांकन कर सरकारी सब इंजीनियर एवं सचिव ने सरकारी धन का बंदरबांट कर डाला।

# रानीगंज में पीड़ित व्यक्ति के साथ गांव के 2 लोगों ने की लाठी से मारपीट

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** आरोपियों का डर इस कदर छाया हुआ था कि मारपीट की वारदात के मामले में यहां पीड़ित परमू कुशवाहा ने घटना के चार दिन रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले में थाना दिगौड़ा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बताया गया है कि फरियादी परमू कुशवाहा निवासी रानीगंज ने अपनी पत्नी जानकी कुशवाहा के साथ पुलिस थाने में आकर रिपोर्ट की। बताया गया है कि रिपोर्ट के अनुसार 24 नवंबर को फरियादी गांव के ही हरगोविंद विश्वकर्मा के साथ गांव में एक व्यक्ति के यहां निमंत्रण करने को गए थे। जहां पर दोनों में विवाद हो गया था। जिसके बाद दोनों अपने-अपने घर चले गए थे। उसी रात करीब 10 बजे फरियादी अपने खेत पर था, तभी हरगोविंद विश्वकर्मा के पुत्र राजू व कल्लू विश्वकर्मा आए और दिन में हुए विवाद को लेकर फरियादी के साथ गाली-गलौज व झगड़ा करने लगे। फरियादी ने गाली देने से मना किया तो राजू व कल्लू ने फरियादी की लाठी से मारपीट कर दी। बताया गया है कि फरियादी को धमकी दी गई कि यदि पुलिस थाना में रिपोर्ट करने गए तो जान से मार देंगे। इसी डर की वजह से फरियादी ने कुछ दिनों तक पुलिस थाना में रिपोर्ट नहीं की। फिर पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस थाने में रिपोर्ट की। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**डर की वजह से की घटना के 4 दिन बाद रिपोर्ट, पुलिस ने किया केस दर्ज**

# चचेरे भाई ने पीड़ित युवक से की मारपीट, पुलिस ने किया केस दर्ज

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** कस्बा में जमीन बेचने को लेकर दो चचेरे भाइयों के बीच मारपीट का मामला सामने आने आया है। दिगौड़ा पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया गया है कि फरियादी कैलाश पिता भगवान दास अहिरवार निवासी दिगौड़ा एवं उसके चचेरे भाई सुनील अहिरवार के बीच 27 नवंबर को विवाद हो गया। फरियादी जब अपने खेत पर था, तभी उसका चचेरा भाई आया और जमीन बेचने को लेकर दोनों के बीच में विवाद होने लगा। इस विवाद में फरियादी कैलाश के साथ उसके चचेरे भाई सुनील ने गाली गलौज एवं झगड़ा किया। विवाद के चलते आरोपी ने फरियादी कैलाश के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर दिगौड़ा पुलिस ने आरोपी सुनील अहिरवार के खिलाफ मारपीट करने के आरोप में केस दर्ज किया है।

**दिगौड़ा कस्बे में जमीन बेचने को लेकर हुआ विवाद**

# जिले के 15 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुए चयनित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन खुरई में किया गया। जिसमें टीकमगढ़ के खिलाड़ी भी शामिल हुए। इस दौरान 15 खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन हुआ है। एथलेटिक्स कोच सुनीता रिछारिया ने बताया कि खुरई में तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले से छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जिसमें सिद्धोषी जैन ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रदीप अहिरवार ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिथुन लंबी कूद में प्रथम स्थान, रामवती अहिरवार और दिव्यांश रजक भाला फेंक में प्रथम स्थान, देव तिवारी तवा फेंक, सूर्याशी खरे ने बाधा दौड़ में, शिवम अहिरवार ने क्रॉसकंट्री में, आराध्या त्रिपाठी ने गोला फेंक, नीतू रजक 400 मीटर दौड़, पूर्ति पाठक 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर रही हैं। वहीं धीरज अहिरवार ने 200 मीटर, आयूष यादव ने भाला फेंक, शिवा लोधी ने तवा फेंक, सुमित रजक ने ऊंची कूंद, अरुण लुहार ने दौड़, अभिषेक सेन ने 800 मीटर, सूरज अहिरवार 1500 मीटर, इन सभी खिलाड़ियों द्वितीय स्थान प्राप्त किए हैं। इस दौरान सभी खिलाडयिों को मेडल देकर सम्मानित किया गया है।

### सागर में होगी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

बताया गया है कि यह सभी चयनित प्रतिभागी अब सागर में होने जा रही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। कोच सुनीता रिछारिया ने बताया कि यह 15 खिलाड़ी प्रथम और द्वितीय स्थान पर आए है। जिनका चयन राज्य स्तर के लिए किया गया। जो प्रदेश स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में शामिल होंगे। यह प्रतियोगिता इस बार सागर में ही आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रथम व द्वितीय स्थान पर आने वाले खिलाड़ी भी शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। यह प्रतियोगिता दिसंबर माह में आयोजित होगी।

### जिला स्तरीय स्टेडिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न

# मतगणना के मापदण्डों से अवगत हुए अभ्यर्थी व राजनैतिक दलों के पदाधिकारी

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा की अध्यक्षता तथा एसपी श्री रोहित काशवानी की उपस्थित में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती दीपाश्री गुप्ता, एसडीएम टीकमगढ़ संजय दुबे, एसडीएम बल्देवगढ़ विजय कुमार सेन सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शर्मा ने मतगणना के संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों की बिन्दुवार जानकारी से अभ्यर्थियों व उनके प्रतिनिधियों को अवगत कराया। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मतगणना के संबंध में अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये मतदान उपरांत मतों की गणना 3 दिसम्बर 2023 को प्रातः 8 बजे से शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज नवीन परिसर, ढोंगा, टीकमगढ़ में प्रारम्भ होगी। जिले में कुल मतदान 76.37 प्रतिषत रहा जिसमें सर्वाधिक मतदान 78.49 प्रतिषत विधानसभा क्षेत्र-43 टीकमगढ़ में दर्ज किया गया। मतगणना के दिन प्रातः 7 बजे तक प्राप्त सभी डाक मतपत्रों को मतगणना में शामिल किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में मतगणना हाल में ईव्हीएम की मतगणना हेतु 14-14 टेबिल लगाई गयीं हैं। डाक मतपत्रों के मतों की गणना हेतु टीकमगढ़ में 3 टेबिल, जतारा में 2 टेबिल तथा खरगापुर में 2 टेबिल लगायी गईं हैं। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि मतगणना स्थल पर अभ्यर्थी या उसका निर्वाचन अभिकर्त्ता स्वयं उपस्थित रहेगा, परन्तु वह समिति के अध्यक्ष, पदाधिकारी, मंत्री, नगरपालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, सुरक्षा प्राप्त मंत्री को काउंटिंग एजेंट नहीं बना सकता है। रिटर्निंग ऑफिसर की टेबिल पर एक काउंटिंग एजेंट तथा ईव्हीएम एवं डाक मतपत्रों टेबिल पर एक काउंटिंग एजेंट रहेगा। प्रत्येक विधानसभा मे प्रत्येक टेबिल पर 3 अधिकारी/कर्मचारी रहेंगे। प्रत्येक राउण्ड के बाद गणना एजेंट को लिखित पावती दी जाएगी, इसके बाद ही अगले राउण्ड की गणना शुरू की जाएगी। कर्मचारियों को प्रातः 6 बजे मतगणना स्थल पर उपस्थित होना होगा। आयोग के निर्देशानुसार मतगणना स्थल पर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे कैमरा, मोबाइल, ब्लूटूथ इत्यादि ले जाने की अनुमति नहीं है। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिये मतगणना स्थल शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज (नवीन परिसर), ढोंगा टीकमगढ़ के परिसर के अंदर राजनैतिक दल के अभ्यर्थी, अभ्यर्थी के सुरक्षागार्ड के साथ प्रवेश नहीं कर सकेंगे। धारा 144 के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेष के तहत मतगणना एजेंट को मतगणना परिसर में आग्नेय अस्त्र-शस्त्र, ज्वलनशील पदार्थ ले जाना प्रतिबंधित किया गया है। मतगणना परिसर के अंदर धरना प्रदर्शन, जुलूस, नारेबाजी, पुतला दलन का आयोजन तथा पटाखों के उपयोग इत्यादि पर प्रतिबंध रहेगा। मीडिया के लिये जानकारी उपलब्ध कराने हेतु मतगणना स्थल पर मीडिया सेंटर बनाया गया है। जिला जनसम्पर्क अधिकारी के माध्यम से मीडिया को मतगणना पास जारी किये जायेंगे। सभी ई.व्ही.एम. स्ट्रांग रूम में मिलान के पश्चात सुरक्षित रखी गइं है। मतगणना के पश्चात पुनः अभ्यर्थियों के समक्ष शील्ड की जायेंगी। मतगणना स्थल पर मतदान में प्रयुक्त ए और बी केटेगरी की ईव्हीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखा गया है। सी और डी केटेगरी की ईव्हीएम को जिला मुख्यालय पर ईव्हीएम वेयरहाउस, संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में रखा गया है। 2 दिसम्बर 2023 को अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त जिला कोषालय में जमा किये गये डाक मतपत्र समस्त अभ्यर्थियों की उपस्थिति में मतगणना स्थल शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज (नवीन परिसर) ढोंगा टीकमगढ़ पर बनाये गये स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखे जायेंगे।



मेडिकल परीक्षण के बाद आरोपी गिरफ्तार

# दिव्यांग छात्रा के साथ छात्रावास चौकीदार ने किया दुष्कर्म

**दमोह देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत न्यू दमोह क्षेत्र में स्थित दिव्यांगजन सीडव्लूएसएन छात्रावास में विगत दिवस मंगलवार को एक 10 वर्षीय दिव्यांग छात्रा के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है जिसका आरोप इसी छात्रावास में विगत चार-पांच साल से कार्यरत एक अधेड़ चौकीदार पर लग रहा है।

छात्रा द्वारा छात्रावास वार्डन को मामला बताने के वाद वार्डन द्वारा कोतवाली पुलिस को जानकारी दी गयी। इसके फौरन वाद मामला सामने आने के बाद मंगलवार रात को ही कोतवाली पुलिस द्वारा छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया गया और आरोपी छात्रावास चौकीदार को कोतवाली पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया गया। इस संबंध में नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी का कहना है कि मामला सामने आने पर कोतवाली थाना में प्रकरण पंजीवद्ध कर आरोपी चौकीदार को हिरासत में ले दिया गया है और मामले की सूक्ष्म तथा अंतिम स्तर तक विवेचना जारी है।

# जिले की तीनों विधानसभा सीटों के प्रत्याशियों बढ़ रही धड़कनें



**पन्ना, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव का मतदान पूरे प्रदेश मे 17 नवम्बर को संपन्न हुआ, लेकिन मतगणना को लेकर लंबा समय व्यतीत हुआ है, अभी भी मतगणना के लिए चार दिन शेष है लेकिन विधानसभा चुनाव लडने वाले प्रत्याशियो की धडकने प्रतिदिन तेज हो रही है, आखिर किसकी जीत होगी तथा किसको पराजय का सामना करना पडेगा। लगातार विभिन्न श्रोतो से प्रत्याशियो द्वारा अपने अपने पक्ष में मतदान को लेकर लोगो की राय जानी जा रही है तथा विजय होने के संबंध में अपने अपने आकडे बताये जा रहें है। पन्ना जिले की पन्ना विधानसभा 60 में 11 उम्मीदवार मैदान में थे, लेकिन प्रमुख दल भाजपा से बृजेन्द्र प्रताप सिंह तथा कांग्रेस पार्टी से भरत मिलन पान्डेय मैदान में रहे है। जिसमें पूर्व में खनिज मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा भरत मिलन पान्डेय को कमतर आंका जा रहा था। लेकिन जैसे जैसे मतदान की तारीख नजदीक आई लगातार बदलाव की लहर के चलते भरत मिलन पान्डेय के पक्ष में माहोल बढता गया।

मतदान के दिन जिस प्रकार से लोगो द्वारा मतदान किया गया उसको लेकर कांटे की टक्कर देखी गई तथा अजयगढ क्षेत्र में क्षेत्रीयता को लेकर लोगो द्वारा भरत मिलन पान्डेय के पक्ष में जमकर मतदान किया। वहीं दूसरी ओर भाजपा का गढ बनी पन्ना विधानसभा को भाजपा प्रत्याशी अपने पक्ष में मान रहे है। जहां एक ओर कांग्रेस पार्टी को बदलाव की ब्यार को लेकर जीत देखी जा रही है, वहीं दूसरी ओर भाजपा लाडली बहना को लेकर अपने आप ही जीत मान रही हैं। लेकिन कुछ भी कहा जाये इस बार कांग्रेस पार्टी को पूरी विधानसभा में जमकर लाभ हुआ है, जिसको देखते हुए कसमकस की स्थिति बनी हुई है तथा कोई भी आज की स्थिति

### 3 दिसम्बर को होगा का फैसला

मे अपने आप को जीत का सही आंकडा नही बता सकता है। पन्ना विधानसभा मे लगभग 75 प्रतिशत मतदान हुआ है तथा एक लाख सतासी हजार मतदाताओ ने मत का प्रयोग किया है। इसी प्रकार पवई विधानसभा 58 में भी कांग्रेस पार्टी के मुकेश नायक तथा भाजपा के प्रहलाद लोधी के बीच कडी टक्कर देखी जा रही है, जहां एक ओर कांग्रेस पार्टी के मुकेश नायक को सभी वर्गो का सहयोग प्राप्त हुआ है, जिससे वह अपने जीत पक्की मान कर चल रहे है, वहीं दूसरी ओर भाजपा के प्रहलाद लोधी पिछडा वर्ग संगठन तथा लाडली बहना के वोटो पर अपनी जीत पक्की बता रहे है। लेकिन उंट किस करवट बैठेगा यह तीन दिसम्बर को ही तय होगा। पवई विधानसभा मे 76 प्रतिशत मतदाताओ द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इसी प्रकार गुनौर विधानसभा मे भी भाजपा के राजेश वर्मा तथा कांग्रेस पार्टी के जीवन लाल सिद्धार्थ के बीच सीधी टक्कर देखी जा रही है, लेकिन इनकी लडाई में समाजवादी पार्टी से अमिता बागरी ने त्रिकोणी बनाने में जोर लगाया है, जिससे भाजपा का अधिक नुकसान हुआ है, क्योकि अमिता बागरी विगत 7 वर्ष से भाजपा मे ही काम कर रही थी तथा उनका गुनौर क्षेत्र में प्रभाव भी रहा हैं। जहां भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा भाजपा के कोर वोटर तथा लाडली बहना के सहारे अपनी जीत पक्की बता रहे है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी जीवन लाल सिद्धार्थ सत्ता विरोधी लहर तथा आम लोगो की सहानुभूति को लेकर अपनी जीत के प्रति आशा बांधे हुए है। आगे देखना है तीन दिसम्बर को कौन जीत का परचम लहराता है।

# वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**दमोह देशबन्धु।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेणुका कंचन के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन तथा विशेष न्यायाधीश दमोह शरत चंद्र सक्सेना की उपस्थिति में वरिष्ठ नागरिक के अधिकारों के संबंध में स्थानीय वृद्धा आश्रम दमोह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्रबंधक वीरेन्द्र असाटी, वृद्धाश्रम के कर्मचारीगण एवं वृद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश शरत चंद्र सक्सेना ने समस्त वृद्धजनों को माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 के संबंध में जानकारी दी। साथ ही वृद्धजन के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई एवं किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपना आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में किये जाने के संबंध में बताया। आपस में मिलजुल कर रहने की सलाह दी गयी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा उपस्थित वृद्धजन को उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही कहा गया कि आप लोगों को अपना अधिक से अधिक समय भजन-कीर्तन एवं गीता-रामयण के पाठ में लगाना चाहिए जिससे कि आप अपने समय का सदुपयोग कर सकें। साथ ही उन्होंने उपस्थित वृद्धजन से उनकी वृद्धापेंशन के संबंध में जानकारी ली गई। कार्यक्रम के अंत में वृद्धजनों की समस्याएं सुनी गई व उन्हें उचित विधिक सलाह प्रदान की गई ।

## 2 अपराधियों पर की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

दमोह देशबन्धु। जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 02 अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। उन्होंने थाना बटियागढ़ के अनावेदक अखलेश गर्ग पिता परसराम गर्ग निवासी ग्राम घुराटा एवं अनावेदक विज्जू ऊर्फ विजय पिता गोविंद अठ्या निवासी ग्राम मेनवार को आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि तक के लिये दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु पाबंद किया है। जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार अनावेदकगण प्रत्येक सोमवार को थाना प्रभारी बटियागढ़ के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे तथा सामान्य नागरिक की भांति नेक चाल चलन बनाकर रखेगा। इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश जिला मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया है।

## किसानों के साथ धोखाधड़ी करके हजारों एकड़ का किया फर्जी रजिस्ट्रेशन, संगठन के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौपा



**दमोह देशबन्धु।** भारतीय शक्ति चेतना पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंह राजपूत एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुजान सिंह ने दमोह कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि धान रजिस्ट्रेशन केंद्र सेवा सहकारी समिति तहसील जबेरा एवं तहसील तेंदूखेड़ा के पंजीयन केंद्रों द्वारा फर्जी किसानों के नाम पर हजारों एकड़ भूमि का फर्जी रजिस्ट्रेशन कर लिया गया है। जब यह बात संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ सुजान सिंह को पता चली तो उन्होंने किसानों से व्यक्तिगत संपर्क करके जानकारी एकत्रित की तो किसानों ने बताया कि मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है मेरी भूमि का रजिस्ट्रेशन किसने करा लिया तब जाकर कलेक्टर एवं जिला सेवा सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक दमोह जाकर इसकी शिकायत की गई इसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में 3 घायल, कांग्रेस नेता ने पहुंचाया अस्पताल



**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना अजयगढ़ रोड पर हुए सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गये तथा बेहोशी की हालत में पड़े हुए थे। उसी दौरान कांग्रेसी नेता एवं पन्ना विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भरत मिलन पांडेय वहां से गुजर रहे थे। उन्होने तत्काल अपना वाहन रोका तथा निजी वाहन से उक्त घायलो को अजयगढ़ स्वास्थ केन्द्र पंहुचाकर उनकी जान बचाई। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मुन्ना आदिवासी पिता रामनाथ आदिवासी उम्र लगभग 52 वर्ष, चिंता आदिवासी पिता मुन्ना आदिवासी उम्र लगभग 27 वर्ष चिरौंजिया बाई आदिवासी पति मुन्ना आदिवासी उम्र लगभग 52 वर्ष सभी निवासी ग्राम करिया खेत बनेहरी थाना अजयगढ़ पन्ना से अपने ग्रह ग्राम की ओर मोटर साईकिल से जा रहे थे तभी वह रास्ते में भैंस से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गये। इस दौरान भरत मिलन के साथ दादूराम मिश्रा, प्रेम नारायण यादव, रिंकू गौतम आदि साथ रहे जिन्होंने सहयोग किया।

## लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले आरोपी को एक वर्ष का कारावास

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के सहा. मीडिया प्रभारी सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी रोहित गुप्ता के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है, कि फरियादी पहलवान सिंह ने मौखिक रिपोर्ट कि वह 19 जुलाई 2017 को सुबह लगभग 11.30 बजे शासकीय कन्या माध्यमिक शाला गडोखर में बच्चों को देखने गया था, तभी अमानगंज तरफ से एक ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 6071 के चालक शेख इसरार द्वारा ट्रक को तेज गति, लापरवाही पूर्वक व उतावलेपन से चलाकर स्कूल से जा रहे अभिषेक मृतक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। उक्त सूचना के आधार पर अपराध क्रमांक 0/17 धारा 304, भादंसं एवं 184 मोटरयान अधिनियम की देहाती नालसी लेखबद्ध कर असल नंबर पर कायमी हेतु थाना भेजी गई। देहाती नालसी असल नंबर पर पंजीबद्ध की जाकर शव पंचनामा किया गया। पीएम फार्म भरकर शव परीक्षण हेतु भेजा गया तथा थाना अमानगंज में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये। घटनास्थल का नक्शामौका तैयार किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय मोहित बड़के, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पन्ना, जिला पन्ना के न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी करते हुए मानवेन्द्र सिंह, सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराया, न्यायालय के समक्ष आरोपी शेख इसरार को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम श्रेणी का होने के कारण कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी शेख इसरार को धारा 304, भादसं में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपए के अर्थदंड एवं धारा 184 मोटरयान अधिनियम में 06 माह का साधारण कारावास एवं 1000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# लंदन की ब्रिटिश संसद में अवार्ड से नवाजे गए सचिन



**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** नगर के सचिन जैन ने क्षेत्र के साथ भारत का नाम भी रोशन कर दिया जिसके सम्मान स्वरूप एक कार्यक्रम का आयोजन सकल जैन समाज द्वारा किया गया जिसमें पूर्व कृषि मंत्री डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ मंजुलता कटारे, कांग्रेस प्रत्याशी राव बृजेन्द्र सिंह समेत कई बड़े चेहरे शामिल रहे। पथरिया नगर के लिए यह गौरव का विषय है कि संतोष कुमार जैन के पुत्र सचिन जैन को लंदन के हाउस आफकॉमन्स में वर्ल्ड लीडरशिप अवार्ड 2023 के लिए चयनित किया है। यह प्रतिष्ठित पुरूस्कार आपको लंदन में जी 20 शिखर सम्मेलन के भव्य समारोह में दिया गया। इस समारोह में विभिन्न देशों के 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने शिरकत की यह प्रतिष्ठित अवार्ड आपको भारत देश में आयोजित जी 20 समारोह में असाधारण योगदान के फलस्वरूप दिया गया। आपकी इस उपलब्धि पर सम्पूर्ण पथरिया नगर में प्रसन्नता की लहर है। गौरतलब है कि सचिन जैन भारत आई सी टी कम्पनी के संस्थापक है जो वर्तमान में दिल्ली में रहकर शताधिक कर्मचारियों के साथ इसे संचालित कर रहे है। आपकी कम्पनी विशेष रूप से 5 जी नेटवर्क पर कार्य कर रही है। यह भी ज्ञातव्य है कि सचिन जैन सामाजिक और धार्मिक रूप से भी पथरिया के लोगों से जुड़े रहते है और आगे आकर सभी की सेवा का भाव रखते है। दिल्ली में पथरिया वासियों को किसी भी मदद की आवश्यकता होती है तो सचिन जैन वेझिझक तन मन धन से मदद करने के लिए तैयार रहते है। बधाई और सम्मान करने वालो में सकल दिगंबर जैन समाज से सभी मंदिरों के अध्यक्ष,जैन मिलन शाखा,विरागोदय तीर्थ समिति, कुंडलपुर तीर्थ कमेटी,अखिल भारतीय वैश्य महासभा, जन परिषद,विधायक रामबाई के प्रतिनिधि, कनफेडरेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स समेत कमलेश चौधरी, राजेश चौधरी, पूर्व प्राचार्य रतनचंद जैन,रमेश गोयल,ऋषभ सिंघई,संजय कुबेर,विनय मलैया, आलोक चौधरी,पार्षद सुनील सराफसहित नगरवासी सम्मिलित हुए।

# दिगंबर जैन धर्मशाला में आचार्य पदारोहण दिवस मनाया



**दमोह देशबन्धु।** दमोह की दिगंबर जैन धर्मशाला में उपाध्याय श्री विश्रुत सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में युग शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 52वां आचार्य पदारोहण दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंगलाचरण उपरांत बड़े बाबा एवं आचार्य श्री के चित्र के समक्ष ज्ञान ज्योति का प्रज्वलन कुंडलपुर कमेटी के पूर्व प्रचार मंत्री सुनील वेजीटेरियन विशाल चंद जैन संतोषजैन विनय विनम्र आदि ने किया उपाध्याय श्री के पद प्रक्षालन करने का सौभाग्य कैलाश पिपरिया के परिवार को प्राप्त हुआ। इस मौके पर अनेक भक्तगणों के अलावा पलंदी मंदिर महिला मंडल ने उपाध्य श्री को शास्त्र भेंट किया। चातुर्मास कलश स्थापना करने वाले राकेश पुजारी एवं कमल पिपरिया वाले परिवारों को कलश प्रदान किए गए जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई ने उनका सम्मान किया। उपाध्य श्री ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि आचार्य श्री का जीवन संयम और साधना का प्रतीक है उनके जीवन को देखकर अनेक भावात्माएं मोक्ष मार्ग की ओर प्रशस्त हो गई हैं उनके प्रति भक्तों में आघाध श्रद्धा है श्रद्धा ही मोक्ष का प्रथम सोपान है श्रद्धा के अभाव में मुक्ति संभव नहीं है वे विश्व के एक महान साधक हैं उनकी उत्कृष्ट साधना एवं तपस्या भगवान महावीर के समान मोक्ष मार्ग को प्रदर्शित करती है आचार्य श्री का आगमन बुंदेलखंड में तब हुआ जब यहां कभी कबार ही साधु बनने थे आचार्य श्री ने बुंदेलखंड से ऐसे हीरे निकले जो आज हमें अपनी चमक से चमत्कृत कर रहे हैं उनके जीवन से हमारे भाव शुद्ध होते हैं विशुद्ध बढ़ती है वीतरागता की ओर अग्रसर होते हैं गुरुदेव ने अपने व्यक्ति भाव के साथ अपने वैराग्य भावको भी कायम रखा है हमने आज के इस कली काल में भगवान को तो नहीं देखा किंतु उनके रूप में महावीर की झलक हमें दिखाई देती है।

# मतगणना के दिन यातायात व्यवस्था में किया बदलाव

**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार मतगणना 03 दिसम्बर 2023 को स्थानीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर दमोह में संपन्न होगी। इस सम्बंध में पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी ने बताया यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

**अधिकारी-कर्मचारियों के प्रवेश एवं पार्किगं व्यवस्था:** मतगणना कार्य मे लगे सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी जबलपुर नाका से किशन तलैया मोड़ से लेफ्ट टर्न लेकर गेट नं 01 के सामने रिक्त मैदान मे वाहन पार्क करेंगे एवं गेट नं 01 से प्रवेश करेंगे। जबलपुर नाका में प्रवेश पत्र (ड्यूटी कार्ड) दिखाने के उपरांत ही प्रवेश दिया जायेगा।

**राजनैतिक दल के प्रत्याशी मतगणना एजेंट आदि को प्रवेश एवं पार्किंग:** राजनैतिक दल के प्रत्याशी, मतगणना एजेन्ट आदि जबलपुर नाका से किशन तलैया सुखसागर ढाबा होते हुए फरेस्ट ऑफिस के बाजू से अंदर वन विभाग की रिक्त भूमि पर वाहन पार्क करेंगें एवं गेट नं 03 से पास दिखाने के उपरांत मतगणना स्थल हेतु प्रवेश करेंगें तथा पॉलिटेक्निक भवन में विधानसभा वार प्रवेश करेंगें। जबलपुर नाका में प्रवेश पत्र दिखाने के उपरांत ही प्रवेश दिया जायेगा।

फिक्स प्वाइंट एवं डायवर्सन प्वाइंट जबलपुर तरफजाने वाले सभी प्रकार की बस, लोडिंग वाहन बस स्टैंड चौराहे से किल्लाईनाका, सेंट्रल स्कूल वालाकोट वायपास, मारुताल बाइपास होते हुए जबलपुर तरफजा सकेंगे एवं इसी प्रकार जबलपुर तरफसे दमोह आ सकेंगे। सभी प्रकार के चार पहिया, तीन पहिया, दो पहिया वाहन जिन्हे जबलपुरनाका से मारुताल बाइपास तरफ जाना है, वह जबलपुरनाका से राइट टर्न लेकर पुलिस कंट्रोल रुम के बाजू से शिवनगर, आमचौपरा होते हुए बरपटी बायपास निकलेंगे।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मणकुटी में विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

**दमोह देशबन्धु।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रेणुका कंचन के निर्देशन में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय की उपस्थित में आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मणकुटी में नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं, नशा उन्मूलन, बच्चों के कानूनी अधिकार, गरीबी उन्मूलन एवं बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं विषय पर साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, विद्यालय के प्राचार्य आर.पी. पटैल एवं शिक्षकगण के साथ छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

# डिफाल्टर समितियां खरीदी केन्द्र नहीं बनेंगी : कलेक्टर

▶ जिला उपार्जन समिति की बैठक में केन्द्रों पर कृषकों के माकूल सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश




पन्ना, देशबन्धु। आगामी एक दिसम्बर से 19 जनवरी तक खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में निर्धारित उपार्जन केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर फसल उपार्जन के लिए सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। डिफाल्टर समितियों को खरीदी केन्द्र नही बनाया जाएगा। उपार्जन केन्द्रों पर फसल विक्रय के लिए पहुंचने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और केन्द्रों पर कृषकों के माकूल सभी व्यवस्थाए दुरूस्त रखें। कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने उक्ताशय के निर्देश बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खरीफ उपार्जन अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान एवं ज्वार उपार्जन कार्य की समीक्षा बैठक के अवसर पर दिए। इस दौरान जिला उपार्जन समिति के सदस्यों सहित जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, सहायक आयुक्त सहकारिता, जिला आपूर्ति अधिकारी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जिला प्रबंधक डब्ल्यूएलसी, मण्डी सचिव, मार्कफेड और कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि डिफाल्टर समितियों से राशि वसूली की कार्यवाही तत्परतापूर्वक करें। कलेक्टर ने कहा कि धान उपार्जन कार्य में पारदर्शिता के साथ कार्य करें। पंजीयन वाले ऑपरेटर्स को खरीदी कार्य में संलग्न न करें। साथ ही उपार्जन से संबंधित सभी कार्यवाहियां समय पर संपादित करना सुनिश्चित करें। अंर्तविभागीय समन्वय के जरिये खरीफ विपणन वर्ष में फसल उपार्जन संबंधी समस्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी को प्रत्येक खरीदी केन्द्र में कृषि, राजस्व, सहकारिता, खाद्य विभाग के मैदानी अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए कहा। नोडल अधिकारी द्वारा खरीदी केन्द्र में उपस्थित रहकर उपार्जन से संबंधित संपूर्ण नियंत्रण का कार्य किया जाएगा। इसी तरह सहायक आयुक्त सहकारिता और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के महाप्रबंधक को पोर्टल में पात्र समितियों की सार्टेज राशि तत्काल जमा कराकर खरीदी केन्द्र बनाने के लिए प्रस्ताव भेजने के लिए निर्देशित किया गया, जिससे किसानों की सुविधा और भौगोलिक दृष्टिकोण के दृष्टिगत वर्तमान में बनाए गए 26 खरीदी केन्द्रों के अलावा और अतिरिक्त खरीदी केन्द्र भी बनाए जा सकें। उन्होंने कहा कि उपार्जन के दौरान परिवहन आदेश जारी होने पर 48 घण्टे के अंदर खरीदी केन्द्रों से परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराया जाए। इसके अलावा नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक को विगत वर्षों में समिति द्वारा किए गए उपार्जन कार्य में कमीशन और प्रासंगिक व्यय राशि का मिलान कर दो दिवस में नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए।

**अंतर की राशि जमा करने पर बनाया गया है उपार्जन केन्द्र:** बैठक में शासन से जारी उपार्जन नीति अनुसार ई.उपार्जन पोर्टल में प्रदर्शित पात्र समितिया जिनका विगत दो उपार्जन वर्ष में उपार्जित मात्रा और जमा मात्रा का अंतर 5 प्रतिशत से कम होने पर अंतर की राशि जमा करने पर जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा उपरांत 26 खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें अजयगढ़ तहसील में स्थापित एक ज्वार का खरीदी केन्द्र भी शामिल है। इसके अलावा ई.उपार्जन पोर्टल में पात्र 42 समितियों के विरूद्ध 19 सहकारी समितियों की उपार्जित मात्रा सार्टेज की राशि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में जमा नहीं करने से उपार्जन का कार्य नहीं दिया गया है।

इनमें मोहन्द्रा समिति की 6 लाख 26 हजार, सिंगवारा की 2 लाख 75 हजार, कुंवरपुर की 5 लाख 23 हजार, सिमरिया की 7 लाख 12 हजार, बिरसिंहपुर की 5 लाख 23 हजार, मुड़वारी की 3 लाख 75 हजार, गौरा की 2 लाख 99 हजार, लक्ष्मीपुर की 1 लाख 76 हजार, बिरवाही की 2 लाख 94 हजार, ककरहटी की 7 लाख 11 हजार, देवेन्द्रनगर की 7 लाख 68 हजार, रैगढ़ की 7 लाख 92 हजार, राजापुर की 1 लाख 31 हजार, महेबा की 2 लाख 77 हजार, खोरा की 48 लाख 6 हजार, बनहरीकला की 2 लाख 40 हजार, मझगांय की 2 लाख 99 हजार, पटनातमोली की 6 लाख 22 हजार, गुनौर की 23 लाख 97 हजार की राशि शामिल है। सभी समितियों के प्रबंधकों को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पन्ना के महाप्रबंधक द्वारा नोटिस जारी कर अविलंब राशि जमा करने के लिए निर्देशित किया गया है, जिससे इन समितियों की राशि जमा होने पर इन्हें उपार्जन का कार्य दिया जा सके। इसी तरह विगत वर्षों में जिन समितियों द्वारा उपार्जन का कार्य किया गया है और उन समितियों की ज्यादा सार्टेज होने के कारण पोर्टल में अपात्र होने पर ऐसी समितियो को भी निर्देशित किया गया है कि सार्टेज की राशि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में जमा करें और सार्टेज राशि का 50 प्रतिशत राशि की एफडी नॉन ऑफिस में जमा करें। इस तरह ऐसी अपात्र समितियों के सार्टेज राशि के विरूद्ध डेढ़ गुना राशि जमा होने पर उपार्जन का कार्य दिया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि सभी खरीदी केन्द्रों में प्रतिदिन फसल उपार्जन का व्यवस्थित रिकार्ड रखा जाए। किसानों को समय पर भुगतान करें। उन्होंने कहा कि खरीदी शुरू होने पर प्रतिदिन की स्थिति से भी अवगत कराएं। प्रतिदिन परिवहन और उपार्जित स्कंध की जानकारी भी प्रस्तुत करें। बैठक में उपार्जन से संबंधित विभिन्न समस्याओं के निराकरण, डिफाल्टर समितियों से कड़ाई के साथ राशि वसूली और किसानों को असुविधा से बचाव के लिए सही मैपिंग के लिए भी निर्देशित किया गया।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न: फुटपाथ एवं हाथ ठेला पर व्यापार करने वालों पर होगी कार्यवाही

# बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज की बाउंड्री वॉल से हटेंगा अतिक्रमण: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** फुटपाथ एवं हाथ ठेला पर व्यापार करने वालों पर कड़ी कार्यवाही कर हटाया जाएगा। नगर निगम एवं पुलिस के संयुक्त दल द्वारा अतिक्रमण और डेयरी विस्थापन की कार्यवाही की जाएगी साथ ही बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज की बाउंड्री वॉल से भी अतिक्रमण हटाया जाएगा। उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक आर्य ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, नगर निगम कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला, लोक निर्माण विभाग के ईई हरिशंकर जायसवाल, ट्रैफिक डीएसपी अखिलेश तिवारी, जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मस्जिद के चारों तरफ फुटपाथ एवं हाथ ठेला पर व्यापार करने वाले व्यापारियों को हटाया जाएगा एवं सख्त कार्रवाई के साथ पुलिस कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि डेयरी विस्थापन की प्रक्रिया में जो डेयरी अभी विस्थापित नहीं हुई हैं उन्हें हटाने के लिए अब पुलिस कार्रवाई करेगी एवं अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम दल के साथ पुलिस दल भी साथ रहेगा। जो भी व्यापारी नगर निगम के द्वारा डाली जा रही लाल रंग की लाइन के बाहर व्यापार करते मिलेंगे उनके सामान को जप्तकर कार्यवाही की जाएगी। मेडिकल कॉलेज के सामने दुकान एवं नर्सिंग होम के द्वारा अवैध रूप से जो पार्किंग की जा रही है उनके वाहनों को जप्त किया जाएगा एवं संबंधित नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार दीनदयाल चौक से जिला चिकित्सालय की सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग करने वालों पर भी कार्यवाही की जाएगी साथ ही मस्जिद के चारों तरफ स्थाई रूप से रखे वाहनों को हटाने की कार्यवाही की जाएगी। लाखा बंजारा झील में बनाए गए कॉरीडोर में चकरा घाट से कॉरिडोर रोड पर पार्किंग व्यवस्था को भी तत्काल समाप्त किया जाएगा एवं पार्क किये गये वाहनों को जप्त किया जाएगा।



### गौर प्रतिमा पर जूते पहनकर माल्यार्पण मामले ने पकड़ा तूल

# डॉ. हरिसिंह गौर विवि के प्रशासनिक भवन के सामने छात्रों ने किया सद्बुद्धि यज्ञ



**सागर, देशबन्धु।** गौर जयंती पर डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता समेत विवि के अधिकारियों द्वारा जूते पहनकर डॉ. सर हरिसिंह गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। ईसी की बैठक में हंगामे के बाद परिषद के पदाधिकारियों ने बुधवार को यूनिवर्सिटी में सद्बुद्धि यज्ञ किया। वे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने जमा हुए। जहां गेट के सामने विश्वविद्यालय की कुलपति और अन्य अधिकारियों को सद्बुद्धि देने के उद्देश्य से पंडितों के मंत्रोच्चारण के साथ सद्बुद्धि यज्ञ किया गया। यज्ञ के बाद छात्रों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल भी तैनात रहा। दरअसल 26 नवंबर को डॉ. हरिसिंह गौर की 154 वीं जयंती पर तीनबत्ती स्थित गौर मूर्ति पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए थे। जहां उन्होंने जूते पहनकर डॉ. गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया था। मामला सामने आते ही विरोध शुरू हो गया। प्रदर्शन कर रहे परिषद के प्रांतीय सहमंत्री सावन सिंह ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय की कुलपति ने गौर जयंती के दिन गौर प्रतिमा पर जूते पहनकर माल्यार्पण किया था। उनको इसके लिए गौर साहब की मूर्ति के समक्ष जाकर माफी मांगनी चाहिए। यदि वे माफी नहीं मांगती हैं तो विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। आज सद्बुद्धि यज्ञ किया गया और गुरुवार से विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। मामले में विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. विवेक जायसवाल ने प्रबंधन का पक्ष रखा है। उन्होंने पत्र जारी कर लिखा है कि विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं पितृपुरुष डॉ. हरिसिंह गौर के प्रति विश्वविद्यालय परिवार की आस्था और सम्मान सदैव अक्षुण्ण है। गौर जयंती के अवसर पर आयोजन के दौरान हुई मानवीय त्रुटि से जाने अनजाने में यदि जन भावनाएं आहत हुई हैं तो उसके लिए कुलपति और प्रभारी कुलसचिव ने स्वयं एवं सभी विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इसके लिए हृदय से खेद व्यक्त किया है। साथ ही सभी संबंधितों से विश्वविद्यालय के अकादमिक वातावरण को समृद्ध बनाए रखने में पूर्व की भांति अपना रचनात्मक सहयोग देने की अपील की है।

# डकैती की योजना बनाते पुलिस ने 5 लोगों को किया हथियार समेत गिरफ्तार

### आरोपियों की निशानदेही पर नरसिंहपुर से चोरी ट्रैक्टर बरामद, मंदिर चोरी भी की स्वीकार



**मालथौन, देशबन्धु।** बुधवार को मालथौन पुलिस ने पांच लोगों को डकैती की योजना बनाते कार, हथियार समेत धर दबोचा। पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि राजमार्ग के झांसी तरफ जाने वाले मार्ग के किनारे नर्सरी के जंगल में वन विभाग की टपरिया के पीछे एक स्लेटी रंग की टाटा कंपनी की टियागो कार में सवार कुछ अज्ञात बाहरी व्यक्ति जो हथियार लिए हो सकते है जो डकैती डालने की योजना बना रहे है जो सभी टीमों की मदद से आरोपियो को पकडकर नाम, पता पूंछे जिन्होने अपने-अपने नाम रामकुमार पिता अशोक पचोरी उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम थाबरी थाना देवरी, अभिषेक पिता नंदकिशोर लोधी उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम खडेरा भान थाना सनौधा हाल सुभाष वार्ड देवरी, धर्मेन्द्र दुबे पिता भगवत शरण दुबे उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम तेंदुडाबर थाना केसली, अभि उर्फ अभिषेक पिता लखन यादव उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम ढेचुआ थाना केसली, राघवेंद्र पिता मुरलीधर विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम थाबरी थाना देवरी का होना बताया उक्त की स्थितियां संदिग्ध लगने पर हिकमत अमली व सख्ती से पूछताछ किये जाने पर सभी युवको द्वारा एक राय होकर कस्बा मालथोन में डकैती डालने की योजना बनाना स्वीकार किया आरोपियो के कब्जे से दो लोहे के बका, टाटा टियागो कार क्रमांक एमपी 15 जेडसी 2872, एक बेसबांल का डण्डा, एक 315 बोर का देशी कट्टा तथा दो 315 बोर के जिन्दा कारतूस, एक टार्च लाल रंग की जप्त की गई आरोपियो पर कोई वैध दस्तावेज न होने से आरोपियों का कृत्य धारा 399, 402 ता हि 25,27 आर्म्स एक्ट 25 बी आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय पाए जाने अपराध क्रमांक 471/23 धारा 399,402 ताहि. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों के अन्य अपराधों में समलित होने की आशंका पर और अधिक हिकमत अमली से पूंछताछ करने पर ग्राम बिलौनी थाना करेली जिला नरसिंहपुर से एक लाल रंग का आयशर ट्रैक्टर कीमती करीब 11 लाख रूपये का जप्त किया गया एवं थाना क्षेत्र में वर्ष 2022 में किला मंदिर में चोरी करना स्वीकार किया गया है। आरोपियों को पकडने की कार्यवाही में निरीक्षक योगेन्द्र सिंह दांगी, संतोष सिंह दांगी, धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सरबर खान, राजेश सिंह, लक्ष्मण प्रसाद, देवनारायण, जयसिंह जाट, रोहित यादव, गजेन्द्र, प्रदीप देसाई की भूमिका रही।

## क्लीन टॉयलेट कैंपेन अभियान अंतर्गत शौचालयो की सफाई अभियान प्रारंभ

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा क्लीन टॉयलेट कैंपेन अभियान के तहत नगर के शौचालयो की विशेष सफाई के साथ उनके संचालन और रखरखाव में सुधार के लिए अभियान प्रारंभ किया है और क्लीन टॉयलेट कैंपेन अभियान के अंतर्गत नियत किये गए मापदंडों के अनुसार आवश्यक कार्य प्रारंभ किए गए हैं, जिसमें प्राथमिकता के आधार पर सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की विशेष सफाई और आवश्यकता के अनुसार उनकी मरम्मत हेतु जरूरी कार्यों को चिन्हित करने का कार्य प्रमुख है, ताकि अभियान के माध्यम से सार्वजनिक स्वच्छता अधोसंरचनाओं में सुधार की दिशा में ओ-एंड-एम माडल को अपनाते हुए समग्र गुणवत्ता और मानकों में सकारात्मक बदलाव को उत्प्रेरित किया जा सके। जिसके अंतर्गत नगर में स्थित सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालय के भीतरी भागों में सफाई के साथ उनके बाहरी भागों की सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया है, साथ ही साथ आवश्यतानुसार शौचालय में मरम्मत हेतु इंजीनियरों को सुधार कार्यों को चिन्हित करने का कार्य सौपा गया है जिससे उनकी मरम्मत के साथ-साथ उनका सौंदर्यीकरण भी किया जा सके। इसी क्रम में भगवानगंज, महलवार देवी मंदिर के पास, तहसील परिसर में स्थित शौचालय के साथ-साथ अन्य नगर के शौचालयो की विशेष सफाई कराई गई और शौचालय का उपयोग करने वाले नागरिकों को शौचालय की व्यवस्थाओं को बनाए रखने और उनकी देखभाल करने में सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित भी किया गया।



## चांदी का रथ बनेगा दिगंबर जैन समाज का

**सागर, देशबन्धु।** आचार्य विद्यासागर के आशीर्वाद और सागर में विराजमान मुनि श्री अजित सागर, मुनि श्री निर्दोष सागर, मुनि श्री निर्लोभसागर, मुनि श्री निरुपम सागर एवं आर्यका दृढ़मति माताजी के ससंघ आशीर्वाद से सकल दिगंबर जैन समाज सागर के द्वारा एक चांदी का रथ का निर्माण कराया जा रहा है। मुनि सेवा समिति के सदस्य मुकेश जैन ढाना ने बताया कि 151 किलो चांदी के इस रथ निर्माण जन जन के द्वारा दी गई दान की चांदी से बनाया जाएगा अब तक लगभग 140 किलो चांदी की दान की घोषणाएं की गई है और लोगों ने पुरानी चांदी भी जमा करना शुरू कर दी है रथ बनने के बाद सागर शहर व जिले में जहां कहीं भी श्री जी की शोभायात्रा निकलेगी वहां पर ले जाया जाएगा चांदी देने वालों का जबरदस्त उत्साह रहा।

# आर्ट ऑफलिविंग का छह दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम शुरू



**सागर, देशबन्धु।** आर्ट ऑफ लिविंग का छह दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन मैजेस्टिक प्लाजा तिलकगंज में शुरू हुआ। वरिष्ठ शिक्षक कपिल मलैया ने बताया कि हैप्पीनेस प्रोग्राम के तहत लोगों को योग, ध्यान, सुदर्शन क्रिया के माध्यम से जीवन जीने की कला का व्यवहारिक ज्ञान सिखाया जा रहा है। रोग मुक्त शरीर, तनाव मुक्त मन, कंपन मुक्त श्वांस, हिंसा व नशा मुक्त समाज की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि गुरूदेव श्री श्री रविशंकर कहते हैं कि व्यक्ति को जीवन में खुश रहना यह उसके हाथ में है जैसे कि व्यक्ति की ऊंचाई प्रकृति के द्वारा निर्धारित होती है लेकिन उसकी हेल्थ व मोटापा उस व्यक्ति के खुद की दिनचर्या, खानपान, प्राणायाम, एक्सरसाइज आदि पर निर्भर करता है कि वह उसको कितना कम या ज्यादा कर सकता है। इस प्रोग्राम में राजेश जैन, कार्तिक एवं डॉ. मोना केशरवानी सहयोग कर रहे हैं।

# आसमान में बादल छाये, दिन के तापमान में आई गिरावट

**सागर, देशबन्धु।** वेदर सिस्टम एक्टिव होने से सागर के मौसम पर असर पड़ा है। पिछले दो दिनों से सागर के आसमान में बादल छाये हैं। हल्की बारिश हुई। जिसके बाद से वातावरण में ठंडक बढ़ी है। बुधवार सुबह से आसमान में बादल छाये रहे। वहीं वातावरण में धुंध रही। सुबह से हल्का कोहरा भी देखने को मिला। दोपहर के समय बादलों के बीच हवाये चलने से वातावरण में ठंडक रही। इस दौरान सागर का अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री और न्यूनतम पारा 15.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम में आये परिवर्तन के कारण पिछले 24 घंटों में दिन के तापमान में 3.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। ठंड का असर बढ़ने से लोग गर्म पकड़ा पहनकर बाजार में निकल रहे हैं। इसके साथ ही सर्दी के बढ़ते असर को देखते हुए जिला प्रशासन ने नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक की कक्षाओं के लगने के समय में बदलाव किया है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को हल्के बादल छाये रहेंगे। न्यूनतम तापमान में ज्यादा गिरावट की संभावना नहीं है। 29 नवंबर की रात से एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। इससे बारिश का दौर फिर से शुरू होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने बताया कि सिस्टम की एक्टिविटी के दौरान आकाशीय बिजली भी गिरने की संभावना है। इसलिए एडवाइजरी जारी की गई है कि लोग बादलों की गरज चमक के दौरान पेड़ों के नीचे खड़े न हो। पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखें।

# अभ्यर्थी व गणना अभिकर्ता का प्रवेश साढ़े छ: बजे से: कलेक्टर

### मतगणना के मापदण्डों से अवगत हुए अभ्यर्थी व गणना अभिकर्ता



**सागर, देशबन्धु।** अभ्यर्थी व गणना अभिकर्ता आयोग के निर्देशों का अक्षरश: पालन करते हुए मतगणना में सहयोग करें एवं अभ्यर्थी व गणना अभिकर्ता का प्रवेश साढ़े छ: बजे से होगा। उक्त विचार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने अभ्यार्थियों एवं गणना एजेंटो के प्रशिक्षण एवं परिचर्चा में व्यक्त किये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, संजीव उइके, सभी रिटर्निंग अधिकारी, वायपी सिंह सहित अन्य अधिकारी अभ्यर्थी एवं गणना एजेंट मौजूद थे। मतो की गणना कार्य रविवार तीन दिसम्बर को शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रात: आठ बजे से शुरू होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने अभ्यर्थी और उनके द्वारा नियुक्त किए जाने वाले गणना ऐजेन्टों के लिए पृथक से प्रशिक्षण आयोजित कर उन सबको निर्वाचन आयोग के गणना संबंधी दिशा निर्देशों से अवगत कराने हेतु जिले की आठ विधानसभा क्षेत्रों के अभ्यर्थियों एवं गणना अभिकर्ताओं की कार्यशाला आयोजित की गई। श्री आर्य ने कहा कि सभी अभ्यर्थी एवं उनके गणना एजेंट निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करें एवं मतगणना में सहयोग प्रदान करेंगे। सभी अभ्यर्थी एवं गणना एजेंट उनको प्रदान किए गए प्रवेश पत्र अपने गले में डालकर रखें और पुलिस की चेकिंग में सहयोग करेंगे। कोई भी अभ्यर्थी गणना एजेंट किसी भी प्रकार की कोई भी सामग्री जिसमें की घड़ी, मोबाइल, तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी, पान, कैलकुलेटर, पानी, नाश्ता सहित अन्य सामग्री लेकर प्रवेश न करें। यह सभी सामग्री पूर्णता प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने कहा कि मतगणना में संलग्न सभी अधिकारी कर्मचारी को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत प्रशिक्षण दिया गया है। सभी अधिकारी कर्मचारी आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ मत गणना का कार्य करेंगे, आप सभी उनका सहयोग करेंगे। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी प्रदान की। मास्टर ट्रेनर्स वायपी सिंह ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों को विस्तार से बताया एवं बताया कि सभी कार्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत होगें।


## बंसल हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न



**सागर, देशबन्धु।** बंसल हॉस्पिटल द्वारा 10वी बटालियन मकरोनिया में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें बंसल हॉस्पिटल सागर के डॉक्टरों द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस कर्मचारियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें सेनानी रसना ठाकुर के मार्ग दर्शन से स्वास्थ्य जागरूकता शिविर कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेनानी रसना ठाकुर, उप सेनानी मंजूलता यादव एवं सहायक सेनानी प्रतिष्ठा राठौर रहे। शिविर में बंसल हॉस्पिटल के डॉक्टर एवं स्टॉफ ने विशेष योगदान दिया।

### आचार्य पदारोहण दिवस मनाया

# जैन जगत के सिरमौर है, आचार्य विद्यासागर: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** संसार के सारे पद विनाशक है, आत्म पद को पाने का पुरुषार्थ करो। मनुष्य पद से नहीं, गुणो से महान होता है यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने आचार्य गुरुदेव विद्यासागर के 52 वें आचार्य पदारोहण दिवस पर कही, मुनि श्री ने कहा सांसारिक पद समय के साथ भूतपूर्व हो जाते हैं परंतु आचार्य पद कभी भी भूतपूर्व नहीं होता, वह तो अभूतपूर्व पद है। विश्व के सर्वश्रेष्ठ ज्येष्ठ आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जो अपने पद की गरिमा के साथ अपने दर्शन, ज्ञान, चारित्र से संपूर्ण सृष्टि को आलोकित कर रहे हैं। आज के दिन राजस्थान के नसीराबाद में आचार्य ज्ञानसागर ने मुनिश्री विद्यासागर को आचार्य पद पर आसीन किया था। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा जैन जगत के सिरमौर आचार्य हैं विद्यासागर जिनके चरणों में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री जैसे पदधारी नतमस्तक होते हैं। भगवान के बाद द्वितीय अद्वितीय पद की धारी है गुरुदेव। वर्तमान में सबसे ज्यादा दीक्षा प्रदाता गुरुदेव ने अभी कोई भी आचार्य नहीं बनाया जबकि उनसे दीक्षित मुनि श्री समय सागर, मुनि श्री सुधा सागर, मुनि श्री प्रमाण सागर आदि संतों की देश में अपूर्व प्रभावना है। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया की आचार्य श्री के 52 वे पदारोहण दिवस के अवसर पर श्रद्धालुओं ने बड़े ही भक्ति भाव से अष्ट द्रव्य सजाकर, सभी संस्थाओं ने समाज ने सामूहिक रूप से आचार्य श्री की पूजन की। मुनि संघ को शास्त्र भेंट किया गया। तत्पश्चात आचार्य श्री के प्रति संस्मरण भजन, कविता, विनयांजलि के लिए भक्तों का उत्साह बना रहा। कार्यक्रम में योगेश चंद जैन, विमल बिलानी, आलोक चौधरी, डीके जैन, संतोष स्टील सहित बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित हुई।

### काव्य संग्रह भारत के महापुरुष एवं देशभक्ति गीत का विमोचन

# साहित्य, संस्कृति रक्षा रचनाकार का उद्देश्य होना चाहिए: डॉ. शरद सिंह




**सागर, देशबन्धु।** प्रगतिशील लेखक संघ सागर इकाई द्वारा पुस्तक विमोचन समारोह सागर में आयोजित हुआ। प्रलेस के महासचिव एड. पेट्रिस फुसकेले द्वारा स्वागत भाषण के साथ ही मंचासीन अतिथियों, आयोजकों ने रचनाकार डॉ. महेन्द्र खरे द्वारा रचित काव्य संग्रह भारत के महापुरुष एवं देशभक्ति गीत का विमोचन किया। इसके उपरांत आयोजक संस्था एवं अतिथियों द्वारा रचनाकार डॉ. महेन्द्र खरे का शॉल श्रीफल सम्मान पत्र भेंट करते हुए सम्मान किया, डॉ. नलिन जैन ने रचनाकार डॉ. महेन्द्र खरे के अभिनंदन पत्र का वाचन किया। अपने लेखकीय वक्तव्य में डॉ. महेन्द्र खरे ने उपस्थित सभी का वंदन अभिनंदन करते हुए कहा कि इस काव्य संग्रह में भावी पीढ़ी को देश के क्रान्तिकारी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की देशभक्ति का परिचय मिलेगा। डॉ. खरे ने गुरुनानक देव एवं डॉ. हरीसिंह गौर पर केन्द्रित अपनी रचनाएं सुनाई। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने समीक्षात्मक वक्तव्य दिया साथ ही वरिष्ठ साहित्यकार समालोचक पीआर मलैया ने डॉ. महेन्द्र खरे के काव्य संग्रह पर अपने समीक्षा आलेख का वाचन करते हुए पुस्तक की सकारात्मक बातों के साथ ही नकारात्मक बातों का जिक्र भी किया पुस्तक में व्याकरण शैथिल्य एवं छन्द शैथिल्य पर दृष्टि डालते हुए उन्होंने कहा कि मेरे विचार से इसे मुद्रण पूर्व सुधार किया जाना था, लोक को समर्पित किसी भी रचना का सूक्ष्मावलोकन अवश्य होना चाहिए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ. शरद सिंह ने कहा कि हमें उन सभी लोगों को याद रखना चाहिये जिन्होंने देश के प्रति अपना अवदान दिया है। इस पुस्तक में सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें हमारे देश के सभी महापुरुषों पर केन्द्रित रचनाएं हैं, यही साहित्य का धर्म है और यही साहित्य की शक्ति है, एक एक व्यक्ति चाहे वह कोई भी हो साहित्य, संस्कृति रक्षा रचनाकार का उद्देश्य होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा डॉ. महेन्द्र खरे द्वारा लिखे गए ये गीत देश प्रेम को दर्शाते हैं, डॉ. खरे कायस्थ समाज के गौरव हैं, समाजोत्थान के कार्यों में डॉ. महेन्द्र खरे सदैव अग्रणी भूमिका निभाते हैं। गांधीवादी चिंतक शुकदेव प्रसाद तिवारी ने अपने उद्गार प्रकट किए, वरिष्ठ साहित्यकार समालोचक डॉ. सुरेश आचार्य द्वारा प्रेषित आलेख का वाचन लोकार्पण समारोह के संयोजक कवि मुकेश तिवारी ने किया। डॉ. सतीश पांडेय ने संचालन करते हुए अनेक नई-नई जानकारियां दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में टीकाराम त्रिपाठी ने डॉ. महेन्द्र खरे के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके साहित्यिक जगत की चर्चा करते हुए डॉ. महेन्द्र खरे द्वारा रचित काव्य संग्रह भारत के महापुरुष एवं देशभक्ति गीत की भूरि-भूरि प्रसंशा की। अंत में कायस्थ महासभा सागर के सक्रिय सदस्य गणेश प्रसाद श्रीवास्तव ने उपस्थित साहित्यानुरागियों और श्रोताओं सहित सभी का आभार ज्ञापित किया।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।